दैनिक

# सत्ता सुधार

जनता के साथ जनता की आवाज

सागर ■ बुधवार 16 अप्रैल 2025 ■ वर्ष -02 ■ अंक-168 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹04


**सुविचार**

जबतक भारत का राजकाज अपनी भाषा में नहीं चलेगा तबतक हम यह नहीं कह सकते कि देश में स्वराज है।
-मोरारजी देसाई

# जांच में बड़ा खुलासा: बंगाल में हुई हिंसा में बांग्लादेशी उपद्रवियों का हाथ!

### धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हालात, 48 घंटों में कोई नई हिंसक घटना नहीं

**एजेंसी ■ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में नए वक्फ कानून को लेकर लेकर भड़की हिंसा के मामले में गृह मंत्रालय को शुरुआती जांच की जानकारी दी गई है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, हिंसा में कुछ बांग्लादेशी उपद्रवियों की संलिप्तता के संकेत मिले है। हालांकि हिंसा के बाद जंगीपुर, धुलियान, सुती और शमशेरगंज जैसे संवेदनशील इलाकों में बीएसएफ, सीआरपीएफ, राज्य सशस्त्र पुलिस और आरएएफ के जवान तैनात किए गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि पिछले 48 घंटों में इन इलाकों में कोई नई हिंसा की घटना नहीं हुई है और स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। बता दें कि तनाव की खबरों के बीच बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी रवि गांधी ने भी प्रभावित इलाकों का दौरा किया और राज्य पुलिस के साथ मिलकर इलाके में गश्त बढ़ाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की रणनीति पर चर्चा की। अब तक इस हिंसा के सिलसिले में कुल 210 लोगों को





गिरफ्तार किया जा चुका है। हिंसा के बाद स्थिति की जानकारी देते हुए बंगाल पुलिस ने बताया कि अब दुकानें खुल रही हैं और हिंसा की वजह से घर छोड़कर गए लोग वापस लौटने लगे हैं। बता दें कि बीते सप्ताह के शुक्रवार और शनिवार को नए वक्फ कानून के विरोध में शुरू हुए प्रदर्शन हिंसक हो गए थे, जिनमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए।

### अफवाहों से बचने की अपील

वहीं मामले में जंगीपुर के टीएमसी सांसद खलीलुर रहमान ने बताया कि हालात सुधर रहे हैं और सरकार पीड़ितों की हर संभव मदद कर रही है। उन्होंने लोगों से अफवाहों से बचने और शांति बनाए रखने की अपील की। जिला प्रशासन अब उन लोगों की सूची बना रहा है, जिन्हें हिंसा में हुई संपत्ति की क्षति के लिए मुआवजा दिया जाएगा।

### भांगर में हालात सामान्य

इसी बीच, दक्षिण 24 परगना जिले के भांगर इलाके में भी वक्फ अधिनियम को लेकर सोमवार को हिंसा देखने को मिली। आईएसएफ के समर्थकों ने पुलिस के साथ झड़प की, जिसमें कई लोग घायल हो गए। कुछ पुलिस वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचा। गौरतलब है कि पुलिस ने आईएसएफ समर्थकों को उनके नेता और विधायक की रैली में शामिल होने से रोकने की कोशिश की, जिसके चलते ये झड़प हुई थी। हालांकि, अब भांगर में बसंती राजमार्ग पर यातायात सामान्य हो चुका है।

### वक्फ कानून मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नहीं: रिजिजू

कोच्चि। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को वक्फ अधिनियम में संशोधन करने के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अधिनियम में संशोधन मुस्लिम समुदाय को लक्षित करने के लिए नहीं किया गया है, बल्कि इसका उद्देश्य पिछली गलतियों में सुधार करना है। रिजिजू ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का इरादा साफ है। सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि भारत में किसी की जमीन को जबरन और एकतरफा छीनने का कोई प्रावधान न हो। रिजिजू ने आगे कहा कि वक्फ कानून में संशोधन इसलिए किया गया, क्योंकि इसके कुछ प्रावधानों ने वक्फ बोर्डों को अभूतपूर्व शक्ति और अधिकार दे दिए हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### पूर्व मंत्री खाचरियावास के घर ईडी का छापा

**जयपुर।** राजस्थान की राजनीति में हड़कंप मचाते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार सुबह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के जयपुर स्थित घर पर छापा मारा। यह कार्रवाई बहुचर्चित 2850 करोड़ रुपए के पीएसीएल घोटाले से जुड़ी बताई जा रही है। खाचरियावास पर आरोप है कि पीएसीएल घोटाले की रकम में से करीब 30 करोड़ रुपए की राशि उनके पास पहुंची थी। इसी सिलसिले में ईडी की टीमें उनके ठिकानों पर दस्तावेजों की जांच कर रही हैं।

### सैफ मामला: आरोपी से मैच नहीं हुए फिंगरप्रिंट के सैंपल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हुए हमले के मामले में चौंकाने वाला घटनाक्रम सामने आया है। सैफ के घर से बरामद फिंगरप्रिंट आरोपी शरीफुल इस्लाम से मेल नहीं खा रहे हैं। मुंबई पुलिस द्वारा दायर चार्टशीट के मुताबिक अधिकारियों ने फिंगरप्रिंट के 20 सैंपल लिए थे। जिसमें 20 में से 19 फिंगरप्रिंट शरीफुल इस्लाम से मेल नहीं खा रहे हैं। यह सभी फिंगरप्रिंट सैफ के घर से लिए गए थे, जो शरीफुल के नहीं हैं, लेकिन शरीफुल से मेल खाने वाला एक मात्र फिंगरप्रिंट इमारत की आठवीं मंजिल पर मिला है।

### बदमाशों ने किशोर को बेल्टों व लात घूसों से पीटा

**नई दिल्ली।** यूपी के हापुड़ में कुछ युवकों द्वारा सरेआम एक किशोर की बेल्टों व लात घूसों से पिटाई की गई। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में चार-पांच युवक दिनदहाड़े स्वर्ग आश्रम रोड स्थित एक जिम के पास एक किशोर को बेल्टों व लात घूसों से बुरी तरह पीट रहे हैं। आरोपी युवक वीडियो में बेबस किशोर से अपने पैर भी पकड़वाते हुए भी दिखाई पड़ रहे हैं। किशोर आरोपियों से पिटाई न करने की विनती भी कर रहा है। वीडियो एक सप्ताह पहले का बताया जा रहा है। सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि पीड़ित किशोर का पता लगाकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सोनिया व राहुल के खिलाफ दायर हुई चार्जशीट?

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकंजा कसते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपपत्र दायर किया है। जांच एजेंसी की ओर से दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया गया है। ईडी ने दोनों नेताओं को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया है। ईडी की ओर से दाखिल किए गए आरोप-पत्र पर राउज एवेन्यू कोर्ट में 25 अप्रैल को सुनवाई होगी। इस घटना को लेकर कांग्रेस के नेताओं ने रोष जताया है।

### प्रदेश में किसानों की बदलेगी किस्मत, कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसले

# मध्यप्रदेश किसान मिशन को मिली मंजूरी, सतना में बनेगा अस्पताल

### खेती के साथ पशुपालन व श्री अन्न उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मध्य प्रदेश में मंगलवार को कैबिनेट बैठक हुई। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में इस दौरान कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड से समझौता किया गया है। इसके तहत 50 प्रतिशत गांवों में दुग्ध उत्पादन समितियों का गठन कर दुग्ध संग्रहण को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं लाडली बहना योजना की राशि नहीं आएगी, लेकिन मैं स्पष्ट कह रहा हूं कि ऐसा बिल्कुल भी नहीं हैं। 10 अप्रैल की बजाय 16 अप्रैल को यह राशि लाडली बहनों के खाते में भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव इस दिन मंडला में सिंगल क्लिक के जरिए लाडली बहना की 23वीं किस्त जारी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक की जानकारी देते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि 'मध्य प्रदेश किसान मिशन' राज्य सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य किसानों की आय को बढ़ाना और कृषि को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि 2003 की तुलना में कृषि उत्पादकता में करीब 200 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और कृषि विकास दर 3 प्रतिशत से बढ़कर 9.8 प्रतिशत तक पहुंची है। इस मिशन के तहत किसान कल्याण, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, मछली पालन, सहकारिता, खाद्य नागरिक आपूर्ति समेत कई विभाग आपस में समन्वय कर किसानों के लिए योजनाएं लागू करेंगे। इन सभी विभागों को समाहित कर एक उच्च स्तरीय राज्य स्तरीय कमेटी गठित की गई है, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री करेंगे। इसके अतिरिक्त एक मुख्य सचिव स्तर की कमेटी और जिला स्तर पर समितियाँ भी बनाई जाएंगी, ताकि मिशन का सुचारु क्रियान्वयन हो सके।



### कैबिनेट में ये फैसले भी लिए गए

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बनाई जाएगी उच्च स्तरीय समिति। जिला स्तर पर भी बनेगी कमेटी।
- किसानों को खेती के शासक पशुपालन, उद्यानिकी आदि क्षेत्र में भी किया जाएगा प्रोत्साहित।
- खाद्य प्रसंस्करण को भी दिया जाएगा बढ़ावा।
- भोपाल के गांधी मेडिकल कालेज में पैट्रियोटिक डिपार्टमेंट प्रारंभ करने की स्वीकृति।
- सतना में अस्पताल बनेगा?
- बंद नहीं होगी लाडली बहन योजना
- अब हर माह 10 से 15 तारीख के बीच होगा राशि का अंतरण

### जैविक खेती को मिलेगा बढ़ावा

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देकर आदिवासी महिलाओं और सेल्फ हेल्प ग्रुप्स को आर्थिक लाभ पहुंचाया गया है। सरकार अब जैविक और सस्टेनेबल खेती को अपनाने की दिशा में कदम उठा रही है। साथ ही पारंपरिक खेती के संरक्षण पर भी जोर रहेगा।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर फोकस

मध्यप्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक गांव अब दुग्ध उत्पादन में सक्रिय हैं। नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से प्रदेश में दूध संग्रहण और उत्पादन की क्षमता को और बढ़ाया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि गोपालक और पशुपालक किसानों की आय दोगुनी हो।

### स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र को मजबूती

कैबिनेट में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, और न्यूरोपेडियाट्रिक्स विभाग के लिए 12 नए पद स्वीकृत किए गए हैं। यह कदम नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के लिए उठाया गया है। इसके बाद इसे चरणबद्ध तरीके से प्रदेश के दूसरे अस्पताल में बढ़ाया जाएगा।

### आज आएगी लाडली बहनों के खातों में राशि

बैठक में मंत्री ने लाडली बहना योजना को लेकर फैल रही भ्रांतियों पर भी स्पष्टता दी। उन्होंने कहा कि योजना बंद नहीं हो रही है। 16 अप्रैल को मुख्यमंत्री मोहन यादव मंडला से बहनों के खातों में राशि ट्रांसफर करेंगे।

### बिहार चुनाव: दिल्ली में राजद-कांग्रेस की बैठक

# सीट बंटवारे समेत कई मुद्दे पर हुई बात, 17 को फिर बैठक



**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को नई दिल्ली में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं के बीच बैठक हुई। सूत्र बता रहे हैं कि बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे समेत कई मुद्दे पर बातें हुई। हालांकि, कांग्रेस और राजद के नेताओं ने कुछ स्पष्ट नहीं कहा है। राष्ट्रीय जनता दल ने जानकारी देते हुए कहा कि आज नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, केसी वेणूगोपाल जी, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के साथ मुलाकात में महागठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की। राजद ने दावा किया कि जनता के असली सरोकारों को केंद्र में रखकर बिहार में बदलाव सुनिश्चित किया जायेगा। अब सिर्फ व्यापक परिवर्तन की ही बात होगी। वहीं तेजस्वी यादव ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव महागठबंधन मिलकर चुनाव लड़ेगी। जनता ने हमलोगों को अपना आशीष दे दिया है। तेजस्वी ने दावा किया कि इस बार एनडीए की सरकार नहीं बनने जा रही है। वहीं महागठबंधन में मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा? इस सवाल पर तेजस्वी यादव ने कुछ नहीं कहा। तेजस्वी याव ने कहा कि 17 अप्रैल को पटना में बैठक होगी। इसके बाद सारी बातें स्पष्ट हो जाएंगी।

### इस बार बिहार में बदलाव निश्चित है: खड़गे

बैठक के बाद खड़गे ने कहा कि इस बार बिहार में बदलाव निश्चित है। आज हमने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाक़ात कर, महागठबंधन की मजबूती पर चर्चा की। आने वाले चुनाव में बिहार की जनता को हम एक सशक्त, सकारात्मक, न्यायप्रिय व कल्याणकारी विकल्प देंगे। भाजपा और उसके अवसरवादी ठगबंधन से बिहार को मुक्ति मिलेगी। युवा, किसान–मज़दूर, महिलाएं, समाज के पिछड़े, अति पिछड़े व अन्य सभी वर्ग के लोग महागठबंधन की सरकार चाहते हैं।

# थोक के बाद खुदरा महंगाई दर में कमी छह साल के निचले स्तर पहुंची

### फरवरी के 3.61 प्रतिशत की तुलना में मार्च में 3.34 प्रतिशत घटी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी के 3.61 प्रतिशत की तुलना में मार्च में मामूली रूप से घटकर 3.34 प्रतिशत रह गई। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि की गई है। सब्जियों और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी के कारण खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.34 प्रतिशत पर आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति फरवरी में 3.61



प्रतिशत और पिछले वर्ष मार्च में 4.85 प्रतिशत थी। मार्च 2025 में खुदरा महंगाई की दर अगस्त 2019 के बाद सबसे कम रही। उस समय यह 3.28 प्रतिशत थी। मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति 2.69 प्रतिशत थी, जबकि फरवरी में यह 3.75 प्रतिशत और मार्च 2024 में 8.52 प्रतिशत थी।

पिछले हफ्ते, रिजर्व बैंक ने महंगाई में आ रही कमी को देखते हुए प्रमुख अल्पकालिक उधार दर यानी रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती का एलान किया था। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर 4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। पहली तिमाही में महंगाई दर 3.6 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 3.9 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 3.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# जमीन सौदे मामले में वाड्रा से ईडी ने की पूछताछ

### बाहर आकर बोले- यह राजनीतिक प्रतिशोध, मैं डरने वाला नहीं

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को हरियाणा भूमि सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में काराबारी और वायनाड से कांग्रेस प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ की। हालांकि, वाड्रा ने एजेंसी के समन राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान पहले भी ईडी के साथ घंटों बिताए हैं, हजारों पेज साझा किए हैं, लेकिन फिर भी एजेंसी उनके खिलाफ मामले उठा रही है। मैं न ही किसी दबाव में आने वाला हूं और न ही किसी से डरने वाला हूं। 56 साल के रॉबर्ट वाड्रा मध्य दिल्ली के सुजान सिंह पार्क स्थित अपने आवास से एपीजे अब्दुल



कलाम रोड पर स्थित ईडी मुख्यालय तक दो किलोमीटर पैदल गए। ईडी कार्यालय के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने आरोप लगाया, यह कुछ और नहीं बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध है। जब भी मैं अल्पसंख्यकों के लिए बोलता हूं तो वे मुझे रोकने की कोशिश करते हैं, हमें कुचलने की कोशिश करते हैं। उन्होंने संसद में राहुल गांधी को भी रोकने की कोशिश की। यह एजेंसियों का दुरुपयोग है और यह राजनीतिक प्रतिशोध है। मैं पहले की तरह उनके साथ सहयोग करूंगा। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने रॉबर्ट वाड्रा को जमीन सौदा मामले में दूसरी बार तलब किया था। समन के तहत वे मंगलवार सुबह ईडी दफ्तर पहुंचे थे। पहले ईडी ने उन्हें समन कर 8 अप्रैल को पेश होने को कहा था। हालांकि, तब वे पेश नहीं हो पाए थे। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत वाड्रा का बयान दर्ज किया। इससे पहले संघीय जांच एजेंसी ने एक अन्य धन शोधन मामले में वाड्रा से पूछताछ की थी।

### निर्णय | अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ वॉर पर चीन का एक और पलटवार

# बोइंग विमान और कलपुर्जों की खरीद पर लगाई रोक

**एजेंसी ■ बीजिंग**

अमेरिका के साथ बढ़ते व्यापारिक तनाव के बीच चीन ने अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग से विमानों की डिलीवरी लेने पर रोक लगा दी है। चीन ने अपनी एयरलाइनों को निर्देश दिया है कि वे अब बोइंग कंपनी से नए विमान न लें और न ही अमेरिका से विमान संबंधी उपकरण या कलपुर्जे खरीदें। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन से आयात होने वाले सामानों पर 145 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने के फैसले के बाद उठाया गया है। इसके जवाब में चीन




ने भी अमेरिकी उत्पादों पर 125 प्रतिशत का जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। नए शुल्कों के चलते अमेरिका से आयात होने वाले विमान और उनके कलपुर्जों की लागत दोगुनी से भी अधिक हो गई है, जिससे चीनी एयरलाइनों के लिए बोइंग विमान लेना मुश्किल हो गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन अब उन एयरलाइनों की मदद के उपाय खोज रहा है जिन्होंने बोइंग विमान लीज पर लिए हैं और जो अब इन पर अधिक खर्च का सामना कर रही हैं। यह स्थिति बोइंग के लिए गंभीर चुनौती बन गई है, खासकर उस समय जब चीन वैश्विक विमान बाजार का एक बड़ा हिस्सा बन चुका है। अनुमान है कि आने वाले 20 वर्षों में चीन वैश्विक विमान मांग का 20 प्रतिशत हिस्सा रखेगा। वर्ष 2018 में बोइंग द्वारा बेचे गए कुल विमानों में से करीब 25 प्रतिशत चीन को भेजे गए थे। हाल के वर्षों में अमेरिका-चीन के बीच व्यापारिक तनाव और बोइंग के आंतरिक गुणवत्ता संबंधी मुद्दों के चलते चीन ने बोइंग से कोई बड़ा नया ऑर्डर नहीं दिया है।

### एयरबस एसई की ओर चीन का झुकाव

ट्रंप और बाइडेन, दोनों प्रशासन के दौरान व्यापारिक मतभेदों ने चीन को यूरोपीय विमान निर्माता कंपनी एयरबस एसई की ओर झुकाव बढ़ाने को मजबूर किया है। इसके अलावा 2024 की शुरुआत में बोइंग को एक और झटका लगा जब जनवरी में उड़ान के दौरान एक विमान का दरवाजे का हिस्सा उड़ गया, जिससे कंपनी की गुणवत्ता पर फिर सवाल खड़े हो गए।

# साइबर सेल के ऑफिस पहुंचे समय रैना और अल्लाहबादिया

### आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में दर्ज कराए बयान

**एजेंसी ■ मुंबई**

यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया और समय रैना मंगलवार को इंडियाज गॉट लैटेंट शो आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में महाराष्ट्र साइबर पुलिस के सामने पेश हुए। दोनों पूछताछ के सिलसिले में पहुंचे। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने अल्लाहबादिया और रैना के खिलाफ तीन समन जारी कर उन्हें मुंबई में जांच अधिकारी के समक्ष



पेश होने को कहा था। अधिकारी के मुताबिक महाराष्ट्र साइबर पुलिस द्वारा तलब किए जाने के बाद रणवीर अल्लाहबादिया और समय रैना दक्षिण मुंबई के कफ परेड क्षेत्र में स्थित महाराष्ट्र साइबर कार्यालय पहुंचे। पिछले सप्ताह अल्लाहबादिया अपना बयान दर्ज कराने के लिए उपस्थित नहीं हुए थे। महाराष्ट्र साइबर एक साइबर और सूचना सुरक्षा प्रभाग है।

## ब्रीफ न्यूज

### रसना ठाकुर बनी मानव अधिकार आयोग में की एसपी

**भोपाल।** राज्य शासन ने सोमवार को जारी आदेश के अनुसार 2012 बैच की आईपीएस अधिकारी रसना ठाकुर को वर्तमान पद से अस्थाई रूप से स्थानांतरित कर मानव अधिकार आयोग, मध्यप्रदेश में पुलिस अधीक्षक पद पर पदस्थ किया गया है। ठाकुर वर्तमान में सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) के रूप में पुलिस मुख्यालय भोपाल में कार्यरत थीं। नवीन पदस्थापना में उनका कार्यभार सामान्य प्रशासन विभाग को सौंपा गया है। यह आदेश राज्यपाल के नाम से तथा अवर सचिव अन्नू भलावी के हस्ताक्षर से जारी किया गया।

### मुख्यमंत्री ने जेके जैन के निधन पर किया दुःख व्यक्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के मध्यप्रदेश कैडर के सेवानिवृत्त अधिकारी जेके जैन के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री जैन अपने सेवाकाल में कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहे। उनके असामयिक निधन से प्रदेश और समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। सीएम ने बाबा महाकाल से पुण्यात्मा को शांति और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### श्रमिकों का कल्याण प्रशासनिक नहीं, नैतिक उत्तरदायित्व

**भोपाल।** श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि मंडल की बैठकों में श्रम कल्याण के विषय पर विस्तारसे चर्चा की जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में श्रम कल्याण योजनाएं एवं श्रम कानूनों में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं के बारे में बोर्ड में चर्चा की जाए। उन्होंने कहा कि संबल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की विसंगतियों को दूर करें। मंत्री पटेल मंगलवार को मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मण्डल के संचालक मण्डल की 62वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। श्रम कल्याण से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि श्रमिकों का कल्याण केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, नैतिक उत्तरदायित्व भी है। हमारी सरकार हर श्रमिक के सम्मान, अधिकार और भविष्य की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले शत-प्रतिशत श्रमिकों को सर्वप्रथम इलेक्ट्रिक वाहन का वितरण किया जाना सुनिश्चित करें।

### जनता में खुशहाली लाने के लिए बनाए जाएं आनंद ग्राम

**भोपाल।** राज्य आनंद संस्थान के निदेशक श्री प्रवीण कुमार गंगराड़े ने कहा कि लोगों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए ग्राम स्तर पर अधिक से अधिक आनंद ग्राम स्थापित किए जाएं। उन्होंने यह बात खरगोन में आयोजित आनंद क्लब सदस्यों, आनंदम सहयोगियों एवं आनंदकों की समीक्षा बैठक में कही। निदेशक गंगराड़े ने कहा कि खरगोन जिले में आनंद विभाग की गतिविधियां सराहनीय हैं, लेकिन अभी और संभावनाएं हैं। उन्होंने स्वयं आनंदित रहते हुए दूसरों को भी आनंद संस्थान से जोड़ने की अपील की।

---

#### मंत्रालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# समस्त अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने सरकार प्रतिबद्ध

सत्ता सुधार ■ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में ग्वालियर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण योजना की गहन समीक्षा की उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जल संसाधन मंत्री एवं ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने जय आरोग्य अस्पताल, ग्वालियर में सीटीवीएस विभाग के आवश्यक पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव तैयार करने और अस्पताल भवन के उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों को शीघ्रता एवं प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में ग्वालियर क्षेत्र के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के अधोसंरचना विकास, मैन पॉवर, उपकरण उपलब्धता की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर आवश्यक व्यवस्थाओं के उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए।

शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार समस्त अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बाहर न जाना पड़े। इसके लिए आवश्यक अधोसंरचना विकास, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और चिकित्सकीय स्टॉफ की पर्याप्त नियुक्ति सुनिश्चित की जा रही है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत सांवेर विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य संस्थानों के उन्नयन के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त तरुण राठी, तथा संचालक नीरज कुमार सिंह उपस्थित रहे।



### टेलीमेडिसिन सेवाओं का किया जाए प्रभावी उपयोग

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा उनके निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर ही उपलब्ध कराने के लिए उप स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टेलीमेडिसिन सेवाओं का प्रभावी उपयोग किया जाए। जिससे दूरदराज क्षेत्रों में विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा सुलभ हो सके। शुक्ल ने मंत्रालय में विभिन्न विभागीय विषयों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। शुक्ल ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों की वृहद समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किए जाएं, इससे स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार शीघ्र संभव हो।

---

# देशहित में काम करने वाले मजदूरों को मिलेगा पूरा हक

**वनवासी मजदूर भाई-बहनों की समस्याओं का करेंगे समाधान**

**प्रदेश में निवेश करने वाले उद्योगपति परिसर में मजदूरों के लिए बनाए घर**

#### मुख्यमंत्री ने किया अखिल भारतीय वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के 7वें अधिवेशन का शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अखिल भारतीय वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के 7वें अधिवेशन के शुभारंभ सत्र में सम्बोधित करते हुए कहा कि मजदूर भाई-बहनों की सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए भोपाल में विभागों से समन्वय कर काम किया जाएगा। वनवासी भाई-बहनों तथा सभी वर्ग की बेहतरी के लिए कार्य करने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। सरकार ने इंदौर की हुकुमचंद मिल के 4800 मजदूर भाई-बहनों के 224 करोड़ रुपए का बकाया भुगतान करवा दिया है। रतलाम की सज्जन मिल के मजदूरों का बकाया भुगतान भी शीघ्र करवा दिया जाएगा। सरकार की ओर से औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसर तलाशने के लिए औद्योगिक निवेश के लिए संभागीय स्तर पर रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर उद्योगपतियों के साथ अनुबंध किए गये हैं। भोपाल में 9वीं ग्लोबल



इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की गई। इसमें पीएम नरेन्द्र मोदी एवं गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर तलाशने के कार्य किए गए हैं। प्रदेश में रोजगारमूलक उद्यम स्थापित करने वाले उद्योगपतियों को जमीन आवंटन, विद्युत बिल में छूट देते हुए 70 प्रतिशत तक सरकार द्वारा सबसिडी दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के हित में करेंगे काम, और काम के लेंगे पूरे दाम, यह भारतीय मजदूर संघ का नारा है। सरकार की ओर से देशहित में काम करने वाले मजदूरों को उनका पूरा हक दिया जाएगा। वस्त्र उद्योग में कार्य करने वाले श्रमिकों को प्रति मजदूर 5 हजार रुपए प्रति माह अनुग्रह राशि देने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अलीराजपुर क्षेत्र के मजदूर भाई-बहन काम की तलाश में गुजरात राज्य की सूरत स्थित हीरा फैक्ट्री में कार्य पर जाते हैं, इसके लिए अब अलीराजपुर में ही हीरा फैक्ट्री के माध्यम से रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। गंभीर बीमारी के समय गरीबों/मजदूरों के उपचार के लिये एयर एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से अन्यत्र भेजने की व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है। गरीबों के उपचार के लिये प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना में निजी चिकित्सालयों में भी उपचार की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार और झाबुआ जिले में भी मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे, जिससे वनवासी जिलों में पढ़ाई एवं उपचार की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो सके। सरकार द्वारा गरीब महिला, किसान, युवा सभी वर्गों के लिए प्राथमिकता से काम किया जा रहा है। मजदूर भाई-बहनों के कल्याण के लिए संबल योजना संचालित है। संबल योजना अन्तर्गत सभी मजदूर भाई-बहन अपना पंजीयन अनिवार्य रुप से करवाएं। योजना में स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास आदि योजनाओं में लाभान्वित किया जा रहा है। परिवार के सदस्य की आकस्मिक मृत्यु होने पर परिवार के संबल के लिए अनुग्रह राशि दिए जाने का भी प्रावधान किया गया है। डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की स्थिति बेहतर करने के लिए हर किसान के खेत पर पानी पहुंचाना, बिजली के संसाधन पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। किसानों को मोटा अनाज (श्री अन्न) उत्पादन के लिए प्रेरित करने के लिये रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत कोदो, कुटकी, मक्का तथा मोटे अनाज उत्पादन करने वाले कृषको को एक हजार रुपए प्रति क्विंटल का अनुदान दिया जाएगा। डॉ. अम्बेडकर जयन्ती के अवसर से सरकार द्वारा गोपालकों से सहकारिता समितियों के माध्यम से दूध खरीदने की व्यवस्था के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना प्रारम्भ की जा रही है। पशुपालन अन्तर्गत दुग्ध उत्पादन के लिए सहकारिता आधारित कार्य किया जा रहा है।

---

## वन संरक्षण और जलवायु-समर्थ आजीविका' पर कार्यशाला 18 को

#### सीएम व केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री करेंगे शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ भोपाल





मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय-आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 18 अप्रैल से नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। केन्द्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव सत्र में मुख्य वक्तव्य देंगे। प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह स्वागत उद्बोधन देंगे। दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की रूपरेखा डॉ. राहुल मूंगीकर प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय और प्राकृतिक संरक्षण पर केंद्रित ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति भी दी जाएगी। राष्ट्रीय कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में वन संरक्षण की वर्तमान कानूनी व्यवस्थाएं, उनकी सीमाएं और समाधान, जैव विविधता संशोधन अधिनियम-2023, सामुदायिक वन अधिकार, पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और वन पुनर्स्थापन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। बैंगलुरू से आ रहे प्रो. रमेश विशेषज्ञ वक्तव्य भी देंगे। कार्यशाला में डॉ. योगेश गोखले, डॉ. राजेन्द्र दहातोंडे आदि वक्ता विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल राष्ट्रीय कार्य शाला के समापन-सत्र में मुख्य अतिथि होंगे। पूर्व राष्ट्रीय जनजातीय आयोग अध्यक्ष हर्ष चौहान समापन वक्तव्य देंगे। कार्यशाला में वनीकरण, जलवायु संवेदनशीलता और वनवासी समुदायों की समावेशी भागीदारी पर केन्द्रित डॉक्युमेंट्री फिल्मों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। पीएम मोदी के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण में वनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह कार्यशाला वनों, जैव विविधता, प्राकृतिक संसाधनों और जनजातीय आजीविका को केंद्र में रखते हुए एक सतत और न्यायसंगत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

---

# न्यूनतम शुल्क में ज्यादा उपचार सुविधाएं देना मानवता की है सच्ची सेवा

#### मुख्यमंत्री ने जीवन मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल का वर्चुअली लोकार्पण

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नर की सेवा से ही नारायण मिलते हैं। गरीबों की सेवा ही ईश्वर की आराधना है। न्यूनतम शुल्क में अधिकतम उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने की मंशा से हॉस्पिटल का निर्माण मानवता की सच्ची सेवा की ओर बढ़ाया गया एक सराहनीय कदम है। हॉस्पिटल संचालक बधाई और साधुवाद के पात्र हैं कि उन्होंने यह पुनीत कार्य शुरू किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय से एक निजी अस्पताल के शुभारंभ कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लांबाखेड़ा स्थित जीवन मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर का वर्चुअली लोकार्पण कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल संचालक डॉ. अनिल



मीणा ने अपने पिताजी स्व. श्री जीवन सिंह मीणा की स्मृति में 100 बिस्तरीय अस्पताल का निर्माण कर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य उपचार की निकटतम सुविधा प्रदान की है। यह अस्पताल लांबाखेड़ा और आसपास के 100 गावों के लिए एक महत्वपूर्ण चिकित्सा केंद्र होगा, जहां एक ही छत के नीचे मरीजों को सभी प्रकार की इमरजेंसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण और गरीब जनता को न्यूनतम शुल्क में इलाज की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हॉस्पिटल संचालक और उनके पूरे परिवार को बधाई देते हुए कहा कि डॉ. मीणा ने अपने स्व. पिता के सपने को साकार कर दिया।

इस हॉस्पिटल में सभी प्रकार के बड़े आपरेशन की सुविधा, पेट से संबंधित रोग, प्लास्टिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, सभी प्रकार के कैंसर रोगों का इलाज, पथरी, हड्डी रोग का इलाज किया जाएगा।

### मप्र कृषक कल्याण मिशन की होगी शुरूआत

**भोपाल।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि प्रदेश के किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन की शुरूआत करेगी। इसके लिये रूपरेखा तैयार कर ली गयी है। मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक में मिशन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह मिशन किसानों और उनके परिवार के सदस्यों को सशक्त बनाएगा। इससे पहले राज्य सरकार युवा, नारी शक्ति और गरीब कल्याण मिशन घोषित कर चुकी है। मिशन की साधारण सभा के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। मिशन क्रियान्वयन की कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष मुख्य सचिव रहेंगे। मिशन क्रियान्वयन जिला स्तर पर कलेक्टर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उक्त वर्गों के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कृषक कल्याण मिशन में किसानों के कल्याण के लिए किए जाने वाले सभी कामों को एक प्लेटफॉर्म दिया जाएगा, जिसके माध्यम से राज्य सरकार आगे बढ़ेगी।

## मुख्यमंत्री को प्रदान किया बेस्ट स्टेट फॉर प्रमोशन ऑफ स्पोर्ट्स अवार्ड



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को एसीईएस अवार्ड-2025 के अंतर्गत बेस्ट स्टेट फॉर प्रमोशन ऑफ स्पोर्ट्स का अवार्ड प्रदान किया गया। खेल पत्रिका स्पोर्ट्स स्टार की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को यह पुरस्कार पत्रिका के संपादक वीवी राजशेखर राव और नेशनल हेड श्री सतीश मेंडन ने समत्व भवन में प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेलों को प्रोत्साहन के लिए ग्राम से लेकर राज्य स्तर तक प्रयास किए जा रहे हैं। सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक स्टेडियम स्थापित करने के लिए कार्य जारी है। महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों में स्पोर्ट्स टीचर्स को महत्वपूर्ण दायित्व देने की प्रक्रिया भी आरंभ की गई है। राजशेखर राव ने बताया कि प्रदेश में खेल प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध कराई गई अधोसंरचना, प्रशिक्षण व्यवस्था और परम्परागत खेलों को प्रोत्साहन के लिए राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों तथा आवश्यकता के अनुरूप खेल नीतियों को क्रियान्वित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से ही प्रदेश को ओलम्पिक, पैरा ओलम्पिक, एशियन गेम्स और राष्ट्रीय खेलों में अनेक उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं।

---

**सियासत** | मुरैना में युवक की हत्या मामले में सियासत गरमाई, कांग्रेस ने साधा निशाना

# भाजपा सरकार में दलित सुरक्षित नहीं, देशभर में बढ़े दलितों पर अत्याचार

सत्ता सुधार ■ भोपाल

एमपी के मुरैना में अंबेडकर जयंती की रैली के दौरान डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या के मामले सियासत शुरू हो गई है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और पूर्व सीएम कमलनाथ ने घटना को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। जीतू पटवारी ने मृतक दलित संजय के पिता चिम्बन सिंह से वीडियो कॉल पर बात की। पटवारी ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे भाजपा सरकार की दलित विरोधी मानसिकता का जीता-जागता प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा कि





यह कोई अकेली घटना नहीं है, बल्कि भाजपा शासन में दलितों पर हो रहे सिलसिलेवार अत्याचारों की खतरनाक प्रवृत्ति का हिस्सा है।

कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि मुरैना के हिंगोना खुर्द गांव में कल रात अम्बेडकर जयंती के जुलूस पर फायरिंग की गई और दलित समाज के एक युवक संजय पिप्पल की मृत्यु हो गई और एक युवक घायल हो गया। यह घटना एक बार फिर बताती है कि भाजपा की सरकार में दलित सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा की सरकार में बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती पर दलित प्रसन्नतापूर्वक जुलूस भी नहीं निकाल सकते हैं। कमलनाथ ने आगे लिखा कि भाजपा की मानसिकता दलित विरोधी है और दलितों पर अत्याचार करने वालों को भाजपा प्रश्रय देती है। इसी दिन महू के बेटमा में एक दलित दूल्हे की बारात को मंदिर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। यह सब घटनाएं बता रही हैं कि भाजपा बाबा साहेब के बनाए संविधान के अनुसार सरकार चलाना नहीं चाहती और दलित समाज का उत्पीड़न करना चाहती है। पटवारी ने अपने आरोपों का आधार बनाने के लिए केंद्र सरकार के आधिकारिक आंकड़ों का भी उल्लेख किया और कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट (2022) के अनुसार राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र, ये पांच राज्य, जहां भाजपा या उसके सहयोगी दल सत्ता में रहे, सबसे अधिक अपराध दर्ज हुए। मध्यप्रदेश दलितों के खिलाफ अत्याचार में तीसरे नंबर पर है। वर्ष 2022 में एससी समुदाय पर अत्याचार के 3,876 मामले दर्ज किए गए। एससी समुदाय के खिलाफ अपराधों में 4.2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

**ये हैं कुछ घटनाएं**

2021 में मध्यप्रदेश के सागर जिले में एक दलित युवक रोहित की हत्या सिर्फ इस वजह से कर दी गई थी कि उसने ऊंची जाति के लोगों के सामने बैठने की हिम्मत की। 2023 में छतरपुर जिले में एक दलित छात्र को स्कूल में पीटा गया क्योंकि उसने 'ऊंची जाति' के छात्रों के साथ भोजन कर लिया था। राजस्थान में कांग्रेस के दलित नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के मंदिर जाने के बाद भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा द्वारा मंदिर को शुद्ध करने की घटना ने भी भाजपा की दलित विरोधी सोच को उजागर किया।

---

## आपदा राहत के नाम पर कितनी राशि खर्च की, कितनी सरेंडर

**आयुक्त ने विभागाध्यक्षों ये मांगा हिसाब**

**भोपाल।** प्रदेश में ओलावृष्टि, बाढ़, अकाल और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति से निपटने के लिए आठ विभागों की खर्च की गई राशि का ब्योरा राहत आयुक्त ने मांगा है। उन्होंने यह जानकारी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों और विभागाध्यक्षों से तलब की है। साथ ही यह भी पूछा गया है कि उन्हें आवंटित की गई राशि में से कितनी राशि खर्च नहीं हो सकी और सरेंडर की गई है। राहत आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि हर योजना में खर्च की गई राशि का अलग-अलग विवरण दिया जाए।यह पत्र राहत आयुक्त कार्यालय के संयुक्त संचालक द्वारा जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि में संबंधित विभागों को राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा कितनी राशि ट्रांसफर की गई, इस राशि में से कितनी राशि का उपयोग कार्यों में किया गया और कितनी राशि सरेंडर की गई, इसकी जानकारी दी जाए। प्रत्येक योजना के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने को कहा गया है। आयुक्त कार्यालय द्वारा मिटिगेशन फंड, आपदा से बचाव की तैयारी और कैपेसिटी बिल्डिंग जैसे कार्यों के लिए उपयोग की जा सकती है।

## ब्रीफ न्यूज

### खिमलासा क्षेत्र में दो विद्युत पोलो से 1300 मीटर तार चोरी

**खुरई (सागर)।** खिमलासा थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरो ने दो 1300 मीटर विद्युत तार काट कर चोरी कर ले गए। फरियादी लाइनमेन देवेश पिता परसराम तिवारी उम्र 35 साल निवासी भुगावली ने शिकायत दर्ज कराई है कि मुझे सूचना मिली थी कि अज्ञात चोरो ने दो विद्युत पोलो के तार काट लिए। मौके पर अभिशेक और नरेश को भेजा। जहां पता चला कि खिमलासा फीडर के बसाहारी से मालासुनेटी की ओर जाने वाले 33केव्ही विद्युत पोल के 10 नंबर से 800 मीटर और 6 नंबर पोल से 500 मीटर तार गायब है। चोरो द्वारा तीन तार की विद्युत लाइन चोरी कर ली।पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर की खिलाफ मामला दर्ज कर किया।

### कलेक्टर की निर्देश पर उपार्जन केंद्र का लगातार किया जा रहा है निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित समस्त एसडीएम, तहसीलदार के द्वारा समस्त खरीदी उपार्जन केन्द्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और किसान भाइयों से चर्चा की जा रही है।कलेक्टर संदीप जी आर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उपार्जन के दौरान किसान भाइयों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए उपार्जन केन्द्र पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें और लगातार निरीक्षण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी केंद्र पर वारदानें की कमी नहीं होना चाहिए और लगातार वारदानें में उपार्जित उपज को पैक कर परिवहन किया जाए और किसान भाइयों को समय पर भुगतान भी हो। कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि समस्त उपार्जन केन्द्रों पर तौल कांटे का निरीक्षण करें और सभी केन्द्रों पर कम से कम कर तौल कांटे उपलब्ध हों। उपार्जन केन्द्रों पर शुद्ध पेयजल एवं धूप से बचने के लिए छांव की व्यवस्था भी रहे। इसी परिपेक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सागर विवेक के वी द्वारा जैसीनगर मंडी में संचालित (3 केंद्र) प्राथमिक कृषि साख समिति हड़ा कंडेला, वैष्णवी स्व सहायता समूह हरिहर स्व सहायता समूह एवं बिलहरा मंडी में गोविंद स्व सहायता समूह द्वारा संचालित उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जैसीनगर में स्वीकृत पत्रक की जानकारी ली गई।

### पुलिस विभाग एवं पुलिस परिवार कल्याण संघ की बैठक सम्पन्न

**सागर।** हर बर्ष अनुसार इस बर्ष भी रविन्द्र भवन में 19 मई को संगठन का विशाल सेमिनार की तैयारी के लिए राष्ट्रीय प्रवक्ता मिश्रीचंद गुप्ता के मकरोनिया आफिस में बैठक सम्पन्न हुई।संगठन की बैठक में इस बार निर्णय लिया गया कि 20 से 25 पुरूस्कार रखे गए हैं जिस में 5 पुरुस्कार समाजसेवी 15 पुरुस्कार पुलिस अधिकारी 5 पुरुस्कार जनप्रतिनिधि का सम्मान किया जाएगा। भारत का एक मात्र संगठन है जिस ने मात्र 9 सालो में इतना बड़ा परिवर्तन करा दिया है कि कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। 186+61 में वने अंग्रेजो के पुलिस एक्ट में पुलिस विभाग को जब 18 रूपए साईकिल भत्ता मिलना शुरू हुआ था जो 2023 तक लागू रहा लेकिन संगठन की लगातार मांग के आगे सरकार को पुलिस विभाग को 15 लीटर पेट्रोल भत्ता शुरू कर दिया।

# निगम आयुक्त खत्री के निर्देश पर मकरोनियाँ क्षेत्र के उपभोक्ताओं को जलकर सुविधा केन्द्र का हुआ शुभारंभ

### नगर निगम की टीम ने जलकर जमा करने वाले उपभोक्ताओं का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया



सत्ता सुधार ■ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार मकरोनिया बुजुर्ग नगर पालिका क्षेत्र के जल उपभोक्ताओं को जलकर की बकाया राशि को आसानी से जमा करने हेतु मकरोनिया नगर पालिका कार्यालय के पास पानी की टंकी परिसर में 15 अप्रैल को उपभोक्ता सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। सुविधा केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर जलकर की बकाया राशि जमा करने वाले प्रथम उपभोक्ता रमेश चंद जैन का स्वागत उपयंत्री रामाधार तिवारी, राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी,मनोज चौबे, हरेंद्र खटीक ने पुष्पहार पहनाकर एवं तिलक लगाकर किया।नगर निगम द्वारा मकरोनिया में जलकर सुविधा केन्द्र का शुभारंभ होने पर नागरिकों में उत्साह देखने को मिल रहा है। सुविधा केन्द्र प्रतिदिन सुबह 11 से शाम 4 बजे तक खुला रहेगा।उपभोक्ताओं के लिए बैठने, शीतल जल एवं टोकन व्यवस्था की'- निगमायुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार मकरोनिया क्षेत्र के जलकर की राशि जमा करने आने वाले उपभोक्ताओं को सुविधा केंद्र में आसानी से जलकर राशि जमा करने के लिए टोकन व्यवस्था, शीतल जल एवं बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई है।

'निगमायुक्त ने जलकर उपभोक्ताओं से बकाया जलकर राशि जमा करने की अपील की'- निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने मकरोनिया क्षेत्र के जलकर के सभी उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी बकाया जलकर की राशि जमा कर सहयोग प्रदान करें।

'जलकर की एक वर्ष की एकमुश्त अग्रिम राशि जमा करने पर 30 अप्रैल तक मिलेगी एक माह के जलकर की छूट', '30 अप्रैल के बाद प्रारंभ होगी कनेक्शन विच्छेद करने की कार्रवाई'- नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 की जलकर की एकमुश्त अग्रिम राशि 30 अप्रैल तक जमा करने वाले उपभोक्ताओं को 01 माह के जलकर राशि की छूट प्रदान की जा रही है। 30 अप्रैल के पश्चात् जलकर की बकाया राशि जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही प्रारंभ की जायेगी।सुविधा केन्द्र शुभारंभ अवसर पर जलप्रदाय विभाग के प्रदीप अग्निहोत्री, संजय यादव, दिनेश दुबे, नीरज यादव, प्रद्युम्न मिश्रा उपस्थित थे।

# खुरई विधानसभा क्षेत्र में भाजपा संगठन ने बूथ स्तर तक उत्साह से मनाई बाबासाहेब आंबेडकर जयंती

सत्ता सुधार ■ सागर



खुरई विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय भाजपा संगठन ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन के कार्यक्रम अनुसार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के विशेष प्रयासों और संसाधनों की पूर्ति के साथ खुरई विधानसभा क्षेत्र सहित सभी 6 मंडलों में उत्साहपूर्वक बाबासाहेब डॉ आंबेडकर की जयंती के सभी कार्यक्रम हुये।जयंती के पूर्व संध्या पर डॉ. अम्बेडकर की क्षेत्र में स्थापित सभी प्रतिमाओं की साफ-सफाई और रात्रि में दीपोत्सव का कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। जयंती दिवस पर प्रातः काल से ही बूथ स्तर व वार्ड स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन प्रारंभ हो गया। इसके तहत बाबा साहब की प्रतिमाओं व चित्रों पर माल्यार्पण, तिलकोत्सव एवं मिठाई वितरण के कार्यक्रम विभिन्न स्थानों पर हुए। क्षेत्र के सभी 250 बूथों पर जयंती पर्व पर उत्साह का वातावरण रहा और जयंती उपरांत संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ भी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। ज्ञातव्य हो कि भाजपा द्वारा 6 अप्रैल पार्टी स्थापना दिवस से ही लगातार बूथ स्तर, ग्राम व बस्ती स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई जा रही है। इसके तहत खुरई विधानसभा क्षेत्र में संगठन द्वारा दिए गए सभी कार्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया गया। इसी के तहत आज बाबा साहब की जयंती पर उन्हें भाजपा कार्यकर्ताओं एवं अनुसूचित जाति वर्ग द्वारा याद किया गया। खुरई विधानसभा क्षेत्र के खुरई नगर, खुरई ग्रामीण, धनोरा, मालथौन, बरोदियाकलां और बांदरी मंडलों में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती हेतु पूर्व गृहमंत्री,क्षेत्रीय विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों व अनेक प्रमुख कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई थीं। इस कारण कार्यक्रमों का अभूतपूर्व सफल आयोजन बूथ स्तर तक हो सका। कार्यक्रम के पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम ÷चलो बस्ती चलो अभियान÷ चलाया गया था जिनमें जगह-जगह बाबा साहब की जयंती की तैयारियों की समीक्षा हो गई थी और कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन हो सका।क्षेत्रीय विधायक भूपेन्द्र सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र में कार्यक्रम की सफलता पर बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया और डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा देश को प्रदान किये गए अभूतपूर्व योगदान को याद करते हुए नमन किया है।

### खुरई के पुराने हनुमान बब्बा मंदिर में फिर विवाद, दर्शनार्थियों ने पुजारी पर आरोप लगाते हुए हटाने की मांग की

**खुरई (सागर)।** नगर का प्रसिद्ध श्री देव हनुमान मंदिर (पुराने बब्बा) में विवाद थमने का नाम नही ले रहा है।मंदिर विवादो को लेकर सुर्खियो में बना हुआ है। हनुमान जयंती पर किसी कारण से मंदिर की दान पेटी भी टूट गई थी, जिसकी शिकायत अधिकारियों से हुई थी। मंगलवार करे दर्शनार्थीयो ने एकजुट होकर पुजारी पर आरोप लगाते हुए हटाने की मांग को लेकर एसडीएम के नाम ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में उल्लेख है कि 12 अप्रैल हो मंदिर की दान पेटी को लेकर शिकायत हुई थी। जिसके बाद दो सदस्यी दल ने मौके पर जाकर जांच की और पंचनामा बनाया। आगे लिखा कि पुराने हनुमान बब्बा मंदिर सबसे पुराने एवं प्रतिष्ठित मंदिर के रूप में नगर में विद्यमान है। पुजारी द्वारा कुछ विशेष दर्शनार्थीयो को सुविधान प्रदान की जाती है। जितेन्द्र पाण्डे द्वारा दानपेटी के ऊपर वस्त्र रख दिए जाते हे जिससे श्रद्धालु दान पेटी न दान नही डाले और थाल में दान डालने के लिए विवष हो। उक्त दान वह अपने घर ले जा सके।

# भारतीय जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### स्व. भोलाराम भारतीय समाज के सजग प्रहरी थेः डॉ लता वानखेड़े

सत्ता सुधार ■ सागर



जिले के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय भोलाराम भारतीय की 11वीं पुण्यतिथि पर जय हिंद प्रेस क्लब और उनके परिजनों ने तीन बस्ती स्थित सरस्वती वाचनालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सागर सांसद डॉक्टर लता वानखेडे रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित सुकदेव तिवारी ने की कार्यक्रम में स्वर्गीय भारतीय जी को नमन करते हुए डॉक्टर लता वानखेड़े ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय भारतीय समाज के सजग प्रहरी थे उन्होंने समाज की जिम्मेदारी को बखूबी निभाया वह एक आग थे लेकिन ऐसी आग नहीं जो किसी को जला दे वह ऐसी आग थे जो समाज में जागृति फैला दे उन्होंने सत्ता से कभी भय नहीं खाया जब भय का समय होता था उस समय वह निर्भय रहते थे और जब शांति का समय तब वह प्रखर होते थे।इस तरह के गुण उनके अंदर थे हम सबको भारतीय जी के आदर्श पर ढलने का प्रयास करना चाहिए उन्होंने युवा पत्रकारों से कहा कि आपके पास कलम एक बड़ी शक्ति है उसे शक्ति का उपयोग सकारात्मक दिशा में करें और समाज राष्ट्र को निरंतर आगे ले जाने का काम करें यही भारतीय जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंडित सुकदेव तिवारी ने उनके साथ अपना काफी पुराना नाता बताते हुए कई संस्मरण सांझा किया कार्यक्रम में आशीष द्विवेदी,आरके तिवारी, टीकाराम त्रिपाठी, रविंद्र शिलाकरी, त्रिभुवन तिवारी, सुनील भारतीय, योगेश तिवारी,प्रीतम तोमर, वंदना तोमर ने भी उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

# खेत की नरवाई जलाने को लेकर तहसील क्षेत्र के खुरई में एक और खिमलासा में दो एफआईआर दर्ज हुई

सत्ता सुधार ■ खुरई (सागर)

शासन की सख्त रोक के बाद नरवाई में आग लगाने को लेकर खुरइ तहसील में तीन अलग अलग नामजद रिपोर्ट की कार्यवाही की गई है।खुरई शहर के मुताबिक खसरा नंबर 251/3 की 1.21 भूमि पर गेहूं की फसल कटाई के बाद नरवाई जलाने के मामले में चार व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। पटवारी द्वारा दी गई प्रथम सूचना के अनुसार, तहसीलदार खुरई के निर्देश पर की गई जांच में यह स्पष्ट पाया गया कि संबंधित व्यक्तियों ने कलेक्टर सागर के आदेश की अवहेलना करते हुए नरवाई में आग लगाई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी पटवारी राजभान सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है कि टीहर रोड स्थित गुलाबरा बगीचा के पास खसरा नंबर 251/3 नरवाई जलाई गई। कलेक्टर सागर के आदेश होने के बाद से कबीर वार्ड निवासी मालती बाई कोरी, रबी कोरी, राखी कोरी और मनीषा कोरी सभी निवासी कबीर वार्ड द्वारा अपनी फसल की नरवाई में आग लगाई गई। 13 अप्रैल को मौके पर पहुंच कर जांच की थी, जिसमें पाया गया कि उक्त व्यक्तियों द्वारा कलेक्टर सागर की आदेश का उल्लंघन करते हुए गेहूं की फसल की नरवाई में आग लगाई गई थी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ़ बीएनएस की धारा 223 के तहत मामला दर्ज किया। इसके साथ ही तहसील क्षेत्र के खिमलासा में अलग अलग जगहों पर नरवाई जलाने पर दो मामले दर्ज हुए हैं। इसके अलावा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समिति ने थाना प्रभारी के नाम आवेदन देकर जानकारी दी है कि 8 अप्रैल को खसरा क्रमांक 263/53,263/35,263/34 की भूमि पर गेहूं की फसल की नरवाई में आग लगी थी। जिसमें नपा की फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया था। आग लगने का कारण अज्ञात है। वही प्रशासन ने सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे अपने खेतों में खड़े डंठलों, फसल अवशेष नरवाई को न जलायें। नरवाई जलने से उड़ने वाली चिंगारी से आस-पास के खेत व अन्य तरीकों से अग्नि की दुर्घटना घटने की संभावना बनी रहती है।

> **इनका कहना है**
>
> गेहूं की नरवाई जलाने को लेकर तहसील क्षेत्र के अलग अलग जगहों पर तीन मामले दर्ज हुए हैं। खुरई में एक और खिमलासा में दो एफआईआर हुई है, यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।
>
> **-यशवर्धन सिंह, तहसीलदार खुरई**

### चोरी का प्रयास करने वाले चोर को त्वरित कार्यवाही कर किया गिरफ्तार

**सागर।** फरियादी मनोज कुमार पिता स्व.डा. जीवनलाल जैन उम्र 52 साल निवासी सागर सरोज होटल के पास पंतनगर वार्ड सागर ने रिपोर्ट लेख कराई कि दिनाँक 12.04.2025 के रात करीब 11.30 बजे की बात हैं मैं घर पर सो रहा था तभी कुत्ता भौकने एवं चौकीदारो के चिल्लाने की आवाज आयी तो मै बाहर निकला।पूछा क्या हो गया तो चौकीदार मोहन साहू एवं हेमराज पटैल ने बताया कि अपने घर के पीछे रहने वाला चिन्टू अहिरवार वाऊन्ड्री वाल फांद कर किचिन की जाली काट कर अंदर चोरी करने घुस आया था, गैस सिलेंडर लेकर भाग रहा था हम लोग चिल्लाये तो गैस सिलेंडर छोड कर भाग गया हैं चिन्टू अहिरवार चोरी करने के आशय से मेरे घर में घुसा था गैस सिलेंडर ले जा रहा था चौकीदारो के चिल्लाने पर गैस सिलेंडर छोड कर भाग गया था जिसका पीछे चौकीदारों ने किया पर उसको नही पकड पाये की रिपोर्ट पर अपराध धारा 334 (4), 62 भारतीय न्याय संहिता का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी की तलास पतारसी कर आरोपी चिन्टू उर्फ सौरभ पिता जीवन अहिरवार उम्र 20 साल नि0 पंतनगर वार्ड थाना-मोतीनगर जिला सागर (म.प्र.) को पुलिस अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ किया जिसने घटना कारित करना स्वीकार किया।

# 80 बसंत पार कर चुके डॉक्टर रावत आज भी सजाते हैं सरगम की महफिल

### उनका संदेश : खुश रहना है तो वर्तमान में जियो भूत-भविष्य को छोड़ो

सत्ता सुधार ■ सागर



डॉ सुरेश चंद्र रावत जी ,हां- यह वह नाम है; जो किसी परिचय का मोहताज नहीं है। बुंदेलखंड की धरती सागर में जन्मे डॉ सुरेश चंद्र रावत की बात चाहे समाजसेवा की हो या धार्मिक; राजनीतिक; सांस्कृतिक कार्यक्रम की सभी में हमेशा इनका योगदान रहता है।80 बसंत पार कर चुके डॉक्टर रावत के कंठ में शायद सरस्वती विराजमान है। संगीत की तालीम लिए बिना डॉक्टर रावत आज भी रफी; मुकेश और नितिन मुकेश से कमतर नहीं। अपने गायन से सरगम की महफिल में तालियां बातों ने वाले पेशे से डॉक्टर रावत को चिकित्सा और गायन क्षेत्र में सीएम; डिप्टी सीएम से लेकर स्थानीय स्तर पर कई हस्तियों से अवार्ड मिल चुके हैं। जनता से सतत संवाद के कारण डॉक्टर रावत आज भी लोगों के दिलों पर राज करते हैं। इतना ही नहीं साल 1990 में मारुति कंपनी ने सागर से ढाना (सागर से 20 किलोमीटर ) तक मारुति रेस का आयोजन किया था जिसमें डॉक्टर रावत ने पहला स्थान पाकर इनाम बटोरे थे। बात चाहे बुंदेलखंड की हो या देश-विदेश की सभी में उनके सशक्त हस्ताक्षर है। करीब 20 साल पहले इन्होंने अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और कैनेडी की उपस्थिति में ÷विश्व शांति÷ पर भाषण दिया था; जो विदेश की धरती पर सराहा गया था! इसके अलावा सागर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री स्वर्गीय विट्ठल भाई पटेल के नेतृत्व में मायानगरी मुंबई में भी इन्होंने अपनी दस्तक दी है। शम्मी कपूर; राज कपूर से लेकर 2000 के दशक तक के अभिनेता और अभिनेत्री से उनकी मुलाकात रही है। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के साथ भी इन्होंने बुंदेलखंड के अनुभव साझा किए हैं। डॉ रावत मुंबई के आरके स्टूडियो में हमेशा जाया करते थे। हाल ही में डॉक्टर रावत को नेशनल इंटीग्रेटेड संगठन की ओर से सम्मानित किया गया है।

#### बुंदेलखंड के राजनीतिक; धार्मिक; सामाजिक हर मंच पर मिलता है सम्मान

डॉ सुरेश चंद्र रावत को सागर ही नहीं बुंदेलखंड और प्रदेश के बड़े-बड़े मंच पर सम्मान से नवाजा जाता है। चाहे जनप्रतिनिधि हो या सरकारी अफसर सभी उनका सम्मान करते हैं। सागर की जानी-मानी रिदम आर्केस्ट्रा पार्टी से उनका नाता है और इसी से मंच के माध्यम से भी अपनी बेहतरीन गायकी प्रस्तुति से श्रोताओं की तालियां बटोरते हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है इतनी उम्र पार करने के बाद भी जब भी सरगम की धुन निकलते हैं तो कला के कदरदान वाह...बाह... कह उठते हैं।

#### कलह से बचाना है, सुकून से जीना है तो मोबाइल से दूर रहो

डॉ सुरेश चंद्र रावत का आज की पीढ़ी को संदेश है की मोबाइल से दूर रहे। आज पारिवारिक कलह की सबसे बड़ी वजह मोबाइल है। इसके अलावा शराब और सामाजिक बुराइयों से तौबा कर ले। तनाव से मुक्त रहो। हमेशा मुस्कुराते रहो। क्योंकि जो लोग भूत; भविष्य की चिंता करते हैं वह अपना वर्तमान खो देते हैं। 24 घंटे में से 24 मिनट ईश्वर के लिए जरूर निकालो क्योंकि वही अंतिम सत्य है।

**80 की उम्र में भी तंदुरुस्ती का राज:** गौरतलब है डॉक्टर सुरेश चंद्र रावत एक शख्सियत है और उम्र के इस पड़ाव पर उनकी जो सोच और सेहत का राज है; वह लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। सुबह 4~00 उठाना। योगा करना। 2 घंटे भगवान का स्मरण करना। हल्का भोजन लेना और भूत भविष्य की जनता को छोड़ वर्तमान में जीना यही इनकी इतनी उम्र में सेहत का राज है।

**परीक्षा** | बैठक की शुरुआत सागर एवं दमोह जिले के महाविद्यालयों से उपस्थित प्राचार्यों से कुलगुरु का परिचयात्मक संवाद से हुई

# महाविद्यालयों के सहयोग पर ही परीक्षा की सफलता निर्भर होती हैः मिश्रा

सत्ता सुधार ■ सागर



रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर में विश्वविद्यालय मुख्य परीक्षा 2025 के सफल संचालन हेतु परीक्षा पूर्व विश्वविद्यालय से संबद्ध शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो की बैठक को कलगुरु डॉ. विनोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत सागर एवं दमोह जिले के महाविद्यालयों से उपस्थित प्राचार्यो से कुलगुरु का परिचयात्मक संवाद से हुई। अध्यक्षीय उद्बोधन में कलगुरु प्रोफेसर मिश्रा ने सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर 2024 के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर प्राचार्य सहित विश्वविद्यालय की परीक्षा टीम को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया साथ ही सहायक कुलसचिव (परीक्षा) को परीक्षा कार्य से संबंधित समस्त प्रकार के मानदेय का भुगतान निर्धारित समय पर करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों के सहयोग पर ही परीक्षा की सफलता निर्भर होती है। कुलसचिव प्रो. श्रीमती शक्ति जैन ने परीक्षा में अपेक्षित सहयोग की बात करते हुए आयुक्त महोदय के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि प्रश्न पत्र के निर्माण,उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण कार्य बिना उचित एवं आवश्यक कारण के अभाव में रिफ्यूज नही किये जाने चाहिए।सहायक कुलसचिव पंचम सनोडिया ने विश्वविद्यालय की संबद्धता सबंधी जानकारी विस्तार पूर्वक दी।साथ ही उपस्थित प्राचार्यो से अपेक्षा की गई कि विश्वविद्यालय के द्वारा होने वाले पत्राचार का महाविद्यालयों से समय सीमा पर संप्रेषण किया जाए।

डॉ मिथलेश शरण चैबे ने आगामी परीक्षा की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए परीक्षा केंद्रों की सूची, विद्यार्थियों की संख्या, बाहय परीक्षकों की सूची एवं आवश्यक स्टेशनरी आदि की जानकारी दी।डॉ प्रदीप श्रीवास्तव ने सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर 2024 उपरान्त मूल्यांकन संबधी प्रगति को बताते हुए परीक्षा केंद्र द्वारा परीक्षा में हुई त्रुटियो से अवगत कराते हुए उनके दुष्परिणामों के बारे में बताया।साथ ही प्राचार्यो से अपेक्षा की गई कि आगामी परीक्षा मे इनसें बचने हेतु परीक्षा टीम को निर्देशित करें।डॉ. आलोक कुमार जैन,डॉ. ए.सी. जैन, डॉ. अरविन्द जैन, डॉ. एम.एल.सोनी द्वारा परीक्षा संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।बैठक में अमन अग्रवाल,डॉ. सुनील साहू,डॉ. ज्योति मार्टिन,डॉ. रितु श्रीवास्तव,डॉ. आकृति खरे,डॉ.पूर्वा जैन,डॉ.विनय वर्मा , डॉ.अजीत कुमार जैन,डॉ. घनश्याम भारती , डॉ.विनोद सनोडिया,डॉ.नीतेश ओवरॉय,डॉ. योगेन्द सिंह ठाकुर,डॉ. प्रमेश गौतम,डॉ.अखिलेश कुमार सिंह , डॉ. रोशन लाल अहिरवार,डॉ.महेश कठल,डॉ.वंदना चरण,डॉ. कीर्तिकाम दुबे,डॉ.अंरविद मिश्रा,डॉ.जी.आर.चैहान ,डॉ. पवन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### मॉडल स्कूल में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह आज खुरई विधानसभा के 698 जोड़े बंधन सूत्र में बंधेगे

**खुरई (सागर)।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के गरीबी रेखा से नीचे आने वाले परिवारों, बेसहारा परिवारों की बेटियों की शादी के लिए आर्थिक रूप से मदद करने के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह का आयोजन होने जा रहा है। बायपास पर स्थित शासकीय मॉडल स्कूल परिसर में यह आयोजन होगा, जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। बुधवार को खुरई विधानसभा क्षेत्र के 698 जोड़े मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत बंधन सूत्र में बंधेगे। इस दौरान 49 हजार रुपए वर-वधु के खाते में डाले जाएंगे। तो 6 हजार रुपए सामूहिक विवाह आयोजन करता को दिए जाएंगे। इस योजना के तहत आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए विवाह के समय बेटी की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए तथा जिस लड़के से उस लड़की की शादी हो रही है उस लड़के की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। मिली जानकारी अनुसार खुरई में होने वाले सम्मेलन में खुरई नगर पालिका के 162, मालथोन नगर परिषद के 37, बांदरी नगर परिषद के 95, बरोदिया नगर परिषद के 56, जनपद पंचायत खुरई के 209 और मालथोन के 138 जोड़े शामिल होंगे।

### निगमायुक्त ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

# साफ सफाई एवं पेयजल व्यवस्था को लेकर गंभीरता से करें कार्यः निगमायुक्त संघप्रिय

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



नगर निगम आयुक्त संघप्रिय ने विभागीय समय सीमा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय सीमा के प्रकरणों को गंभीरता से लेकर समय सीमा में निराकरण करें। इसके साथ ही निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण करें तथा शासन की प्राथमिकता के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर आयुक्त विजयराज, मुनीश सिंह सिकरवार, अपर आयुक्त वित्त रजनी शुक्ला, उपायुक्त डॉ प्रदीप श्रीवास्तव, ए पी एस भदौरिया, अधीक्षण यंत्री जेपी पारा, सिटी प्लानर श्री पवन सिंहल सहित सभी विभागाधिकारी उपस्थित रहे।

समय सीमा बैठक में निगमायुक्त संघप्रिय ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण लेवल 1 पर ही संतुष्टीपूर्वक होना चाहिए तथा जिन विभागों एवं अधिकारियों की शिकायतें लंबित हैं वह तत्काल इनका निराकरण कराना सुनिश्चित करें अन्य कम ग्रेडिंग होने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। वहीं नामांकन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि नामांकन प्रकरण निराकरण में पारदर्शिता बनाएं एवं समीक्षा के लिए जनमित्र केन्द्रों से नामांकन प्रकरणों की रिपोर्ट लें। इसके साथ ही नामांकन प्रकरणों के लिए जनमित्र केन्द्र का साफटवेयर पीपुल्स फ्रेंन्डली बनाया जाए।

समग्र ई केवायसी की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त संघप्रिय ने ई केवायसी की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को ई केवायसी की गति तेज करने के निर्देश दिए तथा जनमित्र प्रभारियों को भी निर्देश दिए कि ई केवायसी के कार्य गंभीरता से करें। इसके साथ ही सम्पत्ति के वेलीडेशन की समीक्षा करते हुए नारजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र वेलीडेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त संघप्रिय ने गर्मी के सीजन में पेयजल प्रदाय की जानकारी लेते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी में कहीं भी समस्या न हो इसके लिए सभी सजग रहें यदि कहीं समस्या हुई तो संबधित पर कार्रवाई होगी। सफाई व्यवस्था को लेकर भी गंभीर होकर निगमायुक्त संघप्रिय ने कहा कि कहीं भी मुख्य सडक पर कचरा न दिखे यह संबधित अधिकारी सुनिश्चित करें और सभी जगह समय पर गाडियां जाएं तथा निगम के संसाधनों का भरपूर उपयोग कर सफाई व्यवस्था सुदृण करें। इसके साथ ही बारिश के मौसम में पौधारोपण के लिए पार्क अधिकारी को निर्देशित किया कि प्लांटेशन के लिए अभी से तैयारी करें और सभी डिवाइडर हरे भरे होना चाहिए। इसके साथ ही अन्य बिन्दुओं पर भी चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में बाबा साहब की जयंती मनी

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



सामाजिक न्याय, सद्भाव और समरूपता के अग्रदूत और भारतीय संविधान के रचयिता भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश अग्रवाल, मुख्य अतिथि अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. संध्या बोहरे और मुख्य वक्ता अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. संजय कुमार सिंह थे। प्राचार्य डॉ हरीश अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि बाबा साहब का जीवन हमें शिक्षित बनने, संघर्ष करने और संगठित रहने की प्रेरणा देता है। मुख्य वक्ता डॉ. संजय सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि हम बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी को विश्व की प्रतिकूल विचाराधाराओं को समावेशित करने के अध्याय रूप में देखते हैं। जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों को बदलने के लिए ज्ञानमार्ग को हथियार के रूप में अपनाया और अपने लिए अनुकूल परिस्थितियां उत्पन की। कार्यक्रम का सफल संचालन राजनीति विज्ञान के प्रो. दीपक शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेश सचदेवा, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. एस.के.यादव, डॉ.आर.के.सिंह, डॉ. नीलम गुप्ता, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. सुनील सक्सेना, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. कुसुम भदौरिया, डॉ. अर्चना अग्रवाल, डॉ. विजयलक्ष्मी गुप्ता, डॉ. एम.पी.सिंह. डॉ. सरिता वर्मा डॉ. रविरंजन, डॉ. अनीता मेवाफरोश, डॉ. ज्योत्सना राजपूत, डॉ. कुसुम चौधरी और महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## समग्र आईडी की ई-केवायसी अवश्य करायें

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश शासन की समस्त जन कल्याणकारी पेंशनधारी का लाभ प्राप्त करने के लिए पंजीकृत हितग्राहियों की समग्र पोर्टल पर आधार ईकेवाईसी करना अनिवार्य होगा। नगर निगम सीमांतर्गत सभी नागरिक अपनी समग्र आईडी को आधार से ई–केवायसी अवश्य करायें। अपर आयुक्त श्री मुनीश सिंह सिकरवार ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जन कल्याणकारी योजनाओं में आधार आधारित भुगतान के लिए शासन द्वारा निर्देशित किया गया है। जिसमें विशेष रूप से ऐसे व्यक्ति जिन्हें 600 रूपये प्रतिमाह सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्ध, कल्याणी, निशक्त, परित्यक्ता को प्रतिमाह प्राप्त होती है, यदि आपके द्वारा ई केवायसी नहीं किया गया है। तो शीघ्र ही नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर, लोकसेवा केन्द्र, एमपी ऑनलाइन एवं नगर निगम ग्वालियर के कार्यालय में पहुंचकर करा सकते हैं। जिससे कि प्रतिमाह प्राप्त पेंशन का नियमित रूप से भुगतान जारी रहे। समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आई.डी. को आधार के साथ शत–प्रतिशत ई–केवायसी पूर्ण करायें।

## ब्रज गौ एवं वन्य सेवा समिति का शपथग्रहण हुआ

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



ब्रज गौ एवं वन्य जीव सेवा समिति का शपथग्रहण समारोह मंगलवार को निजी होटल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के कोषाध्यक्ष विनोद वर्मा ने की। इस मौके पर समिति के संरक्षक सरदार विक्की सिंह एवं अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र धाकड़ ने सचिव शैलेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष एड. साधना सिंह, संयुक्त सचिव सुबोध गौर एवं कार्यकारिणी सदस्य मनोज वर्मा, मिलन तिवारी, गिरीश पाल, धर्मवीर सिंह, कुलदीप सिंह को नियुक्ति पत्र सौंपे। गिरीश पाल ने बताया कि समिति द्वारा गौ, वन्य जीव, साधु संत एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए सेवा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान नए लोगों को भी सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर जय सिंह कठेरिया, गिरीश पाल, अंकित अवस्थी, रमन शर्मा, राजेश कुमार, अनुपम शर्मा, राजकुमारी धाकड़, राय सिंह धाकड़, ध्रुव सिंह कौरव, अरविंद तिवारी, संजना पाल, प्रियम धाकड़, मनीष धाकड़, रामजीलाल गुर्जर, सोनम धाकड़ आदि उपस्थित थे।

## श्रीकृष्ण मानव सेवा समिति ने किया भंडारा

**ग्वालियर।** भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में श्रीकृष्ण मानव सेवा समिति खटीक समाज



(न्यूरोलॉजी हॉस्पिटल) द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें खटीक समाज के गणमान्य लोगों द्वारा शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक सतीश खटीक, पूर्व अध्यक्ष रमेश चक, कांग्रेस नेता महेश मधुरिया, पार्षद पिता भीकम कन्नौजिया, प्रो. राकेश टेंगर, नरेंद्र खत्री, जयारोग्य अस्पताल प्रबंधक डॉ.अनिल मेवाफरोश, योगेश गड़वाल, गजेंद्र रावल आर्मी, नत्थी लाल टंडेले, विजय माहोरिया एग्रीकल्चर, रमेश चंद्र चौहान सीनियर अधिवक्ता, मदन बामोते, कांग्रेस नेता जीतू खटीक, आकाश घनघोरिया खटीक मुरैना, कांग्रेस नेता मनीष भिलवार आदि उपस्थित थे।

# यू.एन. में विश्व शिक्षा दिवस के रूप में मनायी जाती है बाबा साहब की जन्म जयंतीः चौधरी






### ■ आकाशवाणी के एसएस चौधरी को मिला बाबा साहब अम्बेडकर विचार प्रवाह सेवा सम्मान

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

यू.एन.में विश्व शिक्षा दिवस के रूप में बाबा साहब की जन्म जयंती मनायी जाती है। बाबा साहब शिक्षा व्यवस्था को हमेशा मजबूत बनाने के पक्षधर रहे। बाबा साहब अम्बेडकर भारत के शिक्षा सूर्य हैं। उन्होंने भारतीय सामाजिक व्यवस्था को संवैधानिक अधिकारों के माध्यम से मजबूत किया। यह बात माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अम्बेडकर जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित व्याख्यान माला में आकाशवाणी शिवपुरी के सेवानिवृत्त सहायक निदेशक (प्रोग्राम) एस.एस.चौधरी ने उपस्थित श्रोताओं को सम्बोधित करते हुए कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. संजय रस्तोगी ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. मनोज अवस्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा एवं डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण के साथ हुई। जिला संगठक डॉ. मनोज अवस्थी ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने वर्तमान संदर्भो में बाबा साहब की शिक्षाओं की उपयोगिता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रभारी प्राचार्य डॉ. संजय रस्तोगी ने कहा कि बाबा साहब का सम्पूर्ण जीवन हमें ज्ञान देता है। बाबा साहब के संघर्ष पूर्ण जीवन से शिक्षा लेकर युवाओं को अपने लिए स्वयं प्रकाश बनना चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय रस्तोगी, जिला संगठक रासेयो डॉ. मनोज अवस्थी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय एवं डॉ. विकास शुक्ल ने एस.एस.चौधरी को शॉल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं बाबा साहब अम्बेडकर विचार सेवा सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। व्याख्यान माला का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास शुक्ल ने एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने किया। व्याख्यान माला में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने प्रभारी सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ म.प्र. के आव्हान पर जिले मे भी संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन देकर 16 अप्रैल को समस्त संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। वहीं मंगलवार को प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय पाठक को ज्ञापन सौंपा। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष धर्मवीर शुक्ला ने बताया कि संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिये तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 4 जुलाई को भोपाल में महापंचायत बुलाकर संविदा कर्मचारियों के लिये अनेक घोषणायें की थी। जिसके परिपालन में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 23 जुलाई 2023 को संविदा कर्मचारियों के लिये सौगात दी गई, परंतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के द्वारा संविदा कर्मचारियों को दी गई सुविधाओं में कटौती करते हुए 1 अप्रैल से नवीन मानव संसाधन मैन्युअल लागू कर दिया गया। जिसमें चिकित्सा अवकाश, अर्जित अवकाश को समाप्त कर दिया गया है तथा अप्रैजलजैसी कुप्रथा को पुनः शामिल कर दिया गया। ज्ञापन देने वालों में संभागीय अध्यक्ष, एम.एस.खान, दत्तात्रेय कद्रे, शिखा सहाय, विकास भूरिया, सोनू मरैया, हेमंत जेउसकर, सुनीता श्रीवास्तव, भूपेन्द्र शर्मा आदि संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का देशव्यापी राजनीतिक विचार अभियान संपन्न

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



भारतीय जनता पार्टी केंद्र की जन विरोधी आर्थिक नीतियों के खिलाफ शहीद भगत सिंह व संविधान निर्माता के विचारों को प्रचारित करने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का देशव्यापी राजनीतिक विचार अभियान 23 मार्च से 14 अप्रैल तक देशभर में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्वालियर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा फूलबाग चौराहा ग्वालियर पर उपस्थित होकर संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की 134वीं जनशताब्दी वर्ष पर याद करते हुए उनके द्वारा भारतीय संविधान में प्रदत्त रोजगार, रोटी, कपड़ा, मकान, चिकित्सा, सबको एक समान शिक्षा मिले एवं संविधान की रक्षा का संकल्प लिया और रैली के रूप में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। आयोजन में कॉम कौशल शर्मा एडवोकेट, कॉम रविंद्र सरवटे एडवोकेट, कॉम अशोक पाठक, कॉम अनवर खान, कॉम जालिम सिंह, कॉम आनंद ठाकुर, कॉम बारेलाल पाल, कॉम अब्दुल शाहिद, कॉम बिरखा राम, कॉम रमेश सविता, कॉम संदीप जाटव, आरआर गुप्ता आदि बड़ी संख्या में साथियों ने भाग लिया।

### पंजाबी सभा ने धूमधाम से मनाया वैशाखी पर्व

# 11 बुजुर्ग समाजसेवियों को किया सम्मानित

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर




हर वर्ष की भांति पंजाबी सभा डबरा द्वारा वैशाखी पर्व धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सभा डबरा के अध्यक्ष केवल कृष्ण सूरी द्वारा की गई। उन्होंने अपने उद्बोधन में ऐसे पर्वों को मनाना पंजाबियत की शान बताया तो वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पंजाबी परिषद ग्वालियर चंबल संभाग के अध्यक्ष कन्हैयालाल आनंद उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि की भूमिका में अशोक सहगल, दिनेश सुखीजा तथा मनोहर लाल भल्ला उपस्थित रहे। मंच पर जहां महिला मंडल अध्यक्षा कुसुम भसीन, कार्यक्रम संयोजक आनंद कुमार आनंद एवं धर्मपाल शर्मा, महिला मंडल सचिव शूसमा आहूजा तथा सचिव श्रीराम शर्मा आदि उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन राजवीर खुराना द्वारा किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत गणेश वंदना निष्ठा आहूजा द्वारा प्रस्तुत की। अध्यक्षीय उद्बोधन के दौरान केवल कृष्ण सूरी ने जहां आज के भव्य कार्यक्रम पर अपनी बात रखी, वहीं समाज के उत्थान, समाज के विकास पर भी सभी का ध्यान आकर्षित किया। मुख्य अतिथि कन्हैयालाल आनंद ने सांस्कृतिक पर्व को मनाना समाज को एक सूत्र में बांधना एवं युवाओं में संस्कारों की ऊर्जा को पैदा करना तथा डबरा के साथ संभाग स्तर पर समाज के उत्थान की कामना करते हुए कार्यक्रम की प्रशंसा की। इसके साथ ही महिला मंडल अध्यक्षा कुसुम भसीन, विशिष्ट अतिथि दिनेश सुखीजा, कार्यक्रम संयोजक आनंद कुमार आनंद, अविनाश ग्रोवर आदि द्वारा भी अपनी बात रखी रखी गई। कार्यक्रम में जहां बच्चों द्वारा विविध प्रस्तुतियां दी गई, वहीं प्रश्नावली जैसे सुंदर कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अगली कड़ी में समाज के बड़े बुजुर्गों को जहां शाल और श्रीफल देकर सम्मान किया गया, वहीं मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि आदि को स्मृति चिन्ह आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। बच्चों को पुरूस्कार वितरण किया गया एवं समाज एवं देश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की गई। कार्यक्रम के बाद आनंद कुमार आनंद द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव की नवीन पुस्तक 'तेरा मन गंगा जल जैसा' का लोकार्पण

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



राष्ट्रीय लाल साधना मंच के तत्वावधान में गत दिवस राष्ट्रोत्थान न्यास के नारायण सभागार, नई सड़क में डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव पल्लवित की नवीन पुस्तक 'तेरा मन गंगा जल जैसा' का लोकार्पण, सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार अनंगपाल सिंह भदौरिया अनंग ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार डॉ. सुरेश सम्राट व विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ कवियत्री डॉ.करुणा सक्सेना एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ज्योति उपाध्याय मंचासीन रहीं। प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। सरस्वती वंदना पुष्पा मिश्रा आनंद ने प्रस्तुत की।तत्पश्चात् संस्था अध्यक्ष डॉ प्रमोद श्रीवास्तव पल्लवित, महासचिव डॉ. दीप्ति गौड़ दीप, अनिल राही कोषाध्यक्ष ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अध्यक्षता कर रहे अनंगपाल सिंह भदौरिया अनंग ने पुस्तक में संकलित गीतों पर समीक्षात्मक प्रस्तुति देते हुए मानव मूल्यों के प्रति समर्पित गीत रचना लोक हितकारी एवं नई पीढ़ी में उत्साह भरने की क्षमता प्रदान करने वाला गीत संग्रह बताया। इसके पश्चात् अतिथियों द्वारा पुस्तक लोकार्पण का क्रम पूर्ण किया गया। इसी बीच मौलिक रचनाओं पर आधारित काव्य पाठ का क्रम भी जारी रहा, जिसमें वरिष्ठ गीतकार डॉ. किंकर पाल सिंह जादौन, शायर रवि प्रकाश कामिल, नयन किशोर श्रीवास्तव, चेतना चौहान, पुष्पा मिश्रा आनंद, सरिता चौहान, कविता उपाध्याय, श्वेता गर्ग आदि के द्वारा सुंदर काव्य पाठ किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार रामचरण रुचिर ने किया। अगले क्रम में सभी मंचासीन अतिथियों का शॉल, श्रीफल सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह, विमोचित कृति भेंटकर पुस्तक के रचनाकार डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव पल्लवित के द्वारा सम्मान किया गया। इसी क्रम में ग्वालियर की विभिन्न संस्थाओं से पधारे संस्थापकों के प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ साहित्यकारों, गीतकारों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर के स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा से प्रतिनिधि रामचरण रुचिर, दिलीप मिश्रा एवं डॉ. सुधीर चतुर्वेदी का सम्मान शाल, श्रीफल, सम्मान पत्र, लोकार्पित कृति भेंटकर प्रमोद श्रीवास्तव पल्लवित द्वारा किया गया। काव्य धारा साहित्यिक संस्था से पधारे नयन किशोर श्रीवास्तव , भगवत साहित्य परिवार से डॉक्टर किंकर पाल सिंह जादौन, सरिता चौहान का शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, लोकार्पित कृति आदि भेंटकर किया गया।

# प्रेस्टीज प्रबंधन एवं शोध संस्थान में लगा आई केयर कैंप

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर




प्रेस्टीज प्रबंधन एवं शोध संस्थान में एक दिवसीय आई केयर कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन स्वास्थ्य नेत्र, उज्जवल भविष्य थीम पर संस्थान द्वारा रतन ज्योति नेत्रालय के सहयोग से किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. निशांत जोशी ने बताया कि रतन ज्योति नेत्रालय के सहयोग से आयोजित यह शिविर न केवल नेत्र जांच का माध्यम बना, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम भी सिद्ध हुआ। संस्थान की सह निदेशिका डॉ. तारिका सिंह ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों, फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों को निःशुल्क नेत्र परीक्षण, दृष्टि जांच, चश्मे के लिए परामर्श, आंखों की सुरक्षा संबंधी सुझाव, डिजिटल आई स्ट्रेन से बचाव तथा यूवी किरणों से सुरक्षा हेतु विशेष सलाह प्रदान की गई। कार्यक्रम में कुल 260 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया जिनमें विद्यार्थी, शिक्षकों एवं स्टाफ के सदस्य भी शामिल थे। इस कार्यक्रम में डॉ. नलिन सिंह बघेल, डॉ. संजय गुप्ता एवं रतन ज्योति नेत्रालय की विशेषज्ञ टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस कार्यक्रम के समन्वयक सहप्राध्यापिका नेहा भदौरिया रही एवं आयोजन टीम में प्रिंस पाल, पायल शर्मा, अतुल प्रताप सिंह, गगन शर्मा, निकिता मौर्या, सांगवी तलवार एवं शिवम धाकड़ की सक्रिय भागीदारी रही।

### पाक संसद में फिलिस्तीन पर प्रस्ताव पारित कहा-

# एकजुट हों दुनियाभर के मुसलमान



एजेंसी ■ इस्लामाबाद

गाजा पट्टी में इजरायल के हमलों को लेकर पाकिस्तान की संसद में प्रस्ताव पारित हुआ। जिसमें इजरायल के हमलों की निंदा की गई। इसके अलावा कश्मीर का जिक्र भी डिबेट के दौरान हुआ। सांसद साहिबजादा मोहम्मद हामिद रजा ने कहा कि मुसलमान कौम के लिए दो मसले हैं, जो चिंताजनक हैं- फिलिस्तीन और कश्मीर। यही नहीं पाकिस्तानी संसद में हामिद रजा ने कहा कि जितना इजरायल इस हमले का दोषी है, उतने ही गुनहगार वे मुसलमान देश भी हैं, जो इस पर चुप हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2023 से शुरू होने वाला इजरायल का नरसंहार तो होलोकास्ट से भी 10 गुना बड़ा अत्याचार हैं। प्रस्ताव में आरोप लगाया गया कि 18 मार्च को फिर से शुरू हुए इजराइली हमले में 1,600 निर्दोष फलस्तीनी मारे गए, जिससे गाजा में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 65,000 से अधिक हो गई है। सांसद हामिद रजा ने कहा कि सारे मुस्लिम देशों को एकजुट होना चाहिए। तभी यह मसला हल हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इस्लाम में उम्मा की एक अवधारणा है। लेकिन हम तो उस पर अमल ही नहीं कर रहे। उन्होंने मांग की कि पाकिस्तान में इस्लामिक सहयोग संगठन की मीटिंग बुलाई जाए। मुस्लिम देश इजरायल को साफ चेतावनी दें कि गाजा में अत्याचार रुके और यदि ऐसा नहीं हुआ तो फिर पूरी दुनिया में जिहाद की घोषणा की जाए। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया के मुसलमान देश मिलकर जिहाद का ऐलान करें। इस दौरान मुफ्ती तकी उस्मानी ने मुस्लिम देशों से इजराइल का पूर्ण बहिष्कार करने का आह्वान किया। इजराइल विरोधी प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के कई शहरों में कई अमेरिकी 'फास्ट-फूड' रेस्तरां पर हमले किए थे, जिसके बाद मौलवी ने इस बात पर जोर दिया कि विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण होना चाहिए। कानून मंत्री आजम नजीर तरार द्वारा संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली में पेश किए गए प्रस्ताव को सभी राजनीतिक दलों का समर्थन मिला।

# आंबेडकर की वकालत भारत की सीमाओं से भी कहीं आगे: केंद्रीय मंत्री अठावले

एजेंसी ■ न्यूयॉर्क



केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री डॉ. रामदास अठावले ने कहा कि डॉ. बीआर आंबेडकर ने समानता, प्रतिनिधित्व और मानवाधिकार जैसे सिद्धांतों के लिए लड़ाई लड़ी थी, वे 2030 के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामूहिक प्रयासों में अधिक प्रासंगिक हैं। डॉ. आंबेडकर का जीवन भारतीय इतिहास का एक अध्याय मात्र नहीं है। यह पूरी मानवता के लिए एक प्रकाश स्तंभ है। वे जाति, गरीबी और औपनिवेशिक उत्पीड़न द्वारा लगाए गए हर अवरोध को पार कर समानता, सम्मान और लोकतंत्र के लिए एक वैश्विक वकील बने। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने संयुक्त राष्ट्र में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को नमन किया। डॉ. आंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि उनकी वकालत भारत की सीमाओं से कहीं आगे तक गूंजती है। जो उन्हें आधुनिक मानवाधिकार आंदोलन का प्रतीक बनाती है। हम संयुक्त राष्ट्र के बैनर तले यहां एकत्र हुए हैं। डॉ. आंबेडकर का जीवन समाज के हर स्तर पर बदलाव की प्रेरणा देता है। उनकी विरासत के संरक्षक के रूप में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने निर्णायक और व्यवस्थित कदम उठाए हैं। मंत्रालय ने हाशिए पर पड़े समुदायों, विशेष रूप से अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और विकलांग व्यक्तियों के उत्थान के उद्देश्य से कार्यक्रमों और नीतियों को लागू किया है।

# अब हार्वर्ड यूनिवर्सिटी पर फूट पड़ा ट्रंप का गुस्सा, दे डाला अरबों का झटका



एजेंसी ■ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस अंदाज में काम कर रहे हैं वो किसी को नहीं पुसा रहा है। उन्होंने टीवी शो के दौरान अपनी खिल्ली उड़ाने पर एक चैनल को अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। अब उनका गुस्सा अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी पर फूट पड़ा। ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड पर 2.2 अरब डॉलर की संघीय फंडिंग रोक दी है। यह कदम कैंपस में कथित यहूदी विरोधी माहौल को लेकर भेजी गई सख्त शर्तों की सूची को ठुकराने के बाद उठाया गया है। वाइट हाउस की ओर से हार्वर्ड से उसके गवर्नेंस, नियुक्तियों और प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव की मांग की गई थी। इसके साथ ही डाइवर्सिटी से जुड़ी यूनिट्स बंद करने और अंतरराष्ट्रीय छात्रों की जांच में आव्रजन अधिकारियों से सहयोग करने की भी बात शामिल थी। पिछले वर्ष इजरायल-गाज़ा युद्ध के दौरान अमेरिकी विश्वविद्यालयों में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनों की लहर देखने को मिली थी, जिनमें कई जगह पुलिस और इजराइल समर्थक प्रदर्शनकारियों से झड़पें भी हुई थीं। ट्रंप और रिपब्लिकन नेताओं ने इन प्रदर्शनों को हमास समर्थन कहकर निंदा की थी। इसके अलावा, ट्रंप प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी में विरोध प्रदर्शन के दो आयोजकों को भी निशाना बनाया है, महमूद खलील को देश से बाहर निकालने की कार्रवाई चल रही है, जबकि मोहसेन महदावी को सोमवार को अमेरिकी नागरिकता की प्रक्रिया के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस की रिपब्लिकन नेता एलिस स्टेफानिक ने हार्वर्ड को शैक्षिक पतन का प्रतीक करार देते हुए इसकी पूरी फंडिंग रोकने की मांग की है।

# विमान हादसे में मरने वालों की पहचान हुई भारतीय डॉक्टर दंपत्ति सहित 6 की मौत

एजेंसी ■ न्यूयॉर्क

हाल ही में यहां एक प्लेन हादसा हुआ था। जिसमें 6 लोगों की मौत हुई थी। जांच के बाद पता चला कि मरने वालों में भारतीय डॉक्टर दंपत्ति और उनके बच्चे भी शामिल हैं। न्यूयॉर्क की मशहूर सर्जन डॉ जॉय सैनी और उनके पांच परिजनों की मौत हो गई। इससे कुछ दिन पहले ही एक हेलिकॉप्टर नदी में गिरा था। जॉय सैनी के पति डॉ माइकल ग्रॉफ विमान उड़ा रहे थे। ये परिवार कैट्सकिल्स में जन्मदिन और पासोवर का जश्न मनाने जा रहा था, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

डॉ जॉय सैनी का जन्म पंजाब में हुआ था। अपने माता-पिता, कुलजीत और गुरदेव सिंह, के साथ बचपन में वह अमेरिका आई थीं। उन्होंने पिट्सबर्ग यूनिवर्सिटी से मेडिकल की पढ़ाई की और यहीं उनकी मुलाकात माइकल ग्रॉफ से हुई, जो बाद में उनके पति बने।

# अंतरिक्ष से लौटीं अमीर महिलाओं ने बताया कैसी दिख रही थी धरती



एजेंसी ■ वाशिंगटन

अंतरिक्ष में घूमकर लौटीं दुनिया की सबसे अमीर घरों की महिलाएं अपने अनुभव को बताते हुए काफी भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि उनको लगा कि दुनिया बहुत शांत और सुंदर है। इन्होंने एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में सुरक्षित लैंडिंग की पुष्टि करते हुए, अंतरिक्ष पर्यटन कंपनी ने लिखा कि 'कैप्सूल लैंडिंग। स्वागत है, एनएस-31 क्रू!' इस दौरान वे सभी धरती से 100 किलोमीटर की ऊंचाई पर गईं और कार्मन लाइन पार करके भारहीनता को महसूस किया। अमेजन के अरबपति जेफ बेजोस की स्पेस टूरिज्म कंपनी ब्लू ओरिजिन ने सोमवार को वैश्विक पॉप आइकन कैटी पेरी की अगुवाई में एक महिला सेलिब्रिटी क्रू को सफलतापूर्वक लॉन्च किया और वापस उतारा। जिससे उन्हें लगभग 11 मिनट की यात्रा के लिए अंतरिक्ष में भेजा गया। न्यू शेपर्ड रॉकेट पर उड़ान भरने वाले छह लोगों के दल में पेरी और बेजोस की मंगेतर लॉरेन सांचेज के साथ चार अन्य महिलाएं शामिल थीं। इस यात्रा में शामिल अन्य क्रू सदस्यों में नागरिक अधिकार कार्यकर्ता अमांडा गुयेन, निर्माता केरियन फ्लिन, नासा की पूर्व रॉकेट वैज्ञानिक आइशा बोवे और पत्रकार गेल किंग शामिल थीं। यह ब्लू ओरिजिन की 11वीं मानव अंतरिक्ष उड़ान है। ये 1963 में वैलेंटिना टेरेश्कोवा की एकल उड़ान के बाद पहला महिला अंतरिक्ष मिशन है।




# एससी-एसटी वर्गीकरण का पहला राज्य बना तेलंगाना

तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों के भीतर वर्गीकरण की नीति को लागू करने का निर्णय लिया है। तेलंगाना देश का पहला राज्य बन गया है। जिसने सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के निर्णय के अनुसार वर्गीकरण का काम कर केंद्र सरकार और भाजपा को कड़ी चुनौती देने का काम किया है। तेलंगाना सरकार का यह निर्णय सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक बड़ा और साहसिक कदम है। आजादी के बाद देश में आरक्षण की व्यवस्था, समग्र सामाजिक विकास के उद्देश्य से पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए की गई थी। कई दशकों बाद यह महसूस हुआ, एससी-एसटी समुदाय के भीतर की कुछ जातियाँ ही आरक्षण का लाभ मिला हैं। जबकि अन्य समूह 75 साल के बाद भी हाशिए पर ही रह गए है। इस असंतुलन को दूर करने के लिए अब समूह के बीच वर्गीकरण की आवश्यकता पैदा हुई है। तेलंगाना सरकार ने एक अध्ययन समिति का गठन किया था। उसकी रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने उपसमूह के आधार पर यह निर्णय लिया है। समाज के भीतर सबसे पिछड़े वर्गों को वास्तविक लाभ कैसे पहुँचाया जाये। इस वर्गीकरण से अब आरक्षण और अन्य सामाजिक योजनाओं का लाभ उनको नहीं मिलेगा, जो पहले से सशक्त हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ उन उपवर्गों तक पहुँचेगा। जिन्हें अब तक आरक्षण के लाभ से नजर अंदाज रखा गया है।यह कदम सामाजिक ही नहीं, संवैधानिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ इस विषय पर पहले ही फैसला कर चुकी है। इस तरह के वर्गीकरण को सिद्धांततः सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ वैध ठहरा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट की शर्त थी, इसका आधार ठोस और न्यायसंगत हो। तेलंगाना सरकार ने इस बात का ध्यान रखते हुए सर्वे के माध्यम से व्यापक आंकड़ों और सामाजिक विश्लेषण के साथ नीति तैयार की है। यह निर्णय देश के बाकी राज्यों के लिए भी एक उदाहरण बन सकता है। इस निर्णय को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ लागू किया जाएगा, तो निश्चित रूप से यह नीति उन समुदायों के लिए वरदान साबित हो सकती है।जो अब तक सरकारी योजनाओं का लाभ पाने से बहुत दूर



है। तेलंगाना ने यह सिद्ध किया है, केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि ठोस नीतिगत निर्णयों से ही सामाजिक न्याय को सुनिश्चित और जवाबदेह बनाया जा सकता है। तेलंगाना सरकार की यह पहल देश में आरक्षण नीति के पुनः परीक्षण और नवचिंतन का नया आधार बन सकता है। तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है।



–रजनीश अग्रवाल

# कांग्रेस के परिवार विशेष की ईर्ष्या और अहंकार का शिकार होते रहे अंबेडकर

डॉ भीमराव अंबेडकर को संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के चयन रोकने, लोकसभा चुनाव में पराजित करने की रणनीति, सरकार से त्यागपत्र देने के लिए मजबूर करने से लेकर देहांत के दशकों बाद तक भारत रत्न न देने का अहंकारी एवं अड़ियल रवैया हो या उनकी जन्मभूमि सहित अन्य महत्व के स्थानों की उपेक्षा कांग्रेस की सरकारों और नेताओं के षड्यंत्र की पोल खोलती हैं। बाबा साहब के मूल्यों से तो कांग्रेस ने कभी अपनाया ही नहीं।

नेहरू जी बाबा साहब अंबेडकर को संविधान प्रारूप समिति का अध्यक्ष नहीं बनाना चाहते थे। डॉ. एच.वी. हांडे अपनी पुस्तक आंबेडकर एंड मेकिंग ऑफ इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन में लिखते हैं कि जवाहरलाल नेहरू ने संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाने के लिए ब्रिटिश नागरिक आइवर जेनिंग्स का नाम सुझाया था. जब महात्मा गांधी ने नेहरू से कोई नाम सुझाने को कहा, तो उन्होंने आइवर जेनिंग्स का नाम आगे रखा. सरदार पटेल सहित कुछ लोगों ने इस सुझाव का विरोध किया, क्योंकि वे चाहते थे कि अध्यक्ष एक भारतीय हो। गांधी जी भी डॉ भीमराव अंबेडकर को अध्यक्ष बनाना चाहते थे। अंततः डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर को संविधान सभा की प्रारूप समिति का अध्यक्ष चुना गया। यह अहंकार और ईर्ष्या आज भी उजागर होती है।कांग्रेस के परिवार विशेष के मित्र और कांग्रेस की नीति निर्धारक सैम पित्रोदा जनवरी 2024 में सोशल मीडिया पर लिखते हैं की डॉ भीमराव अंबेडकर का संविधान बनाने में योगदान नहीं है, नेहरू जी का है।

नेहरू नीत कांग्रेस ने यह षडयंत्र किया कि अंबेडकर निर्वाचित जनप्रतिनिधि न बन पाएं। 1952 के पहले लोकसभा चुनाव बॉम्बे नार्थ में कांग्रेस ने सभी हथखण्डे अपनाकर पूरे संसाधन झोककर उन्हें हराया । 1954 में महाराष्ट्र के भंडारा में उन्होंने उपचुनाव लड़ा क्योंकि यहाँ उनके अनुयाइयों की संख्या बहुत ज्यादा थी. किन्तु यहाँ भी कांग्रेस ने उनको जीतने नहीं दिया।

देश यह तथ्य कैसे भूल सकता है कि अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान की मूल प्रस्तावना को ही आपातकाल में कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार में बदल दिया गया। वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के चलते उन शब्दों को ठूंस दिया गया, जिन पर संविधान सभा और अंबेडकर की कोई सहमति नहीं थी। संविधान के आधारभूत ढांचे से ही छेड़छाड़ की गई जोकि अंबेडकर के संविधान में अपेक्षित नहीं थी। यह परिवार विशेष अपनी ही सरकारों में स्वयं को भारत रत्न देता रहा लेकिन जिन अंबेडकर का योगदान संविधान के निर्माण से लेकर स्वतंत्र भारत की विभिन्न नीतियों को बनाने में रहा, जिन्होंने सामाजिक न्याय के मार्ग से समाज को जोड़ने के लिए अपना जीवन अर्पित कर दिया, जो दक्षिण एशिया के सर्वाधिक शिक्षित अध्येयता रहे, ऐसे बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न नहीं दिया। जब 1990 में गैर कांग्रेसी सरकार आई तब डॉ भीमराव अंबेडकर को उनके योगदानों को लेकर भारत रत्न दिया गया। क्या यह कांग्रेस का बाबा साहब के प्रति भेदभाव और अपमानजनक रवैया नहीं था ? ईर्ष्या की पराकाष्ठा है कि एक परिवार के नाम पर मूर्तियां और योजनाओं का अंबार लगाने



वाली कांग्रेस ने अंबेडकर की जन्म भूमि से लेकर उनसे जुड़े हुए महत्वपूर्ण स्थलों के प्रति उपेक्षा पूर्ण रवैया अपनाया। जन्मभूमि महू में 1991 में भाजपा की पटवा सरकार में स्मारक की नींव रखी गई। अचानक सरकार भंग कर देने के कारण बाद में जिसे भाजपा की शिवराज सरकार में पूर्ण किया गया। भाजपा सरकारों ने जन्मभूमि महू, शिक्षा भूमि लंदन, दीक्षा भूमि नागपुर, परिनिर्वाण भूमि दिल्ली और चैत्य भूमि मुंबई का विकास पंचतीर्थ के रूप में किया।


**अंबेडकर और संघः** अपने पक्ष में अंबेडकर को खड़ा दिखाने के लिए कांग्रेस और कम्युनिस्ट लगातार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर हमला बोलते रहे हैं। सामान्यतः संघ दैनंदिन की बहसों उलझता नहीं है। समाज में अब यह विमर्श स्थापित हो चुका है कि अंबेडकर और संघ का लक्ष्य सामाजिक समता लाना ही रहा है। कहीं पद्धति और प्रक्रिया में अंतर हो सकता है लेकिन भाव और लक्ष्य एक ही हैं। बाबा साहेब अंबेडकर ने मई 1939 में पुणे शिविर में जाकर कहा था कि मैं अचंभित हूँ कि स्वयंसेवक दूसरों की जाति पता किये बिना पूर्ण समानता और भाईचारे के साथ आगे बढ़ रहे हैं 7 संघ के कार्य और प्रयास की दिशा ठीक है पर गति अपेक्षा से कम है। हालांकि संघ का प्रचार प्रसिद्ध से दूर रहने के कारण चर्चाओं ज्यादा गतिविधियां नहीं आई है। कतिपय गिनीचुनी मीडिया रिपोर्ट से नियत का अंदाजा लगाया जा सकता है। सितंबर 1947 को दिल्ली की एक कालोनी में संघ के कार्यकर्ताओं के समक्ष अपने संबोधन में उन्होंने कहा था कि जब संघ संस्थापक श्री हेडगेवार जिंदा थे, मैंने आरएसएस के शिविर का दौरा किया था तथा अनुशासन, अस्पृश्यता के पूर्ण अभाव और कठोर सादगी से प्रभावित हुआ था 7 तब से मैं मानता हूँ कि संघ सेवा और आत्म बलिदान के उच्च आदर्श से प्रेरित है, जो किसी भी संगठन की ताकत होता है। (हिंदू : 17 सितंबर, 1947) अंबेडकर की संघ में स्वीकार्यता का सबसे अलग उदाहरण है कि संघ के स्वयंसेवकों द्वारा किये जाने वाला प्रातः स्मरण एकात्मता स्त्रोत में डॉ आंबेडकर का श्रद्धा पूर्वक उल्लेख बरसों से संघ कार्यालयों में हो रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख प्रचारक और भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी ने अपनी पुस्तक डॉ. अंबेडकर और सामाजिक क्रांति की यात्रा (लोकहित प्रकाशन, लखनऊ) में लिखा है कि वे 1952 से 1956 तक अंबेडकर के साथ निकटता से जुड़े थे। ठेंगड़ी ने लिखा कि वे अंबेडकर की शेड्यूल्ड कास्ट्स फेडरेशन (स्ट्स्न) के महासचिव थे और 1952 के भंडारा लोकसभा उपचुनाव में अंबेडकर के चुनाव एजेंट थे। ये वही चुनाव है जिसमें कांग्रेस भरसक प्रयास कर बाबा साहब अंबेडकर को हराने में लगी हुई थी। इतना ही नहीं जब अंबेडकर को लेकर समाज में भ्रम था तब सहज भाव लेकिन बड़े संकल्प के साथ संघ ने अपने गठन के 75 वर्ष पूरे होने पर डॉ अम्बेडकर के विचार का प्रचार और स्टीकर में छपे महापुरुषों में एक डॉ आंबेडकर को भी घर घर पहुंचाया।

यह दरअसल डॉ भीमराव अंबेडकर से कांग्रेस और परिवार विशेष में घनघोर ईर्ष्या एवं द्वेष रहा है। डॉ भीमराव अंबेडकर की विद्वता, योग्यता और सर्वस्वीकार्यता से भयाक्रांत रहे हैं। ऐसा अंबेडकर के साथ ही नहीं अपितु सरदार पटेल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री से लेकर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक भी यही भेदभाव,अपेक्षा और अपमान का भाव दिखाई पड़ता है। आज अंबेडकर विरोधी कांग्रेस अंबेडकर के कद की ओट में स्वयं को सुरक्षित करने की ताक में है लेकिन इस दौर में छिपना संभव नहीं है। बाबा साहब ने कांग्रेस और कम्युनिस्ट दोनों से ही जीवन भर संघर्ष किया और आज दोनों ही उनके मूल्यों के उलट समाज में जातीय संघर्ष और मजहबी कट्टरता की राजनीति करने में लगे हुए हैं।

**लेखक - भाजपा मध्यप्रदेश के प्रदेश मंत्री हैं।**

# "अभिवादन से दीर्घजीवी होने का रहस्य"

भारतीय संस्कृति में सभी धर्मशास्त्रकारों ने, ''अभिवादनशीलता'' को महान् धर्म और सदाचार का प्रमुख लक्षण बतलाया है। महाराज मनु ने अपनी स्मृति के प्रारम्भ में ही अभिवादनशील व्यक्ति को दीर्घायु, सद्विद्या, उत्तम यश और महान् बल परार्क्रम की सहज ही प्राप्ति बतलायी है। मूलतः महर्षि मार्कण्डेयजी अभिवादनशीलता के सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। उनमें विनय, नम्रता,शिष्टाचार, मर्यादा रक्षण, अभिवादन शीलता श्रेष्ठजन, वृद्धों तथा गुरूजन के प्रति आदर - बुद्धि, सेवाभाव आदि सद्गुणों का भण्डार भरा था, एवं नित्य विप्रों के अभिवादन करने से जो उन्हें आशीर्वाद प्राप्त हुआ, उसी से वे कालजयी महात्मा हुए तथा सदा - सदा के लिए अजर - अमर हो गये। अपने इस धर्माचरण से ऋषि मार्कण्डेयजी ने संसार में यह सन्देश दिया है कि '' अपने माता - पिता, गुरू तथा श्रेष्ठजन को सदा प्रणाम करना चाहिये और विनीत भाव से सदा उनका अभिवादन करना चाहिये। इससे दीर्घायु प्राप्त होती है और जीवन सफल हो जाता है।''इस



बात के प्रमाणीकरण में पुराणों में एक कथा प्रसिद्ध है ऐसा वर्णन है कि जब मार्कण्डेय पांच वर्ष के थे, एक दिन वे अपने पिता महर्षि मृकण्डुजी की गोद में खेल रहे थे, उसी समय संयोग से एक महाज्ञानी मर्मज्ञ वहाँ आ पहुँचे और उन्होंने उस बालक के विशिष्ट लक्षणों को देखकर महर्षि मृकण्डु से कहा ''मुने ! आपका यह बालक कोई सामान्य बालक नहीं है, यह दैवीगुणों से सम्पन्न है और इससे संसार का महान कल्याण होने वाला है। इसके शरीर में जो शुभ लक्षण हैं, ऐसे लक्षण किसी में हो तो वह अजर - अमर होता है, किन्तु इस बालक में एक विशेष लक्षण हैं , जिससे सूचित होता है कि आज के दिन से छः महीने होते ही वह मृत्यु को प्राप्त होगा। अतः आप आज, अब से ही इसके दीर्घ जीवन हेतु कार्य करें तथा इतना कह कर वे सिद्ध महात्मा चले गये। महात्माओं की भविष्यवाणी कभी भी मिथ्या नहीं होती है यह सोचकर महर्षि मृकण्डुजी ने मृत्यु टालने हेतु समय के पूर्व ही बालक का यज्ञोपवीत संस्कार कर दिया और कहा बेटा ! तुम जिस किसी भी ब्राह्मण को देखना तब विनयपूर्वक प्रणाम करना।

यं कंचिद्वीक्षसे पुत्र भ्रममाणं द्विजोत्तमम्।

डॉ. नरेंद्र कुमार मेहता

तस्यावश्यं त्वयां कार्य विनयादभिवादनम्।।

ऐसा निर्देश देकर मृकण्डुजी निश्चिंत हो गये क्योंकि वे ब्राह्मणों के आशीर्वाद की शक्ति व महत्ता से भलीभाँति परिचित थे। मार्कण्डेयजी पिता की आज्ञा मानकर अभिवादन व्रत में लग गये। जो भी श्रेष्ठ जन दिखते, मार्कण्डेयजी बड़े ही भक्ति एवं विनयपूर्वक उन्हें प्रणाम करते।

इस प्रकार छः महीने बीतने में केवल 3 दिन शेष रह गये। इसी बीच तीर्थयात्रापरायण सप्तर्षिगण उधर आ निकले, वहाँ वटुवेष में मार्कण्डेयजी खड़े थे। उनका दर्शन कर मार्कण्डेयजी को बड़ा आनन्द हुआ। उन्होंने श्रद्धा भक्तिपूर्वक बड़े ही विनीत भाव से बारी - बारी सभी महर्षियों को प्रणाम किया और सबने पृथक - पृथक दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया। महर्षि वसिष्ठजी ने उस बालक की ओर जब ध्यान से देखा तो वे समझ गये और सप्तर्षियों से कहने लगे, अरे ! यह महान् आश्चर्य है जो हम लोगों ने इस बालक का 'दीर्घायु' होने का आशीर्वाद दे दिया क्योंकि इस बालक की तो केवल 3 दिन की ही आयु शेष रह गई है, अतः अब कोई ऐसा उपाय करना चाहिये, जिससे हम लोगों का आशीर्वाद झूठा सिद्ध न हो। हम भी जानते हैं कि विधाता का विधान भी असत्य नहीं हो सकता। अतः इस बालक के चिरंजीवी होने की कोई युक्ति निकालनी चाहिये। सप्तर्षिगण ने परस्पर विचार कर यह निश्चय किया कि ब्रह्माजी को छोड़कर दूसरा कोई भी इस समस्या को हल नहीं कर सकता। अतः इस बालक को उनके आगे ले जाकर उन्हीं की आज्ञा से इसे चिरंजीवी बनाना चाहिये। ऐसा निर्णय करके तीर्थभ्रमण का कार्य रोककर उस ब्रह्मचारी को साथ ले वे शीघ्र ही ब्रह्मलोक में जा पहुँचे। वहाँ ब्रह्माजी को प्रणाम करके वेदोक्त स्तोत्रों द्वारा उनकी स्तुति करने पश्चात् सब मुनि बैठे। इसके बाद उस बालक ने भी ब्रह्माजी को प्रणाम किया, और ब्रह्माजी ने भी उसे दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात् ब्रह्माजी ने सप्तर्षियों से पूछा - आप लोग कहाँ से और किसलिए इस समय यहाँ आये हो और यह उत्तम व्रत धारण करने वाला बालक कौन है? सप्तर्षियों ने आने का प्रयोजन और उस बालक के सम्बन्ध में सारी घटना बताकर कहा कि प्रभु ! आपने भी इस बालक को यशस्वी, विद्वान तथा दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया है। अतः अब आप और हम सब सत्यवादी बने रहें। हमारी बात झूठी न होने पाये, ऐसा कोई उपाय करें।

उनकी बात सुनकर ब्रह्माजी मुस्करा उठे और कहने लगे - 'मुनिवरों ! आप लोग चिन्तित न हो। इस बालक ने अपने विनय और अभिवादन के बल पर काल को भी जीत लिया है। तब ब्रह्माजी ने विचार कर अपनी विशिष्ट शक्ति से मार्कण्डेय जी को अजर - अमर तथा जरामुक्त होने का वर प्रदान किया। ब्रह्माजी ने मार्कण्डेयजी को उनके माता - पिता के आश्रम में भेजने को कहा। सप्तर्षिगण बालक को उसके माता - पिता के आश्रम में छोड़कर तीर्थ यात्रा पर निकल गये। मार्कण्डेयजी ने सारी कथा अपने माता - पिता को बता दी तथा कहा कि अभिवादन, विनय नम्रता, शिष्टाचार, मर्यादा रक्षण से दीर्घजीवन होने का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

अभिवादन में अमीर - गरीब छोटे - बड़े का कोई भेद नहीं करना चाहिए क्योंकि अभिवादनकर्ता को इसका आनन्द - सुख उसे सदा मिलता ही है। एक प्रसंग है कि एक कम्पनी का सबसे बड़ा अधिकारी प्रतिदिन कम्पनी में आने एवं जाने पर हँसता हुआ सबको गुड बाय करता था।

## राजकाज



### राज्यपाल ने लगवाये जय श्री राम के नारे

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवी रोजाना नए-नए विवाद के लिए जाने जाते हैं । सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में जो फैसला दिया है ।उसके बाद भी उनमें कोई शर्म और हया देखने को नहीं मिल रही है । उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को भी एक तरह से चुनौती दे दी है ।तमिलनाडु के राज्यपाल एक इंजीनियरिंग कॉलेज के पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए थे ।वहां पर उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों से जय श्री राम के नारे लगवाए । यह नारे लगवाना इसलिए भी जरूरी हो गया था । उन्हें राज्यपाल के पद पर बने रहना है ।जब तक वह अपनी निष्ठा संघ और जय श्री राम के प्रति प्रदर्शित नहीं करेंगे । उनका पद पर बने रहना शायद मुश्किल होगा । तमिलनाडु मैं उनके इस्तीफा या बर्खास्त करने की मांग तेज होने लगी है।

### हिंसा के बाद पश्चिम बंगाल में पलायन मुख्य मुद्दा

पश्चिम बंगाल की राजनीति बड़ी अजब गजब की है । मुख्यमंत्री के पद पर ममता बनर्जी विराजमान हैं । वही राज्यपाल के पद पर केंद्र सरकार के राज्यपाल महोदय राज भवन में विराजमान है । पश्चिम बंगाल में राज्यपाल और मुख्यमंत्री दोनों की ही सत्ता चल रही है । पुलिस प्रशासन और अधिकारी परेशान हैं । पश्चिम बंगाल की न्यायपालिका की आंखों में हमेशा पट्टी बंधी रहती है । ममता सरकार के खिलाफ और भाजपा के पक्ष में निर्णय करने की छवि न्यायपालिका की बन चुकी है । जजों को भी अपना भविष्य देखना है । जजों को मनचाहे पद तुरंत मिल रहे हैं ।ममता बनर्जी दो पाँटों के बीच में फंसी हुई है । हाल ही में मुर्शिदाबाद में वक्फ बिल को लेकर जो हिंसा हुई है । उसके बाद भाजपा नेताओं ने हिंदू पलायन को लेकर ममता दीदी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है ।

### शेर के गले में घंटी जिसने बांधी है, वही खोलेगा

शेर को कभी-कभी सवा शेर भी मिल जाता है । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने आप को शेर समझ रहे थे । उन्होंने चीन के गले में टेरिफ़ की घंटी बांधी थी । चीन सवा सेर निकला, अमेरिका ने जो टैरिफ लगाया था । बहुत सारी वस्तुओं से अमेरिका ने टैरिफ को हटा दिया ।जिसके कारण ट्रंप की सारी दुनिया में किरकिरी हो रही है । चीन के राष्ट्रपति अब मजा ले रहे हैं । उनका कहना है,सभी टैरिफ अमेरिका वापस ले । चीन के राष्ट्रपति ने यह भी कह दिया है । जिसने घंटी बांधी है,वही घंटी को खोल सकता है। जब तक घंटी नहीं खुलेगी, तब तक चीन घंटा बजाता रहेगा ।

### आकाश आनंद को मिली मायावती की माफी

बसपा सुप्रीमो मायावती ने आखिरकार अपने भतीजे आकाश आनंद को माफी दे दी है । आकाश ने माफी मांगते हुए कहा है। वह अपनी बुआ की बात ही सुनेंगे ।अब ससुर की किसी भी बात को नहीं मानेगे । बुआजी जैसा कहेंगी,वैसा ही वह करेंगे । मायावती आकाश आनंद से बहुत प्रेम करती हैं । आकाश के माफी मांगने के बाद मायावती द्रवित हो गई । उन्होंने आकाश को माफ कर दिया ।

## फीचर



# होंठों की सर्जरी से हो सकता है नुकसान

सुंदर होंठ सभी लड़कियों की पहली पसंद होती है । इससे चेहरे की सुंदरता और भी बढ़ जाती है पर कुछ लड़कियों के होंठ बहुत पतले होते हैं जिसके लिए वे प्लास्टिक सर्जरी का सहारा लेती हैं ।

सर्जरी से होंठों को बेहतर लुक दिया जा सकता है पर ध्यान रहे कि लिप सर्जरी (होंठ को सर्जरी से निखारना) बहुत ही दर्दभरा होता है और अगर सर्जरी के बाद सावधानियां न बरती जाएं तो इससे नुकसान भी हो सकता है। ऐसे में सब लोगों को लिप सर्जरी के बारे में पूरी जानकारी होना बहुत जरूरी है।

सर्जरी के प्रकारः लिप सर्जरी दो तरह की होती है- स्थायी और अस्थायी। अस्थायी सर्जरी में इंजैक्शन की मदद से होंठों में आर्टिफिशयल फिलर भरकर उभार लाया जाता है जो 5-6 महीनों तक ही रहता है और उसके बाद होंठ अपनी पहले वाली शेप में आ जाते हैं। वहीं स्थायी सर्जरी में इम्प्लांट, लिप लिफ्ट और वेरमिलीअन एंडवांसमेंट करवाया जाता है।

सर्जरी के तरीके

फैट ट्रांसफर इंजैक्टः इसमें शरीर के किसी हिस्स से वसा लेकर होंठों में इंजैक्ट की जाती है जिससे होंठ भरे हुए लगते हैं।

वेरमिल्लियन एडवांसमेंट सर्जरी

इस सर्जरी में होंठों के किनारों को ऊपर की तरफ खींच कर उन्हें चौड़ा किया जाता है। इससे लिप्स ज्यादा पाउटी नजर आते हैं और इससे चेहरे की लुक भी बदल जाती है।

लिप इम्प्लांट सर्जरी

यह मुंह के अंदर से की जाने वाली सर्जरी है और यह स्थायी-अस्थायी दोनों तरीकों से होती है। इसमें मुंह के अंदर से इंप्लांटेशन की जाती है जिससे एक खूबसूरत मुस्कान मिलती है।


लिप लिफ्ट सर्जरी

लटके हुए और ढीले होंठों को सही शेप देने के लिए यह सर्जरी करवाई जाती है। इसमें होंठों के किनारों को ऊपर उठाने के लिए सर्जरी की जाती है।

## प्रेरणा

# संयम से जीवन की उन्नति

कार्तिय माहात्म्य प्रवचनों में पं. रामनिवास ब्रजवासी जी ने कहा शरद ऋतु में की जाने वाली उपासनाओं से जहाँ चंद्र किरणों से प्राप्त होने वाले अमृत तत्व से देह का सिंचन होता है, वहीं सूर्य की रश्मियों की प्रचुर ऊर्जा से उस अमृत तत्व की शरीर में स्थिरता होती है इसीलिए कार्तिक मास में प्रात? पवित्र नदियों में स्नान कर भगवान विष्णु शालीग्राम स्वरूप की पूजा की जाती है। इन दिनों ब्रजवासी जी कार्तिक माहात्म्य के माध्यम से श्रद्धालुओं को उपदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा भगवान विष्णु के सहस्त्रनाम का पाठ करने से मनुष्य के जीवन में संयम एवं धर्म में चलने की प्रेरणा मिलती है। जीवन को उन्नत बनाने में संयम का बहुत महत्व है। संयमी व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य को नहीं छोड़ता। शालिग्राम पूजन में पंचामृत का महत्व बताते



हुए उन्होंने कहा गाय का दूध, दही, घी व शहद और शक्कर से शालिग्राम भगवान का अभिषेक करना चाहिए। वस्तुत-इन पांचों का मंत्रोच्चारण के साथ मिल जाना ही पाँच प्रकार के अमृतों का मिलना है।

इसमें तुलसीदल डाल देने के बाद यह चरणामृत बन जाता है जिसका प्रसाद में ग्रहण कर लेने पर सभी प्रकार की आधियाँ-व्याधियाँ अर्थात मानसिक रोग तथा शारीरिक रोग दूर हो जाते हैं। हमारी उपासना विधियाँ जहाँ मनुष्य को धार्मिक बनाती है वही शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ भी बनाती है।

## अपनी बात



तेजस्वी यादव ने कहा, हम लोग आपस में बैठ कर तय कर लेंगे सीएम फेस कौन होगा। वहीं, उन्होंने इस बात को बार-बार कहा कि हम लोगों की पूरी तैयारी है। हम सब मिलकर बिहार को आगे लेकर जाएंगे। बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। हम लोग मुद्दों के आधार पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। आरजेडी नेता ने सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि नीतीश कुमार हाईजैक हो चुके हैं।



रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि सरकार बदले के तहत कारवाई कर रही है। मुझे नहीं पता कि दोष क्या है। जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे कुछ भी छिपाने की जरुरत नहीं है। उन्होंने कहा कि 20 साल से अब तक उन्हें कुछ भी नहीं मिला है, अगर कुछ है तो सामने लाया जाए। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि हमने ईडी से कहा कि हम अपने दस्तावेज व्यवस्थित कर रहे हैं, मैं हमेशा यहां रहने के लिए तैयार हूं।

## ब्रीफ न्यूज

### मृगवास की कृषि मंडी में जुआ खेलते चार जुआरी पकड़े, 4670 रुपये और ताश की गड्डी जब्त

**गुना।** जिले के मृगवास थाना क्षेत्र अंतर्गत गत रात कृषि मंडी परिसर में जुआ खेलते चार युवकों को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 4,670 रुपये नकद और ताश की एक गड्डी जब्त की है। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायालयीन कार्यवाही के लिए पाबंद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ युवक कृषि मंडी मृगवास में ताश के पत्तों से रुपये का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। यहां मंडी पहुंचकर पुलिस टीम ने देखा कि चार युवक मोबाइल की टॉर्च की रोशनी में ताश के पत्तों पर दांव लगाते हुए जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने चारों को घेराबंदी कर मौके पर पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने गोविंद पुत्र पूरन सिंह सेहरिया निवासी ग्राम बड़खुआ, अनिल पुत्र धीरप सिंह भीलनिवासी लक्ष्मणपुरा, मांगीलाल पुत्र श्यामलाल मीना निवासी ग्राम जोड़लिया तथा दर्शन पुत्र मोहर सिंह भील निवासी ग्राम जोड़लिया बताए। पुलिस ने सभी जुआरियों पर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### नानाखेड़ी कॉलोनी में दो पक्षों में जमकर मारपीट

**गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र स्थित नानाखेड़ी कॉलोनी में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और पत्थर चले। मारपीट में दोनों ओर से कई लोग घायल हुए हैं। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष के फरियादी जाविद अली निवासी नानाखेड़ी ने पुलिस को बताया कि वह रात करीब 10.30 बजे अपनी मां नूरी के साथ घर के बाहर बैठा था, तभी मोहल्ले का शनि रजक आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर शनि ने पहले पत्थर और फिर लुहांगी से हमला किया, जिससे जाविद के सिर में दो जगह गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने आए उसके भाई जाहिद, मां और अन्य परिजनों पर भी शनि, उसके पिता, भाई शिकारी और अन्य ने मिलकर लाठियों से हमला किया और घर के बाहर खड़ी गाड़ी व गेट को नुकसान पहुंचाया। वहीं दूसरी ओर, शनि रजक के पिता मुकेश रजक ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रात करीब 10 बजे मोहल्ले में जाविद, जाहिद, लक्की उर्फ रफ्तार और सलमान खान गाली-गलौज कर रहे थे। घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 115(2), 296, 324(4), 3(5) के तहत क्रॉस केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बकरा नहीं खाया तो कर दी कुटाई! पैरावनी में दावत का स्वाद बना बवाल का कारण

**गुना।** कहते हैं शादी-ब्याह के कार्यक्रम आपसी मेल-मिलाप का जरिया होते हैं, मगर जिले के फतेहगढ़ थानांतर्गत अंबारामचक गांव में पैरावनी की दावत में ऐसा बखेड़ा खड़ा हो गया कि मेहमानों को अस्पताल का रास्ता देखना पड़ा। वजह? सिर्फ इतनी सी कि एक मेहमान ने बकरा खाने से मना कर दिया।

# हनुमान चौराहे पर प्रदर्शन के बाद पांच नामजद सहित 25 लोगों पर केस दर्ज

## नारेबाजी कर लगाया गया था चक्का जाम, पुलिस ने शांति भंग करने की धाराओं में किया मामला दर्ज

सत्ता सुधार ■ गुना

हनुमान जयंती के जुलूस पर पथराव की घटना के बाद फैले तनाव के तीसरे दिन सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान हुई नारेबाजी और चक्काजाम के मामले में अब पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पांच नामजद समेत 20-25 लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2) और 126(2) के तहत केस दर्ज कर लिया है।

थाना कोतवाली गुना में पदस्थ निरीक्षक बृजमोहन सिंह भदौरिया ने एफआईआर में बताया कि 14 अप्रैल को दोपहर करीब 12:30 बजे वे हनुमान चौराहा पहुंचे थे, जहां विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता ज्ञापन सौंपने के लिए पहले ही कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हो चुके थे। कुछ दूरी चलने के बाद रंजीत खटीक निवासी गुलाबगंज केंट, आशीष रघुवंशी निवासी केंट, कैलाश मौर्य निवासी पटेल नगर रोड, मनीष शर्मा पूर्व पार्षद व राजेन्द्र कुशवाह निवासी न्यू सिटी गुना सहित अन्य कार्यकर्ता वापस लौटकर चौराहे पर जमा हो गए। इन लोगों ने एक राय होकर चौराहे




पर नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे हनुमान चौराहा पूरी तरह जाम हो गया। इसके चलते हाट रोड, तेलघानी रोड, कैंट रोड व न्यायालय रोड का यातायात प्रभावित हुआ और आमजन व वाहन चालकों को भारी परेशानी हुई। मौके पर मौजूद पुलिस बल द्वारा समझाइश देने के बाद भी प्रदर्शनकारी नहीं माने और लगातार नारेबाजी करते रहे। उक्त पूरी घटना कंट्रोल रूम के सीसीटीवी कैमरों में दर्ज हुई है, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शांति व्यवस्था भंग करने, सड़क जाम कर यातायात में बाधा उत्पन्न करने और प्रशासनिक आदेश की अवहेलना करने के आरोप में प्रकरण दर्ज कर लिया है। चाहे किसी भी संगठन के हो अंशांति फैलाने वाले, उन्हें चिन्हित कर की जाएगी सख्त कार्रवाई, पत्रकारवार्ता में बोले आईजी श्री सक्सेना इधर हनुमान जयंती के जुलूस के दौरान हुए पथराव की घटना के तीसरे दिन भी गुना शहर में तनाव की स्थिति बनी रही। इसी के मद्देनज़र ग्वालियर जोन के आईजी अरविंद सक्सेना एवं डीआईजी अमित सांघी सोमवार को गुना पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने कलेक्टर और एसपी के साथ मिलकर शहर के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और स्थानीय नागरिकों से चर्चा कर उन्हें भरोसा दिलाया कि हालात पर नियंत्रण के लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। देर शाम को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में आईजी सक्सेना ने पत्रकारों के सवालों का विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि समाज में शांति बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषी चाहे किसी भी पक्ष का हो, उस पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि हनुमान जयंती के दौरान हुई घटना में अब तक 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और जांच प्रक्रिया जारी है।

उन्होंने कहा कि पुलिस निष्पक्ष रूप से काम कर रही है और सभी पक्षों को कानून पर भरोसा रखना चाहिए। जिन लोगों को चोट पहुंची है या जिनकी संपत्ति को नुकसान हुआ है, उनके द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। आईजी ने यह भी कहा कि यदि किसी मामले में जांच की आवश्यकता महसूस होती है, तो उसे विधि के अनुसार आगे बढ़ाया जाएगा। दोपहर में मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में हुए पथराव की घटना पर उन्होंने कहा कि पुलिस ने संज्ञान ले लिया है और संबंधित लोगों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए असामाजिक तत्वों चाहे वह किसी भी संगठन से जुड़े हो, उनकी पहचान कर उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों से बांड भरवाया जाएगा ताकि वे आगे किसी प्रकार की शांति भंग करने वाली गतिविधि में शामिल न हों।

जुलूस की अनुमति को लेकर पूछे गए सवाल पर आईजी ने कहा कि जांच में सामने आया है कि आयोजन के लिए 7 तारीख को आवेदन दिया गया था, जिसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि हनुमान टेकरी पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था क्योंकि यह जिला स्तरीय बड़ा धार्मिक आयोजन था। गुना की सामाजिक समरसता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यहां के लोग हमेशा से सौहार्द के साथ रहते आए हैं। इस बार भी आमजन से अपेक्षा है कि वे शांति बनाए रखें और अफवाहों से दूर रहें। अंत में उन्होंने बताया कि घटना के दौरान चार पुलिसकर्मियों ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए दोनों पक्षों के बीच भिड़ंत रोकने में अहम भूमिका निभाई, जिन्हें सम्मानित किया जाएगा।

# तीन दिन बाद खुली गुना मंडी किसानों की भारी भीड़

## दशहरा मैदान तक लगी फसल की लाइन



सत्ता सुधार ■ गुना

तीन दिन की छुट्टियों के बाद मंगलवार को गुना की कृषि उपज मंडी खुलते ही किसानों की बड़ी भीड़ उमड़ पड़ी। लगातार बंद रहने के कारण मंडी परिसर सोमवार रात से ही ट्रैक्टर-ट्रालियों से भर गया था, जिसके बाद प्रशासन को वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर दशहरा मैदान को किसानों के लिए खोलना पड़ा। शनिवार, रविवार और फिर सोमवार को अंबेडकर जयंती की छुट्टी के कारण मंडी में फसल की नीलामी नहीं हो पाई थी। इससे किसानों में बेचैनी थी और वे नीलामी के शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। रविवार से ही किसान मंडी परिसर की ओर आने लगे थे, लेकिन सोमवार शाम तक स्थिति यह हो गई कि मुख्य परिसर में ट्रैक्टर-ट्रालियों की कोई जगह नहीं बची। मजबूरी में मंडी प्रशासन ने अतिरिक्त ट्रैक्टरों को दशहरा मैदान भेजना शुरू किया। मंडी सचिव के अनुसार, सोमवार सुबह तक मंडी में लगभग 1000 ट्रैक्टर गेहूं, 500 ट्रैक्टर धनिया और 200 ट्रैक्टर अन्य फसलों से लदे पहुंचे थे। इसके बाद करीब 300 ट्रैक्टर दशहरा मैदान में खड़े कराए गए। दोपहर तक दोनों जगहों पर लगभग 2000 ट्रालियां फसल लेकर पहुंच चुकी थीं। दशहरा मैदान में रोशनी और छांव की व्यवस्था की गई है ताकि किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो। इस बार मंडी प्रशासन ने ट्रैफिक को लेकर भी बेहतर इंतजाम किए। भारी भीड़ के बावजूद नानाखेड़ी से ऊमरी जाने वाले मार्ग और एबी रोड पर यातायात सामान्य रहा।

स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों को भी किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। दशहरा मैदान में खड़े ट्रैक्टरों की नीलामी वहीं से करवाई जाएगी ताकि मंडी में भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और शहर में जाम की स्थिति न बने। आने वाले दिनों में कोई सार्वजनिक अवकाश न होने के कारण किसानों की आवाजाही लगातार बनी रहेगी, ऐसे में प्रशासन ने स्थायी व्यवस्थाओं की तैयारी शुरू कर दी है।

### धरनावदा के पास रेलवे फाटक से युवक की बाइक चोरी

**गुना।** जिले के धरनावदा थानांतर्गत एक युवक की बाईक चोरी हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार म्याना के ग्राम डुंगासरा निवासी एक युवक की बाइक उस समय चोरी हो गई जब वह मजदूरी से लौटते वक्त रास्ते में बाथरूम करने के लिए रुका था। पुलिस को दी गई शिकायत में फरियादी धर्मेन्द्र आदिवासी पुत्र करन आदिवासी ने बताया कि वह मजदूरी करने के लिए ग्राम बालापुरा थाना छवड़ा, जिला झालावाड़, राजस्थान गया था। मजदूरी कर दोपहर लगभग 2:30 बजे वह अपनी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 08-2456 से घर लौट रहा था। रास्ते में रूठियाई-धरनावदा रोड पर स्थित गोलाखेड़ी रेलवे फाटक के पास उसे बाथरूम जाना पड़ा। उसने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी की और बाथरूम के लिए थोड़ी दूर गया। जब वह लौटकर आया तो देखा कि उसकी बाइक वहां नहीं थी। उसने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी को बाइक ले जाते नहीं देखा गया। काफी देर तक ढूंढने और पूछताछ करने के बाद वह निराश होकर गांव लौट गया। बाद में थाने पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई।

# ढाबे पर काम करने वाले युवक की सड़क हादसे में मौत

### परिजन भटकते रहे अस्पताल और ढाबे के बीच

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के फतेहगढ़ चौराहे के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। हाईवे किनारे स्थित एक ढाबे पर काम करने वाले युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसे के बाद युवक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद न सिर्फ एक युवा जीवन असमय खत्म हो गया, बल्कि उसके परिजन भी रातभर ढाबे से अस्पताल तक परेशान और असमंजस में भटकते रहे। हादसे में जान गंवाने वाला युवक धर्मेंद्र गुर्जर था, जो धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम सूकेट का रहने वाला था। धर्मेंद्र रोज की तरह काम पर जाने के लिए बाइक से निकला था। वह फतेहगढ़ चौराहे के पास हाइवे किनारे स्थित एक ढाबे पर काम करता था। लेकिन काम पर पहुंचने से पहले ही उसका सफर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से हमेशा के लिए थम गया।

परिजनों ने बताया कि उन्हें रात लगभग 1 बजे किसी व्यक्ति से सूचना मिली कि धर्मेंद्र का एक्सीडेंट हो गया है। पहले वे ढाबे पर पहुंचे, जहां उसे आखिरी बार देखा गया था। लेकिन वहां पहुंचने पर पता चला कि धर्मेंद्र को कुछ लोग पहले ही अस्पताल ले जा चुके हैं। जल्दबाजी में वे जिला अस्पताल पहुंचे, पर वहां भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। अस्पताल स्टाफ ने बताया कि एक युवक को एंबुलेंस से लाया गया था, लेकिन उसके साथ कोई नहीं था। जब परिजनों ने उसकी पहचान की तो वह मृत अवस्था में था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी अस्पताल पहुंची। मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल पुलिस हादसे को अंजाम देने वाले वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है। धर्मेंद्र की असमय मौत ने पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ा दी है। वह परिवार का सहारा था और रोजी-रोटी के लिए ढाबे पर काम करता था। परिजनों के अनुसार, हादसे के बाद की जानकारी उन्हें टुकड़ों में मिली, जिससे वे समय पर धर्मेंद्र के पास नहीं पहुंच सके। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि हादसे की सूचना स्थानीय पुलिस या अस्पताल द्वारा नहीं दी गई।

# जेसीबी बेची, पैसे नहीं दिए, 6.20 लाख की धोखाधड़ी पर शाडौरा निवासी पर केस दर्ज

### विश्वास में लेकर किश्त का वादा किया, फिर वाहन लौटाने से भी किया इनकार

**गुना।** शहर के पायगा मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति से धोखाधड़ी कर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने शाडौरा निवासी युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(5) के तहत केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच में सामने आया कि अनिल भार्गव पुत्र गणेशप्रसाद भार्गव निवासी पायगा मोहल्ला गुना ने अपनी जेसीबी मशीन क्रमांक एमपी 08-0250 को दिनांक 12 नवंबर 2024 को अमित रघुवंशी पुत्र रामबली रघुवंशी निवासी सडूमरा शाढ़ौरा जिला अशोकनगर को 7.40 लाख रुपये में बेचा था। इस सौदे के तहत अमित ने एडवांस के रूप में अनिल को 1.20 लाख रुपये पंडा जी चौराहा स्थित उसके निवास पर नकद दिए और बाकी 6.20 लाख रुपये एक महीने के भीतर देने का वादा किया। दोनों के बीच यह सौदा बाकायदा एक हजार रुपये के स्टाम्प पेपर पर लिखित में हुआ था, लेकिन तय समय बीतने के बावजूद अमित ने न तो शेष राशि चुकाई और न ही अनिल की बार-बार मांग के बावजूद जेसीबी लौटाई। जब अनिल ने कई बार अमित के घर जाकर राशि लौटाने या जेसीबी वापस करने की मांग की, तो आरोपी ने देने से साफ इनकार कर दिया। पुलिस जांच में प्रथम दृष्टया यह मामला विश्वासघात और अमानत में खयानत का पाया गया, जिसे विधिक परीक्षण हेतु जिला अभियोजन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियोजन अधिकारी ने भी मौखिक रूप से राय दी कि आरोपी के कृत्य में धारा 316(5) बीएनएस के तहत अपराध बनता है। इसके बाद आरोपी अमित रघुवंशी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया गया है ।

### शादी में जलेबी रानी के लिए जंग! पहले मैं लूंगा पर हुआ बवाल, लात-घूंसों के साथ जमकर चले फर्से

**गुना।** शादियों में मिठाइयों को लेकर थोड़ा बहुत खींचतान आम बात होती है, लेकिन जिले के आरोन में जलेबी ने जो बवाल कराया, उसने तो दूल्हा-दुल्हन से ज्यादा सुर्खियां बटोर लीं। मामला इतना गरमा गया कि पहले मैं लूंगा जलेबी की तकरार देखते ही देखते मारपीट, गाली-गलौज और फरसे की चोट तक जा पहुंची। घटना गत रात की है जब ग्राम करोदा निवासी दिनेश उर्फ गोलू रघुवंशी, अपने भाई रामकृष्ण के साथ गांव के ही हरनाम सिंह की बेटी की शादी में शरीक होने श्रीराम मैरिज गार्डन, आरोन पहुंचा था।

# रुठियाई रेल स्टेशन पर शीतल जल सेवा केन्द्र का शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ रुठियाई

18 वर्षों से निरंतर गर्मी के मौसम में रेलवे स्टेशन पर शीतल पेयजल की व्यवस्था श्री संत पीपा सेवा समिति न्यास रूठियाई द्वारा की जा रही है। इसी प्रसंग में गत दिवस संत शिरोमणि पीपा जी महाराज के जन्मजयंती पर शीतल जल का शुभारंभ किया। शीतल जल प्याऊ के लिए पीने का जल जैन मंदिर के कुआं से आता हैं। 2016 में उज्जैन कुंभ पर रूठियाई स्टेशन पर श्री संत पीपा सेवा समिति द्वारा निशुल्क जल



पिलाया गया था। प्याऊ का शुभारंभ वरिष्ठ अधिवक्ता ज्योतिषाचार्य महेश प्रसाद बोहरे वरिष्ठ अभिभाषक राघौगढ़ के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष हनुमंत सिंह दावतपुरा, डॉ रंजीत राय, बख्तावर सिंह, मांगीलाल शर्मा, छोटेलाल शर्मा, राजेश जैन, केशव गुप्ता, सोधान धाकड़ आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

**घटना** खेत में रखी मक्का की कड़प में लगाई आग

# 5 ट्रॉली चारा, घांस और पाइप जलकर खाक

## गांव लामपठार के पिता-पुत्र पर आगजनी का आरोप, पुरानी रंजिश के चलते घटना को अंजाम देने की आशंका

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के मृगवास थाना क्षेत्र के ग्राम टटूजखेड़ी में रविवार रात एक किसान के खेत में आगजनी की घटना सामने आई है। पीड़ित किसान ने गांव लामपठार के पिता-पुत्र पर जानबूझकर आग लगाने का आरोप लगाया है। आग से खेत में रखी करीब पांच ट्रॉली मक्का की कड़प, एक ट्रॉली घांस, पाइप और डोरी जलकर राख हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी पुरूषोत्तम पुत्र वीरम सिंह भील निवासी ग्राम टटूजखेड़ी ने अपने छोटे भाई पवन भील के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि उसके घर और खेत पास-पास ही हैं। रविवार रात लगभग 11:30 बजे जब वह घर के बाहर बैठा था, तभी खेत की ओर से धुआं उठता दिखा। पुरूषोत्तम तुरंत दौड़कर खेत पहुंचा तो देखा कि वहां रखी मक्का की कड़प में आग लगी है और वहीं ग्राम लामपठार के छोटूलाल पुत्र पन्नालाल भील और उसका पुत्र विनोद भील भागते नजर आए। फरियादी ने उनका पीछा करने की कोशिश की, लेकिन वे मौके से फरार हो गए।

घटना के तुरंत बाद आस-पड़ोस के लोग भी खेत पर पहुंचे और सभी ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक पुरूषोत्तम की करीब 5 ट्रॉली मक्का की कड़प, 1 ट्रॉली घांस, कण्डे, 5 पाइप और डोरी जलकर खाक हो चुकी थी। अगली सुबह जब फरियादी ने गांव में जानकारी जुटाई तो उसे पता चला कि आरोपी छोटूलाल और उसके पुत्र विनोद का गांव के ही गप्पूलाल से पुराना विवाद चल रहा था, जिसके चलते रंजिशन यह आगजनी की गई। चूंकि खेत पुरूषोत्तम का था, आग उसी की कड़प में लगाई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, चार लोग घायल, आरोन पुलिस ने क्रॉस मामला दर्ज किया

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के आरोन थानांतर्गत सिरोंज रोड स्थित उरजनयाई स्कूल के पास सोमवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर तेज व लापरवाह वाहन संचालन का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहले पक्ष के फरियादी गोवर्धन अहिरवार निवासी हरिपुर ने बताया कि वह अपने साढू पवन अहिरवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए मोटरसाइकिल से उरजनयाई जा रहा था। दोपहर करीब 3 बजे जैसे ही वे स्कूल के सामने पहुंचे, सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक एमपी 08-3197 ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

इस दुर्घटना में गोवर्धन और पवन दोनों को कई जगह गंभीर चोटें आईं। इलाज के बाद दोनों ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी लखन अहिरवार निवासी उरजनयाई ने बताया कि उसका भाई विजय और भाभी हरीबाई गृहस्थी का सामान लेने आरोन जा रहे थे। उसी स्थान पर दूसरी बाइक एमपी 33-0450 के चालक ने लापरवाही से टक्कर मार दी। हादसे में विजय के पैर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसे गुना रेफर करना पड़ा। भाभी हरीबाई को भी चोटें आईं। लखन ने अपने बयान में बताया कि घटना के चश्मदीद रामकुमार यादव और गिर्राज राजपूत भी मौके पर मौजूद थे। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तेजी से आती बस ने राहगीर महिला को मारी टक्कर, घायल

इधर आरोन थानांतर्गत ही रिजोदा तिराहे पर पाटीदार बस ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए एक महिला को टक्कर मार दी। घायल महिला रीना बाई बाल्मीक अपने परिजनों के साथ बाजार से सामान खरीदकर टैक्सी का इंतजार कर रही थी। टक्कर से वह जमीन पर गिर गई और उसके घुटने में चोट आई। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। महिला के भांजे अमित बाल्मीक की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



# सेहत के लिए लाभकारी है रामबुतान फल

*यूं तो सभी फल सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं लेकिन क्या आपने रामबुतान फल के बारे में सुना है? कम ही लोग इस फल के बारे में जानते हैं। ये फल दिखने में लीची की तरह ही होता है। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन सी, कॉपर, प्रोटीन, आयरन पाया जाता है। साथ ही 100 ग्राम रामबुतान फल में सिर्फ 84 कैलोरी पाई जाती हैं। इसके अलावा इस फल में एंटीऑक्सीडेंट गुण भी मौजूद हैं, जो शरीर से फ्री रेडिकल्स को बाहर निकालने में मदद करते हैं। इस फल के सेवन से कई गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रहा जा सकता है।*

## त्वचा के लिए फायदेमंद

रामबुतान फल का बीज त्वचा को हेल्दी बनाने के काम करता है। इसके बीजों से बने पेस्ट को चेहरे पर लगाने से स्किन के दाग-धब्बे दूर होने के साथ स्किन में निखार भी आता है। ये फल त्वचा को हाइड्रेट करने का काम भी करता है। रोजाना चेहरे पर इसके बीज का पेस्ट लगाने से त्वचा कोमल और मुलायम बनती है. साथ ही लंबे समय तक त्वचा पर झुर्रियां भी नहीं पड़ती हैं।

## कैंसर से सुरक्षित रखता है

कई गुणों से भरपूर रामबुतान फल में एंटीऑक्सीडेंट भी भारी मात्रा में मौजूद होते हैं, जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने मदद करते हैं। इसमें मौजूद विटामिन-सी शरीर में मौजूद फ्री रेडिकल्स को नष्ट करके कैंसर से बचाव करते हैं। एक स्टडी के मुताबिक, रामबुतान फल के छिलकें शरीर कैंसर की कोशिकाओं को बनने से रोकते हैं। लिवर कैंसर में भी ये फल बहुत फायदेमंद होता है।

## ये हैं रामबुतान फल के फायदे

### हड्डियों को मजबूत बनाता है

रामबुतान फल में भरपूर मात्रा में फास्फोरस पाया जाता है, जो हड्डियों के लिए बहुत फायदेमंद होता है. इसके सेवन से लंबे समय तक हड्डियां मजबूत रहती हैं।

### डायबिटीज में फायदेमंद

एक अध्ययन के मुताबिक, इस फल के साथ इसका छिलका भी काफी गुणकारी है। इसके छिलके में एंटी-डायबिटिक गुण पाए जाते हैं, जो डायबिटीज की बीमारी में फायदेमंद साबित होते हैं।

### हाजमे को बेहतर करता है



रामबुतान फल में मौजूद फाइबर डाइजेशन में सुधार करता है, जिससे कब्ज की समस्या दूर हो जाती है। इसमें मौजूद एंटी बैक्टीरियल गुण आंतों में मौजूद बैकटीरिया को नष्ट करते हैं।

# वासा वर्तमान में बहुउपयोगी

आयुर्वेद में भी वासा का औषधि के रुप में विशिष्ट स्थान है। वासा को अडूसा भी कहते हैं। आयुर्वेद में कहा जाता है कि वासा वात, पित्त और कफ को कम करने में बहुत काम आता है। इसके अलावा वासा सिरदर्द, आँखों की बीमारी, पाइल्स, मूत्र रोग जैसे अनेक बीमारियों में बहुत फायदेमंद साबित होता है, आचार्य चरक ने वासा को रक्तपित्त की चिकित्सा में श्रेष्ठ माना है। वासा का पत्ता शाक कफपित्त को कम करने वाला होता है। नेत्ररोगों के साथ अश्मरी (पथरी) शर्करा (ब्लड ग्लूकोज), कुष्ठ, ग्रहणी , योनिरोग और वात संबंधी बीमारियों में अन्य द्रव्यों के साथ वासा का प्रयोग मिलता है। सुश्रुत-संहिता में क्षारक्रिया में इसकी गणना की गई है। इसकी तीन जातियाँ पाई जाती है, जो निम्न प्रकार हैं।



अडूसा वातकारक, कफपित्त कम करने वाला, स्वर के लिए उत्तम, हृदय की बीमारी, रक्त संबंधी बीमारी, तृष्णा या प्यास, श्वास या सांस संबंधी, कास, ज्वर, वमन, प्रमेह, कोढ़ तथा क्षय रोग में लाभप्रद है। श्वसन संस्थान पर इसकी मुख्य क्रिया होती है। यह कफ को पतला कर बाहर निकालता है तथा सांस-नलिकाओं का कम, परन्तु स्थायी प्रसार करता है। श्वास नलिकाओं के फैल जाने से दमे के रोगी का सांस फूलना कम हो जाता है।

कफ के साथ यदि रक्त भी आता हो तो वह भी बंद हो जाता है। इस प्रकार यह श्लेष्म् या , कास, कंठ्य एवं श्वासहर है। यह रक्तशोधक एवं रक्तस्तम्भक है, क्योंकि यह छोटी रक्तवाहनियों को संकुचित करता है। यह प्राणदानाड़ी को अवसादित कर रक्त भार को कुछ कम करता है। इसकी पत्तितयां सूजन कम करने वाला, वेदना कम करने वाला, जंतु को काटने पर तथा कुष्ठ से राहत दिलाने में मदद करता है।

यह मूत्र जनन, स्वेदजनन तथा कुष्ठघ्न है। नवीन कफ रोगों की अपेक्षा इसका प्रयोग पूराने कफ रोगों में अधिक लाभकारी होता है।

- **कृष्णवासा:** काला वासा रस में कड़वा, तीखा तथा गर्म, वामक व रेचक होता है एवं बुखार, बलगम बीमारी से राहत दिलाने तथा अर्दित (फेसिअल पैरालिसिस ) आदि रोगों में लाभकारी होता है।
- **रक्त वासा:** इसकी पत्तियाँ मृदुकारी तथा सूजन कम करने में मदद करता है। यह ग्राम धनात्मक एवं ग्राम ऋणात्मक जीवाणुओं के प्रति सूक्ष्मजीवीनाशक क्रियाशीलता प्रदर्शित करता है। यह एंटीकोलीनेस्टेरेज क्रियाशीलता प्रदर्शित करता है।

### सिर दर्द से राहत

आजकल के तनाव भरी जिंदगी में सिरदर्द आम बीमारी हो गई है। सिरदर्द होने पर अडूसा का सेवन बहुत लाभकारी होता है।

- अडूसा के छाया में सूखे हुए फूलों को पीस लें, 1-2 ग्राम फूल के चूर्ण में समान मात्रा में गुड़ मिलाकर खिलाने से सिरदर्द से आराम मिलता है।
- वासा की 20 ग्राम जड़ को 200 मिली दूध में अच्छी प्रकार पीस-छानकर, इसमें 30 ग्राम मिश्री तथा 15 नग काली मिर्च का चूर्ण मिलाकर सेवन करने से सिरदर्द, आँख का रोग, दर्द, हिचकी, खांसी आदि बीमारियों से राहत मिलता है।
- छाया में सूखे हुए वासा पत्तों की चाय बनाकर पीने से सिरदर्द दूर होता है। स्वाद के लिए इस चाय में थोड़ा नमक मिला सकते हैं।

### आँखों का सूजन करे कम

अगर किसी बीमारी के साइड इफेक्ट के कारण या दिन भर कंप्यूटर पर काम करने के वजह से आँखों में सूजन हुआ है तो वासा का औषधीय गुण बहुत काम आता है। वासा के 2-4 ताजे फूलों को गर्म कर आंख पर बांधने से आंख के गोलक की सूजन कम होती है।

# आयुष क्वाथ अत्यंत लाभकारी

*आयुर्वेद में शुरूआती दौर में काष्ठ औषधियों का उपयोग होता था। पहले एकल द्रव्य, बाद में चूर्ण के बाद क्वाथ का चलन हुआ। क्वाथ अत्यंत लाभकारी होता हैं, इसके घटक द्रव्यों का सत्व मिल जाता हैं आजकल कोरोना काल में बहुत उपयोगी रहा पर हमने बिना परामर्श के सेवन किया। जबकि इसको अपनी अपनी प्रकृति के अनुसार लेना चाहिए जैसे वात, पित्त कफ प्रकति अनुसार लेने पर लाभकारी होता हैं।*



आयुष क्वाथ एक आयुर्वेदिक घरेलू उपचार है जो आपकी रक्षा कर सकता है, आपको भीतर से अधिक टिकाऊ बना सकता है, और मौसमी बीमारियों से लड़ने में भी सहायता कर सकता है। काढ़ा मूल रूप से एक आयुर्वेदिक पेय है जिसे विशिष्ट जड़ी-बूटियों और मसालों से तैयार किया जाता है जिन्हें पानी में उबाला जाता है ताकि उनके आवश्यक लाभ प्राप्त किए जा सकें।

काढ़ा मूल रूप से ऐसी सामग्री से तैयार किया जाता है जिसे सूखे मसाले और जड़ी-बूटियों की तरह रस नहीं लिया जा सकता है। उनके लाभ और औषधीय गुणों को निकालने का सबसे अच्छा तरीका अदरक, और तुलसी जैसे अन्य प्राकृतिक प्रतिरक्षा बूस्टर के साथ काढ़ा बनाना है।गर्म पानी गले को शांत करता है और कीटाणुओं को मारता है।

उपयोगी द्रव्य मसाले में इस्तेमाल किया जाता हैं। गर्म पानी गले को शांत करता है और कीटाणुओं को मारता है। दालचीनी और अदरक पाचन में सहायता करते हैं, जो प्रतिरक्षा प्रणाली का एक प्रमुख अंग है। तुलसी आंत में हानिकारक कीटाणुओं के खिलाफ कुशलता से काम करती है। अदरक कंजेशन, गले में खराश, सर्दी और खांसी के लिए एक प्रभावी घटक है।

### प्रमुख तत्व हैं

- **दालचीनी व अदरक:** यह पाचन में सहायता करता है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली का एक प्रमुख अंग है।
- **तुलसी:** यह आंत में हानिकारक कीटाणुओं के खिलाफ कुशलता से काम करती है।
- **अदरक:** यह कंजेशन, गले में खराश, सर्दी और खांसी के लिए एक प्रभावी घटक है। अदरक अपने उच्च एंटीऑक्सीडेंट गुणों के कारण गले में खराश, सर्दी और खांसी के लिए प्रभावी है।
- **काली मिर्च और विटामिन सी:** यह आम सर्दी से बचाता है। और चूंकि काली मिर्च में विटामिन सी की मात्रा भी अधिक होती है, इसलिए यह एक बेहतरीन एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करती है।
- **दालचीनी:** एंटीऑक्सिडेंट से भरी हुई है जो इसे फ्लू के लिए एक प्राकृतिक उपचार बनाती है क्योंकि यह शरीर में गर्मी फैलाती है। यह पेट को अपच, गैस और कब्ज से भी मुक्त रखता है। चूंकि दालचीनी आयरन और कैल्शियम से भरपूर होती है और जब अदरक के साथ ली जाती है, तो यह पाचन में सहायता करती है जिसका हमारी प्रतिरक्षा पर सीधा प्रभाव पड़ता है।
- **काली मिर्च:** बलगम को तरल करने के लिए अपने कफ निःसारक गुणों के लिए जानी जाती है।
- **अदरक:** अपने उच्च एंटीऑक्सीडेंट गुणों के कारण गले में खराश, सर्दी और खांसी के लिए प्रभावी है।

### विधि

- 150 मिलीलीटर उबलते पानी में आधा चम्मच क्वाथ काढ़ा डालें। 5 मिनट तक उबालें और एक कप में छान लें और गर्मागर्म पिएं।
- दिन में दो बार अधिकांश सुबह और शाम या चिकित्सक के निर्देशानुसार सेवन करें। सर्वोत्तम परिणामों के लिए नियमित रूप से सेवन करें।
- यह 5 साल से ऊपर के बच्चों के लिए उपयुक्त है।
- यह शरीर को ज़्यादा गरम नहीं करता। यह अपने एंटीऑक्सीडेंट और अन्य बायोएक्टिव यौगिक सामग्री के कारण आपके शरीर के तापमान को नियंत्रित करेगा।
- अपनी प्रकति के अनुसार ले और जरुरत के अनुसार एक दिन छोड़ कर ले जिससे कोई साइड इफेक्ट्स न हो। सभी के लिए अलग अलग प्रभावकारी होता हैं।

# अमीबियासिस से करें बचाव



*अमीबियासिस के बारे में कम ही लोग जानते हैं जिसे अमरबारुग्णता भी कहा जाता है। यह बारिश में आसानी से फैलने वाली बीमारी है। इससे बचने के लिए आपको यह जानना बेहद जरूरी है।*

### कारण

परजीवी जीवाणु से होने वाला अमीबियासिस, प्रमुख रूप से एक जलजनित रोग है, जो संक्रमित पानी पीने एवं दूषित व कीटाणु युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से होता है। यह उन जगहों पर ज्यादा होती है जहां ठीक से साफ सफाई न हो या भरपूर भोजन पानी न मिलता हो। भोजन निर्माण एवं संग्रहण से संबंधित समस्त तत्व शुद्धता तथा कीट से बचाव पर केंद्रित होते हैं।

### कैसे होता है संक्रमण

आसानी से फैलने वाले इस संक्रमण में प्रोटोजोन, एंट-अमीबा हिस्टोलाइटिका, बड़ी आंत को अपना घर बनाता है और उसे संक्रमित कर आपको बीमार बना देता है। यह एक कोशीय जीवाणु बड़ी आंत के अतिरिक्त लीवर, फेफड़ों, हृदय, मस्तिष्क, वृक्क, अंडकोष, अंडाशय, त्वचा आदि तक में पाया जा सकता है।

### लक्षण

पतले दस्त, उल्टी होना, जी मचलाना, पेट फूलना, परिवर्तित पाखाने की आदत, भोजन पश्चात दस्त, बुखार, पेट में रुक-रुक कर दर्द, कब्ज या बारी-बारी से दस्त, थकान, वजन का एकदम कम होना, भूख न लगना, अपच वायु-विकार इसके प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं।

### उपचार

(1) नारियल पानी का सेवन करें।
(2) काली चाय बनाकर पिएं।
(3) जाम, पपीते जैसे फलों का सेवन करें।
(4) बेल और अखरोट का सेवन लाभकारी होगा।
(5) पेयजल में क्लोरिवेट दवा डालें या पानी को उबालकर शुद्ध करके ही पिएं।

**इसके अलावा चिकित्सक की सलाह से दवाएं लें।**



# रैंप वॉक को सिर्फ ग्लैमर तक सीमित नहीं रखा अदा शर्मा ने



**बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा ने बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक में इस बार रैंप वॉक को सिर्फ ग्लैमर तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसमें दम और जुनून का तड़का भी लगा दिया। शो ओपनर बनीं अदा ने ब्लैक एंब्रॉयडरी लहंगे में रैंप पर एंट्री की, लेकिन उनका अंदाज़ बाकी हसीनाओं से बिल्कुल अलग और हैरान कर देने वाला था।**

भारी कढ़ाई वाले ब्लैक लहंगे के साथ अदा ने डीप नेक ब्लाउज और साड़ी स्टाइल में पिन किया हुआ दुपट्टा पहना था, जो पूरे लुक को रॉयल बना रहा था। माथे पर बड़ा मांग टीका, गले में हैवी चोकर और ग्रेसफुल मेकअप ने उनके लुक को बेहद एलिगेंट और क्लासिक बना दिया। न्यूड लिपशेड, हल्का फाउंडेशन और शार्प कंटूरिंग से उनके फेस का ग्लो और आत्मविश्वास साफ नजर आ रहा था। लेकिन असली सरप्राइज़ तब मिला जब अदा शर्मा हाथ में तलवार लेकर रैंप पर आगे बढ़ीं। एक योद्धा रानी की तरह उन्होंने न सिर्फ तलवार के साथ ग्रेसफुल वॉक किया बल्कि बीच रैंप पर रुककर मार्शल आर्ट्स मूव्स भी दिखाए। दोनों हाथों में तलवार थामे उन्होंने स्ट्राइकिंग पोज़ दिए, जिनमें उनकी ट्रेनिंग और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था।

इस इवेंट में हेमा मालिनी, मनारा चोपड़ा समेत कई सेलेब्स ने शिरकत की, लेकिन अदा शर्मा अपने अलग अंदाज़ और वॉरियर अवतार के कारण सबसे ज्यादा चर्चा में रहीं। अदा ने साबित कर दिया कि फैशन सिर्फ खूबसूरती और स्टाइल तक सीमित नहीं, उसमें आत्मविश्वास, ताकत और नया प्रयोग भी शामिल हो सकता है। उनका ये परफॉर्मेंस सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहा है और फैंस उन्हें रियल वॉरियर क्वीन कह रहे हैं।अदा की बॉडी लैंग्वेज ने हर किसी को हैरत में डाल दिया और ऑडियंस के बीच तालियों की गूंज सुनाई देने लगी।



# छेड़छाड़ कर रहे लड़के का दांत तक तोड़ दिया था चाहत खन्ना ने

हाल ही में एक्ट्रेस चाहत खन्ना ने अपने साथ हुई दो दर्दनाक छेड़छाड़ की घटनाओं का खुलासा किया। एक इंटरव्यू में चाहत ने बताया कि करीब 10-11 साल पहले वह अपनी दो बहनों के साथ कार में थीं, जब दो बाइक सवार लड़कों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। चाहत के मुताबिक, वे लड़के कार के पास आकर अश्लील कमेंट्स कर रहे थे और बार-बार रास्ता काट रहे थे। आखिरकार जब चाहत का सब्र जवाब दे गया, तो उन्होंने कार रोककर उन लड़कों की बाइक के सामने गाड़ी खड़ी कर दी और बाहर निकलकर खुद उन्हें सबक सिखाने लगीं। उन्होंने कहा कि दोनों लड़कों से उनकी जमकर हाथापाई हुई, लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि आसपास मौजूद किसी भी व्यक्ति ने उनकी मदद नहीं की। चाहत ने बताया कि उन्होंने एक लड़के का दांत तक तोड़ दिया था। इस घटना के अलावा चाहत ने अपने बचपन से जुड़ी एक और चौंकाने वाली बात साझा की। उन्होंने बताया कि उनकी सोसाइटी में एक बुजुर्ग अंकल रहते थे, जो बाहर से बहुत दयालु लगते थे। वह अक्सर बच्चों को चॉकलेट देते और गोद में बैठाते थे। चाहत ने बताया कि उस वक्त उन्हें कुछ समझ नहीं आया, लेकिन बाद में जब वह अपनी एक बचपन की दोस्त से मिलीं, तो उसने बताया कि उसी अंकल के खिलाफ उसने छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई थी। तब जाकर चाहत को एहसास हुआ कि बचपन में उनके साथ भी गलत हुआ था। चाहत खन्ना ने टीवी पर हीरो - भक्ति ही शक्ति है से करियर की शुरुआत की थी और बाद में कुमकुम, काजल, कबूल है और बड़े अच्छे लगते हैं जैसे शोज़ में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाया। फिल्मों में भी उन्होंने थैंक यू, 7ट्टू फेरे, प्रस्थानम और यात्री जैसी फिल्मों में काम किया है। चाहत की यह बेबाकी न सिर्फ उनके साहस को दर्शाती है, बल्कि उन महिलाओं को भी हौसला देती है जो अपने साथ हुई ज्यादती के खिलाफ आवाज उठाने से डरती हैं। बता दें कि टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस चाहत खन्ना, जिन्हें बड़े अच्छे लगते हैं और कबूल है जैसे हिट शोज़ के जरिए घर-घर में पहचान मिली।



# मलाइका ने जिंदगी की कुछ खास झलकियां की सांझा

**हाल ही में सोशल मीडिया पर बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने अपनी ज़िंदगी की कुछ खास झलकियां साझा कीं, जो उनके प्रशंसकों के दिलों को छू गईं। इंस्टाग्राम पर मलाइका ने कुछ तस्वीरें पोस्ट करते हुए उन चीज़ों का ज़िक्र किया जो उनके दिल के बेहद करीब हैं। इन तस्वीरों में वह अपनी बहन अमृता अरोड़ा, मां जॉयस पॉलीकार्प और पालतू डॉगी कैस्पर के साथ नजर आईं। फैमिली के साथ बिताए इन खूबसूरत पलों में मलाइका की भावनात्मक जुड़ाव और सादगी भरी ज़िंदगी की झलक देखने को मिली।**

तस्वीरों में उनके फैशन सेंस के साथ-साथ उनकी पसंदीदा टोपी, हलवा-पूरी और काले चने की प्लेट, एक खूबसूरत गुलाब का गुलदस्ता और मार्विन गे के क्लासिक गाने गॉट टू गिव इट अप के प्रति उनका प्यार भी नजर आया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, ये मेरी कुछ पसंदीदा चीजें हैं। इस भावुक पोस्ट ने फैंस के साथ उनका एक आत्मीय रिश्ता जोड़ा और उनकी पर्सनल लाइफ की झलक को दिलचस्प बना दिया। इससे पहले मलाइका ने एक प्रेरणादायक पोस्ट शेयर करते हुए अपनी फिटनेस जर्नी को लेकर बात की थी। उन्होंने एक योग वर्कआउट वीडियो शेयर किया था जिसमें वह चटाई पर विभिन्न योग आसनों में नजर आईं।

उन्होंने लिखा, आज की थकान, कल के लिए मजबूत प्रेरणा - एब्स और कोर वर्कआउट। उनका यह फिटनेस डेडिकेशन फैंस को हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने की प्रेरणा देता है। मलाइका इन दिनों डांस रियलिटी शो 'हिप हॉप इंडिया सीजन 2' में रेमो डिसूजा के साथ जज की भूमिका निभा रही हैं। शो के बारे में बात करते हुए मलाइका ने कहा, जब मुझे इस शो के लिए अप्रोच किया गया, तो मैं काफी उत्साहित थी। यह मेरे लिए एक नया अनुभव है और मैं इससे बहुत कुछ सीख रही हूं। अलग-अलग डांस स्टाइल्स से मैं खुद को भी एक प्रतियोगी की तरह महसूस कर रही हूं। इस मंच का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास है।

# बहन-भाई से अलग हुईं सिंगर सोनू कक्कड़, जताया दुख



हाल ही में सिंगर सोनू कक्कड़ ने एक ऐसा बयान दिया, जिसने सभी को हैरानी में डाल दिया। सोशल मीडिया पर एक भावनात्मक पोस्ट शेयर करते हुए सोनू कक्कड़ घोषणा की कि वह अब अपने भाई-बहन नेहा कक्कड़ और टोनी कक्कड़ से अलग हो रही हैं। सोनू की यह पोस्ट जैसे ही इंटरनेट पर आई, देखते ही देखते वायरल हो गई और फैंस के बीच हलचल मच गई। इस पोस्ट में सोनू कक्कड़ ने लिखा, आप सभी को यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मैं अब दो सुपर टैलेंटेड सुपरस्टार्स टोनी कक्कड़ और नेहा कक्कड़ की बहन नहीं हूं। मेरा यह निर्णय गहरे भावनात्मक दर्द से उपजा है और मैं आज वास्तव में बहुत निराश हूं।इस बयान के कुछ ही समय बाद सोनू ने यह पोस्ट डिलीट भी कर दी, लेकिन तब तक यह सोशल मीडिया पर जमकर फैल चुकी थी। इस बयान ने लोगों को भावनात्मक रूप से झकझोर दिया है क्योंकि कक्कड़ सिब्लिंग्स को अब तक इंडस्ट्री के सबसे करीबी भाई-बहनों में गिना जाता था। खास बात यह है कि यह खुलासा टोनी कक्कड़ के जन्मदिन के कुछ ही दिन बाद हुआ, जिस मौके पर सोनू नजर नहीं आई थीं। तभी से फैंस के बीच चर्चा शुरू हो गई थी कि शायद परिवार में कुछ ठीक नहीं चल रहा है। नेहा, टोनी और सोनू कक्कड़ का संघर्षों से भरा सफर किसी से छिपा नहीं है। बचपन में बेहद गरीबी में पले-बढ़े इस परिवार की शुरुआत सोनू कक्कड़ ने की थी, जो माता के जागरणों में गाया करती थीं। नेहा भी सोनू के साथ इन आयोजनों में गाने लगीं और धीरे-धीरे तीनों भाई-बहन ने सिंगिंग की दुनिया में नाम कमा लिया। आज नेहा कक्कड़ बॉलीवुड की टॉप फीमेल सिंगर्स में गिनी जाती हैं, वहीं टोनी और सोनू भी म्यूजिक इंडस्ट्री में बड़ी पहचान रखते हैं।

# प्रतिभाशाली कलाकारों को नहीं मिलते बराबरी के मौके : ईशा मालवीय



छोटे परदे की एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने एक इंटरव्यू में कहा कि यह बात उन्हें आज भी परेशान करती है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि इंडस्ट्री को किसी की पारिवारिक पृष्ठभूमि नहीं, बल्कि उसकी प्रतिभा को महत्व देना चाहिए। एक्ट्रेस ईशा ने कहा, मैं यह नहीं कहती कि भाई-भतीजावाद पूरी तरह गलत है, लेकिन बाहरी लोगों को भी खुद को साबित करने का निष्पक्ष मौका मिलना चाहिए। स्टार किड्स के साथ मुकाबला करने दीजिए और फिर दर्शकों को तय करने दीजिए कि कौन ज्यादा चमकदार है। हमें योग्यता पर आधारित भविष्य की ओर बढ़ना होगा। ईशा मालवीय ने 'उड़ारियां' में जैस्मिन का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीता था। इसके बाद वह 2023 में 'बिग बॉस 17' में नजर आईं और शो में अपनी बेबाकी और सादगी से सुर्खियों में रहीं। वह 'पांव की जूती' जैसे म्यूजिक वीडियो और गौहर खान के साथ 'लवली लोला' शो में भी काम कर चुकी हैं। अपने अभिनय अनुभव को साझा करते हुए ईशा ने कहा कि उन्हें अपने से बिल्कुल अलग किरदार निभाना न सिर्फ चुनौतीपूर्ण लगता है, बल्कि इससे उन्हें आत्मविश्वास भी मिलता है। उन्होंने कहा, जब मैं खुद से विपरीत किरदार निभाती हूं, तो मुझे एक अलग तरह की खुशी मिलती है। मुझे कभी किसी किरदार को निभाने में हिचक नहीं हुई। ईशा ने अपनी एक दिलचस्प कमजोरी का भी खुलासा किया। उन्होंने हँसते हुए कहा, मेरी कमजोरी मिठाई है। मुझे बहुत पसंद है, लेकिन फिटनेस को ध्यान में रखते हुए थोड़ा कंट्रोल करना पड़ता है। जब उनसे पूछा गया कि अगर उनकी ज़िंदगी पर फिल्म बने तो उसका नाम क्या होगा, तो उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, उसका नाम 'ये लड़की पागल है' होगा।

# ओसीडी से जुड़े अनुभवों को साझा किया कावेरी कपूर ने



हाल ही में अपने ऑब्सेसिव-कंपल्सिव डिसऑर्डर (ओसीडी) से जुड़े अनुभवों को साझा करके गायिका, गीतकार और अभिनेत्री कावेरी कपूर ने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर एक साहसी पहल की है। उन्होंने बताया कि वह किस तरह इस मानसिक स्थिति से सालों से जूझ रही हैं और कैसे उन्होंने इसे संभालने के तरीके खुद ढूंढे हैं। कावेरी का यह खुलासा सिर्फ उनकी व्यक्तिगत यात्रा नहीं, बल्कि उन अनगिनत लोगों के लिए राहत की एक किरण बनकर आया है, जो चुपचाप ऐसे ही मानसिक संघर्षों का सामना कर रहे हैं।

कावेरी ने बताया कि वह एक मुश्किल रात से गुजर रही थीं, जब उन्होंने यह पोस्ट लिखी। उन्होंने ओसीडी को लेकर फैली आम गलतफहमियों को तोड़ा और स्पष्ट किया कि यह केवल सफाई पसंद या चीज़ों को बार-बार जांचने की आदत नहीं है, बल्कि यह एक मानसिक स्थिति है जिसमें दिमाग में लगातार जबरन विचार आते हैं और इंसान को वे विचार दूर करने के लिए दोहराए गए व्यवहार करने पड़ते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भले ही उन्हें पता होता है कि उन्होंने लाइट या गीजर बंद कर दिया है, फिर भी उन्हें बार-बार यह जांचने की ज़रूरत महसूस होती है। अपनी पोस्ट में कावेरी ने यह भी बताया कि उन्होंने अपने ओसीडी को मैनेज करने के लिए एक अनोखा तरीका अपनाया है उन्होंने इसे बॉब नाम दिया है।

# बीकानेर में रियल एस्टेट में निवेश कर रही हैं चारूः राजीव सेन

एक्ट्रेस चारू असोपा के एक्स हसबेंड राजीव सेन ने साफ तौर पर कहा कि चारू आर्थिक तंगी में नहीं हैं, बल्कि बीकानेर में रियल एस्टेट में निवेश कर रही हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि या तो चारू ने वहां घर खरीद लिया है या खरीदने की योजना बना रही हैं, और प्रॉपर्टी खरीदना कोई सस्ता सौदा नहीं होता। उनके मुताबिक, अगर कोई महिला आर्थिक तनाव में है, तो वह नया घर खरीदने और महंगे खर्चों का जोखिम नहीं उठाएगी। राजीव ने चारू के व्लॉग्स का जिक्र करते हुए कहा कि वह अक्सर खरीदारी करती नजर आती हैं और हाल ही में अपने भाई-भाभी को लेकर एक महंगे क्रूज ट्रिप पर भी गई थीं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वह इतने खर्च कर सकती हैं, तो फिर फाइनेंशियल स्ट्रगल की बात कहां से आती है? राजीव ने केवल आर्थिक दावों पर ही नहीं, बल्कि बेटी जियाना से मुलाकात को लेकर भी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जब से चारू बीकानेर गई हैं, वह अपनी बेटी से मिलने के लिए उन्हें लगातार मैसेज कर रहे हैं लेकिन चारू कोई जवाब नहीं दे रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि निजी मामलों को पब्लिक में लाना गलत है, खासकर जब बात बच्चों और फाइनेंशियल मामलों की हो। गौरतलब है कि चारू असोपा ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि मुंबई में रहना उनके लिए काफी महंगा हो गया था और इसी वजह से उन्होंने बीकानेर लौटने का फैसला किया।

चारू और राजीव ने 2019 में शादी की थी और 2021 में एक बेटी के माता-पिता बने। 2023 में दोनों का तलाक हो गया। अब यह सार्वजनिक बहस एक बार फिर उनके रिश्तों की खटास को उजागर कर रही है। मालूम हो कि हाल ही में चारू असोपा एक वायरल वीडियो को लेकर चर्चा में आ गईं, जिसमें उन्हें बीकानेर की एक दुकान में सलवार सूट बेचते हुए देखा गया। वीडियो में उन्होंने दावा किया कि पैसों की तंगी के चलते उन्होंने यह नया बिजनेस शुरू किया है। इस खुलासे के बाद सोशल मीडिया पर उन्हें लेकर तरह-तरह की बातें की जाने लगीं, लेकिन अब उनके एक्स पति राजीव सेन ने इस मुद्दे पर कड़ा बयान देकर नया मोड़ ला दिया है।



## ब्रीफ न्यूज

### गांव की बच्चियों ने हाथों में मेहंदी रचाकर पानी बचाने के लिए लोगों को किया जागरूक



**छतरपुर।** जिले में कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आमजन को जल संरक्षण जागरूकता शपथ, जलाशयों में श्रमदान कर स्वच्छता कार्य सहित जल की महत्वता पर जन चौपालों के माध्यम से परिचर्चाएं की जा रही है। विगत दो दिवसों में जल गंगा संवर्धन में ग्राम पंचायत पहाड़ी मैमारू में ग्रामीण लोगों की बैठक कर लोगों को तालाबों, कुएं एवं बावड़ियों की सफाई करने के लिए प्रेरित किया गया और श्रमदान करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही गांव की बच्चियों ने जल गंगा संवर्धन अभियान चलने पर हाथों में मेहंदी लगाकर लोगों को जागरूक किया। इस जागरूकता बैठक में परामर्शदाता वंदना तिवारी, समाजसेवी रितमता सक्सेना और सीएमसीएलडीपी छात्र उपस्थित रहे। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रताप सागर तालाब की सफाई अभियान का कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से नवांकुर संस्था से अनूप तिवारी, हाइड्रोलॉजिस्ट राहुल दुबे, कृषि विशेषज्ञ इरशाद खान, नामांकित संस्था से नेहा तिवारी एवं उनकी टीम में शिप्रा तिवारी, प्रीति पांडे, परामर्शदाता वंदना तिवारी, एमएस डब्ल्यू बस स्टूडेंट के सहयोग से प्रताप सागर सरोवर की सफाई कार्य किया गया। साथ ही राजनगर अंतर्गत बसारी के ग्राम भैरा में श्रमदान किया गया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य शामिल हुए।

### सीएम राइज विद्यालय नौगांव में नए सत्र के प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**छतरपुर।** लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र भोपाल द्वारा सी.एम.राइज विद्यालयों में प्रवेश के लिए जारी नीति के अनुसार सीएम राइज स्कूल के नवीन भवन से क्रमशः 1 किमी, 2 किमी, 3 किमी की दूरी और क्रमशः परिधि में स्थित शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत रहे विद्यार्थियों के लिये उनके अभिभावकों की सहमति के आधार पर कक्षा 2 से 9 वीं के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके लिए अभिभावक को संबंधित शासकीय विद्यालय (जिसमें उनका बच्चा अध्ययनरत रहा है) के प्रधानाध्यापक से सम्पर्क कर सहमति देकर सी.एम.राइज विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन करना होगा तभी उनके बच्चे का प्रवेश सी.एम राइज विद्यालय में किया जा सकेगा। असहमति देने वाले अभिभावकों के बच्चे उसी विद्यालय में अध्ययनरत रहेंगे।

# पुलिस आखिर कब करेगी ऑनलाइन सट्टे के मास्टरमाइंड आजाद को गिरफ्तार

## सर्व समाज के ज्ञापन के बाद भी पुलिस ने नहीं की कोई करवाई,गुना कैंट थाने में पकड़े गए आरोपियों ने बताया था मास्टरमाइंड का नाम, शहर में चर्चाओं का दौर, पुलिस पर उठ रहे हैं सवाल





सर्व समाज,अशोकनगर (म.प्र.)

राजकुमार नामदेव ■ अशोकनगर

पुलिस आखिर कब करेगी ऑनलाइन सट्टे के मास्टरमाइंड आजाद को गिरफ्तार,यह सवाल आज कल शहर के हर चौक चौराहे पर चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ दिनों पूर्व ऑनलाइन सट्टा को लेकर गुना जिले की कैंट थाना पुलिस ने कुछ आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा था, जिनमें कुछ अशोकनगर के निवासी थे,जिनसे पूछताछ में आरोपियों ने ऑनलाइन सट्टे का मास्टरमाइंड अशोकनगर के आजाद खान का नाम बताया था। मास्टर माइंड का नाम सामने आते ही शहर के लोगों में आक्रोश बढ़ गया और कुछ दिन पूर्व सर्व समाज द्वारा विश्व हिंदू परिषद के नेता डॉ दीपक मिश्रा की अगुवाई में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को आजाद खान पर कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन सोपा गया था। तथा मास्टरमाइंड पर कार्रवाई न होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी भी दी गई थी। लेकिन ज्ञापन के कई दिन बीतने के बाद भी पुलिस द्वारा सक्रियता से आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिससे पुलिस पर सवाल उठ रहे हैं, और शहर में तरह-तरह की चर्चाओं का दौर चल रहा है। लोगों का कहना है कि वैसे तो पुलिस किसी को भी उठा लेती है, लेकिन जैसा कि शहर के सभी लोग जानते हैं कि आजाद खान कौन है, क्या करता है,और इसने कहां से अकूत संपत्ति हासिल की। अगर ईमानदारी से जांच की जाए तो मास्टरमाइंड की सारी हकीकत लोगों के सामने आ जाएगी।

### समय बीतने पर क्या सर्व समाज करेगी आंदोलन

एक तरफ ऑनलाइन सट्टा के मास्टरमाइंड आजाद खान पर पुलिस कार्रवाई न होना, दूसरी तरफ सर्व समाज द्वारा विश्व हिंदू परिषद नेता डॉ दीपक मिश्रा की अगवाई में दिए गए एसपी कलेक्टर को ज्ञापन में कार्रवाई के लिए 8 दिन का समय दिया जाना, उसके बाद आंदोलन की चेतावनी। इससे संभावना है कि ज्ञापन की समय अवधि बीतने के बाद सर्व समाज आंदोलन जरूर करेगी। जो पुलिस के लिए परेशानी का सबब बनेगी।

### कोतवाली पुलिस ने किया प्रेस नोट जारी

हालांकि कोतवाली पुलिस द्वारा सोमवार देर रात एक प्रेस नोट जारी कर बताया गया था कि सट्टा के सोर्स की जांच प्रारंभ कर दी है, महत्वपूर्ण साक्ष मिले हैं, जिनके आधार पर बड़े सट्टेबाजों के गिरेबान तक पहुंचने की तैयारी है, गुना में मिला चिराग जैन भी आरोपी बना है। पुलिस द्वारा जारी बयान में बताया गया कि दिनांक 23 फरवरी को अशोकनगर में चैंपियंस ट्रॉफी में ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए गोलू बगिया और गौरव जैन को अन्य आठ आरोपियों के साथ पकड़ा था। जिसका अपराध लघु माफिया की धारा112, 49, भा.न्या.स. एवं धूत क्रीड़ा अधिनियम में पंजीबद किया गया था। कोतवाली पुलिस ने ऑनलाइन सट्टे के सोर्स तक पहुंचाने के लिए आरोपी गौरव जैन के कॉल डिटेल और बैंक अकाउंट खंगाले तो पता चला कि अशोकनगर का चिराग जैन और राहुल जैन भी बड़े स्तर पर इसके साथ सट्टा कारोबार में लिप्त है। जिससे प्रकरण में चिराग जैन और राहुल जैन को भी आरोपी बनाया गया। हाल ही में गोलू बगिया उर्फ गौरव जैन तथा चिराग जैन गुना में ऑनलाइन सट्टा में पकड़े गए हैं। इस पर कोतवाली अशोकनगर द्वारा गुना पुलिस के साथ मिलकर ऑनलाइन व्यापार के सोर्स की जांच की जा रही है जिसके चलते इस प्रकरण में नामी ग्रामीण सट्टा संचालक के भी आरोपी बनने की संभावना है। हालांकि पुलिस द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट से क्या हासिल होगा यह तो पुलिस ही जाने लेकिन शहर के लोगों में पनप रहे आक्रोश को शांत करने के लिए पुलिस का यह तरीका, लोगों को तसल्ली जरूर देगा।

# कलेक्टर ने किया सीवन नदी, सीटू नाले एवं भगवानपुरा तालाब का निरीक्षण

## सीवन नदी के गहरीकरण एवं सफाई के संबंध में कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

सत्ता सुधार ■ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे सीवन नदी तथा सीटू नाले के गहरीकरण, साफ-सफाई के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से सीवन नदी एवं सीटू नाले में आने वाले पानी के स्त्रोतों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सीवन नदी के गहरीकरण एवं साफ-सफाई के सबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने भगवानपुरा डैम का भी निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवज़्धन अभियान के तहत सीवन उत्थान समिति एवं जनसहयोग से सीवन नदी के उत्थान का कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों से चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि सीवन नदी को प्रदूषण मुक्त करने के सभी विकल्पों पर विचार करते हुए प्रयास किए जाएं। उन्होंने नदी का अवलोकन कर उन स्त्रोतों के बारे में जानकारी ली जिनसे दूषित जल आकर सीवन नदी में मिलता है और सीवन नदी के जल को प्रदूषित करता है। नगर पालिका सीएमओ को निर्देश दिए कि नदी एवं नाले के जल ग्रहण क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को आगामी वषार्काल से पहले ही हटाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नदी एवं नाले पर बने जो स्टॉप डैम जर्जर स्थिति मे हैं तथा जिनसे पानी लीकेज होता है उनकी जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए।

सीवन नदी में मिलने वाले सभी दूषित जल स्त्रोतों को चिन्हित कर उनके उचित निस्तारण के उपाय किए जाएं ताकि दूषित जल नदी में न मिले और सीवन नदी का जल स्वच्छ हो सके। निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर बालागुरू के. ने सीवन नदी के उद्गम स्थल भगवानपुरा डैम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भगवानपुरा डैम के वॉल्व से हो रहे लीकेज का अवलोकन किया और संबंधित इंजीनियर को निर्देश दिए कि तालाब का जलस्तर कम होने के बाद लीकेज वॉल्व की तुरंत मरम्मत की जाए।

# अशोकनगर में बारात निकलने के दौरान विवाद



### दो पक्षों में मारपीट; पुलिस ने एक घंटे में स्थिति संभाली

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

अशोकनगर की विदिशा रोड स्थित पंजाब एग्रो के सामने बारात निकलते समय दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में मारपीट के बाद देहात और कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इस दौरान लगभग 1 घंटे तक हंगामा चलता रहा।

जानकारी के अनुसार, एक बारात निकल रही थी, इस दौरान मुंगावली विधायक के चचेरे भाई दर्शन सिंह यादव के बेटे का कुछ लोगों से झगड़ा विवाद हो गया। विवाद बढ़ने के बाद कोतवाली थाना प्रभारी मनीष शर्मा एवं देहात थाना प्रभारी रवि प्रताप चौहान, एसडीओपी विवेक शर्मा, टीआई नरेंद्र त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। जानकारी लगने के बाद दर्शन सिंह भी मौके पर पहुंच गए। देर रात तक विदिशा रोड पर हंगामा चलता रहा। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया, जिसके बाद विवाद खत्म हुआ।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जलस्रोतों की सफाई



सत्ता सुधार ■ सीहोर

राज्य शासन के निदेर्शानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रर्दषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# सेवा से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं: दिव्य प्रभा







### लीनेस क्लब अशोकनगर सर्वमंगला का शुभारम्भ, शपथ विधि कार्यक्रम सम्पन्न

अशोकनगर। सेवा से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं है,फिर चाहे वह मानव सेवा हो, प्रकृति की सेवा हो या, पशु पक्षियों की,जब हम सच्चे मन से सेवा कार्य करते हैं, तो हमें अनंत खुशी मिलती है, जिससे हमारे चारों तरफ का वातावरण आनंदमय बन जाता है। उक्त उद्गार सोमवार को स्थानीय विदिशा रोड स्थित चंदन दी हवेली में अंतरराष्ट्रीय लीनेस क्लब के शपथ विधि कार्यक्रम में नवनिर्वाचित क्लब अध्यक्ष लीनेस दिव्या प्रभा तायडे ने व्यक्त किए। गरिमामय सदन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वैसे तो सेवा कार्य व्यक्ति अकेला ही करता है, लेकिन अगर कोई मंच मिल जाए,तो उसकी क्षमताएं बढ़ जाती हैं। और सामूहिक प्रयास से हर कार्य बेहतर होता है। इसलिए हमने समाज सेवा के लिए लीनेस क्लब के रूप में एक मंच चुना जिसके माध्यम से हम सभी एकजुट होकर सहजता से समाज सेवा का कार्य कर सकें। कार्यक्रम को अन्य उपस्थित अतिथियों ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व लीनेस क्लब %सर्वमंगला क्लब की स्थापना व शुभारम्भ हुआ। इस दौरान क्लब में नव निर्वाचित पदाधिकारियों,सदस्यों को जयपुर से पधारी मुख्य अतिथि, इस कार्यक्रम की शपथ विधि अधिकारी पीएमपी बहु प्रांतीय -2 सरगम ऐडमिनिस्ट्रेटर लीनेस अंजना जैन ने शपथ दिलाई। साथ ही क्लब के सदस्यों को बहु?प्रांतीय उपाध्यक्ष लीनेस अंजना सिंघल ने शपथ दिलाई। इसके उपरान्त क्लब की पी.एस.टी. को लीनेस अंजना जैन एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा शपथ दिलाई गई।

आगामी सत्र के लिए क्लब का गठन-

आगामी सत्र के लिए क्लब का गठन हुआ,जिसमें अध्यक्ष लीनेस दिव्य प्रभा तायडे,सचिव लीनेस अमिता खेर एडवोकेट कोषाध्यक्ष लीनेस रानी जुनैजा,देमर लीनेस सम्पदा वैद्य,पी आरओ लीनेस स्नेहा अग्रवाल के साथ अन्य सदस्य जिसमें लीनेस सुचिता जोशी लीनेस परमीत सेठी ने भी उपस्थित होकर शपथ ग्रहण की।कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन से मंचासीन लीनेस पदाधिकारियों द्वारा किया गया। सरस्वती वन्दना लीनेस सम्यका,लीनेस अमिता खेर द्वारा किया गया। शपथ विधि अधिकारी लीनेस अंजना जैन द्वारा सभा प्रारम्भ की घोषणा की गई। तत्पश्चात ध्वज वंदना लीनेस अमिता खेर द्वारा किया गया। विश्व शांति के लिए 2 मिनट का मौन, स्वागत- सम्मान अधिकारियों के क्रमशऱ्उद्?वोधन हुए। जिनमें नव निर्वाचित अध्यक्ष दिव्य प्रभा तायडे, प्रांतीय उपाध्यक्ष सीमा अग्रवाल,बहु प्रांतीय उपाध्यक्ष लीनेस अंजना जैन, शपथ विधि अधिकारी लीनेस अंजना जैन,सीईओ गुना शक्ति क्लब की अध्यक्ष लीनेस अन्तिमा बंसल,रीजन चेयर पर्शन लीनेस पूजा जैन के थे।कार्यक्रम में प्रांतीय,बहु प्रांतीय अतिथियों को नव निर्वाचित अध्यक्ष दिव्य प्रभा तायडे द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अन्य सेवा समितियों के सदस्य,पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिनमें जैन समाज, अग्रवाल समाज, पंजाबी समाज, महाराष्ट्रीयन समाज, ब्राह्मण समाज आदि उपस्थित रहे।

# अजाक्स के बेनर तले अधिकारी कर्मचारी एकजुट होकर कार्य करें : सम्भागाध्यक्ष

सत्ता सुधार ■ सीहोर



म.प्र.गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव तथा अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष जे.एन.कंसोटिया के निर्देशन में साँई फ्रुट रेस्टोरेंट स्थित भोपाल नाके पर अजाक्स के भोपाल सम्भाग अध्यक्ष बंशीलाल धनवाल के मुख्य आतिथ्य में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धनवाल ने कहा कि हम सबको मिलकर संगठन को सीहोर जिले में मजबूती प्रदान करना है। अजाक्स के संगठन में ही शक्ति है। कोई भी विपता संकट के समय आप अपनी बात अजाक्स के समक्ष रख सकते हैं। अजाक्स के बेनर तले अधिकारी कर्मचारी एकजुट होकर कार्य करें। कार्यक्रम समापन पश्चात जन्मदिन होने बंशीलाल धनवाल का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर सदस्यता अभियान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सीहोर जिला अजाक्स के अध्यक्ष एच.एस.निमजे, समाजसेवी दलित नेता नरेन्द्र खंगराले, अजाक्स सीहोर जिले के कार्यकारी अध्यक्ष बाबुलाल मालवीय, रूपश्री नागेश, धर्म प्रकाश आय, नर्बदा प्रसाद नागर, शंकरलाल हिण्डोलिया, लखनलाल मालवीय, कमलसिंह मालवीय कवि, दिलीप मालवीय, देवेन्द्र गुणवान, सुरेश महोबिया, रमेश मण्डल, प्रहलाद सिंह अहिरवार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## आयोजन

### अर्जुन कप टूर्नामेंट में लिया 150 टीमों ने हिस्सा

# कैलाश वासी माधवराव सिंधिया की स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट सम्पन्न

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव के पुत्र अर्जुन सिंह यादव ने क्षेत्र के सभी ग्रामीण अंचल के युवाओं को खेल के लिए उत्साह को देखते हुए कैलाश वासी माधवराव सिंधिया की स्मृति में अर्जुन कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। क्षेत्र के सभी लोग युवा साथी खिलाड़ी उत्साहित, अति प्रसन्न है। गरेंठी टीम ने फाइनल मैच जीत कर इतिहास रचा।

**भाजपा महिला मोर्चा ने विजेता टीम का किया स्वागत :** पिपरई मंडल अध्यक्ष श्रीमती रजनी राजेन्द्र सोलंकी(गरेंठी) एस सी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष चंदन कलावत भाजपा महिला मोर्चा महा मंत्री इंजी सोना कलावत बड़ी संख्या जनप्रतिनिधियों ने गरेठी गांव पहुंचकर विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को मंगल तिलक,पुष्प गुच्छ माला,मिठाई खिलाकर स्वागत कर बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य कामना के साथ सभी खिलाड़ियों का उत्साह बर्धन किया। कहा आपने हमारे गाँव का मान सम्मान बढ़ाया हम सभी खिलाड़ियों पर गर्व करते है। गरेंठी टीम के कप्तान सुख चरण सिंह ने बताया कि अभी तक हमारी टीम ने 6 ट्रॉफी जीत ली हैं। जब खिलाड़ियों से इन की इच्छा जानी चाहि तो सभी खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे लिए ग्राम पंचायत गरेंठी में खेल मैदान नहीं है, खेल मैदान की अति आवश्यकता है खेल मैदान बनवाया जाए, जिससे हम अपना खेल की प्रतिभा को आगे अच्छे तरह से प्रैक्टिस कर उच्च स्तरीय टीमों के साथ मैच खेल कर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन कर सके। इस दौरान मोहरी सरपंच शीतल सिंह सरदार, बद्दान जैन,धर्मेंद्र चौहान, बाला प्रसाद सोनी,रंजीत तामरे, पप्पू भैया,सरजीत सिंह,चरणजीत सिंह, राजदीप, बोवी, आकाश चंदेल, बट्टू, लीलाधर लोधी,फूल सिंह लोधी, गुरिंदर सरदार राशिद खान, अर्बन आरिफ आदि लोगों ने उपस्थित रह कर जीत की बधाई।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में 116 आवेदनों पर हुई सुनवाई



**छतरपुर।** जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, कौशल सिंह, एसडीएम अखिल राठौर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। जनसुनवाई में प्राप्त 116 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया एवं समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए।

## ब्रीफ न्यूज

### निःशुल्क न्याय परामर्श शिविर आयोजित

**इन्दौर।** विधिक जागरूकता बढ़ाने व आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी परामर्श प्रदान कर उनकी समस्या का समाधान करने के उद्देश्य से बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा नेता राजा कोठारी, लता कैथवास के सौजन्य से अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद मालवा प्रांत उच्च न्यायालय इकाई द्वारा निःशुल्क न्याय परामर्श शिविर का आयोजन विनोबा नगर में किया गया। शिविर में विधायक महेंद्र हार्डिया, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा उपस्थित होकर अपनी समस्याएं साझा की गई व कानूनी परामर्श प्राप्त किया गया। शिविर के आयोजन में सुनील जैन, प्रसन्ना भटनागर एवं अश्विन उज्जैनकर का विशेष योगदान रहा।

### राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए 31 मई 2025 तक आवेदन आमंत्रित

**इन्दौर।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग म.प्र. द्वारा 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रुपये, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को 08 हजार रुपये एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 06 हजार रुपये खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024 की खेलवृत्ति के लिए आवेदन 31 मई 2025 तक स्वीकार किए जा सकेंगे। खेलवृत्ति के लिए आवेदन कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, जिला खरगोन से प्राप्त किए जा सकते है। 31 मई 2025 के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। खेलवृत्ति के लिए निर्धारित दिशा-निर्देश व नियमावली विभागीय वेबसाईट www.dsywmp.gov.in पर उपलब्ध है।

### ज्ञान की अलख भी जगा रही महिला समूह सदस्य

**इन्दौर।** ज्ञान दान अभियान अंतर्गत इन्दौर जिले में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित स्व-सहायता समूहों के परिसंघों द्वारा आज ग्राम स्तर पर पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। इस पुस्तकालय का नाम आजीविका ज्ञान केन्द्र रखा गया है। आजीविका ज्ञान केन्द्र का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर आकांक्षी युवाओं को प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी हेतु ग्राम स्तर पर निःशुल्क पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध कराना है। उपरोक्त केंद्र पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे आकांक्षी युवाओं व विद्यालयों में अध्यनरत छात्र/छात्राओं हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं की नवीनतम पुस्तकें, रोजगार समाचार पत्र, सामान्य ज्ञान की पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। वर्तमान में उक्त आजीविका ज्ञान केंद्र का शुभारम्भ जनपद देपालपुर के ग्राम गौतमपुरा व इन्दौर जनपद अन्तर्गत ग्राम तिल्लोर खुर्द में समूह की महिलाओं द्वारा किया गया है।

बारिश की उम्मीद बरकरार

# भीषण लू का कहर शुरू! इंदौर में 40 डिग्री के पार पहुंचा पारा

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर में मौसम ने फिर करवट ली है। तीन दिन की राहत के बाद अब तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। मंगलवार को पारा 40 डिग्री के करीब पहुंच गया और गर्म हवाएं चल रही हैं। इंदौर में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। बीते तीन दिनों से छाए बादलों और हल्की बूंदाबांदी के बाद अब तापमान में फिर से वृद्धि देखी जा रही है। सोमवार से शुरू हुई गर्मी ने मंगलवार को और अधिक तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि मध्यप्रदेश में अब हीट वेव यानी लू का असर दिखाई देने लगेगा। खासकर इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और चंबल संभाग के जिलों में लू चलने की संभावना जताई गई है।



### लू की दस्तक, पारा पहुंचा 40 के करीब

मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को इंदौर, उज्जैन और भोपाल जैसे शहरों में तेज गर्मी का असर रहेगा और तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है। तेज धूप के साथ चल रही गर्म हवाएं लोगों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रही हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा है कि आने वाले दिनों में तापमान और अधिक बढ़ सकता है और प्रदेश के कई हिस्सों में गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा।

### फिर बढ़ा पारा, रात में भी गर्मी का एहसास

इंदौर में मंगलवार को तापमान में अचानक उछाल देखा गया। तीन दिन की राहत के बाद फिर से गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 39.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सोमवार से 1.1 डिग्री अधिक रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान भी 23.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो बीते दिन से 1.6 डिग्री अधिक था। यह दर्शाता है कि अब रातों में भी गर्मी का असर महसूस किया जाने लगा है।

### आज से दिखेगा मौसम का दोहरा रूप

मौसम वैज्ञानिक प्रमेन्द्र कुमार रैकवार ने जानकारी दी कि आने वाले दो दिनों में प्रदेश में मौसम का दोहरा रूप देखने को मिलेगा। जहां कुछ जिलों में तेज गर्मी रहेगी, वहीं कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है। 16 अप्रैल को भी कुछ जिलों में बारिश हो सकती है, जबकि 11 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही, 17 और 18 अप्रैल को भी प्रदेश के कई हिस्सों में लू चलने की संभावना जताई गई है।

# नशे में धुत ड्राइवर ने पिता-बेटी को कुचला, एक झटके में उजड़ा पूरा परिवार

गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिता और एक साल की बेटी की जान चली गई

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर के सिमरोल थाना क्षेत्र स्थित घोसीखेड़ा गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिता और एक साल की बेटी की जान चली गई। नशे में धुत तेज रफ्तार कार चालक ने घर के बाहर बैठे पिता-बेटी को टक्कर मार दी। इंदौर के सिमरोल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम घोसीखेड़ा में सोमवार रात एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। रात करीब 8:30 बजे एक तेज रफ्तार कार ने घर के बाहर बैठे एक पिता और उसकी एक साल की मासूम बेटी को टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में बेटी मरियम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता अज्जू उर्फ अहमद शेख (45 वर्ष) को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के वक्त पिता अपनी बच्ची को गोद में लेकर खेला रहे थे।



**नशे में धुत था कार चालक, टक्कर के बाद हुआ फरार :** स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे के वक्त कार की गति बेहद तेज थी और टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मासूम मरियम कुछ दूरी पर जा गिरी। सिमरोल पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कार चालक नशे की हालत में था। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से घायल अज्जू को निजी अस्पताल की एम्बुलेंस से एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**स्थानीय लोगों ने की मदद, पर चालक मौके से भाग निकला:** हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि जोरदार आवाज सुनकर वे बाहर निकले, तो देखा कि पिता-बेटी सड़क पर अलग-अलग गिरे पड़े थे। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दुर्घटनाग्रस्त कार का पीछा किया और उसे पकड़ भी लिया, लेकिन ड्राइवर मौका पाकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, कार इंदौर में रजिस्टर्ड है और फिलहाल चालक की तलाश की जा रही है।

### परिवार में पसरा मातम, मासूम मरियम थी सबसे छोटी संतान

इस दर्दनाक हादसे के बाद शेख परिवार में मातम छा गया है। परिजनों के अनुसार, अज्जू खेती-किसानी से जुड़े काम करते थे और उनका परिवार मूल रूप से ग्राम घोसीखेड़ा में रहता है। उनका एक घर इंदौर के चंदन नगर इलाके में भी है। अज्जू के तीन बच्चे थे एक बेटा और दो बेटियां, जिनमें मरियम सबसे छोटी थी। उनकी असामयिक मृत्यु से पूरे गांव में शोक की लहर है और ग्रामीणों ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# पचास हजार के नकली नोटों के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार




सत्ता सुधार ■ इंदौर

पुलिस को अलग-अलग सीरिज के नकली नोट भी मिले है। आरोपियों के पास से एक लैपटॉप, एटीएम कार्ड भी बरामद हुआ है। पुलिस को आशंका है कि नकली नोट छापने के गिरोह में अन्य सदस्य भी शामिल हो सकते है। इंदौर पुलिस ने छिंदवाड़ा के तीन युवकों को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। वे खुद नकली नोट छापते थे और उसे मार्केट में चलाते थे। तीनों इंदौर के एक होटल में रुके हुए थे। पुलिस ने उसके पास से पचास हजार के नकली नोटों की गड्डी, नोट का कागज, कलर प्रिंटर जब्त किया है। आरोपियों के नाम अब्दुल शोएब, रहीश खान और प्रफुल्ल कुमार कोरी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि तीन युवक मार्केट में नकली नोट चलाने की कोशिश कर रहे है। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि इंदौर बड़ा शहर है। दुकानों पर भी भीड़ ज्यादा रहती है। इस कारण यहां नकली नोट जल्दी चलाए जा सकते थे। उनके पास से पचास हजार के नकली नोट मिले। पुलिस को अलग-अलग सीरिज के नकली नोट भी मिले है। आरोपियों के पास से एक लैपटॉप, एटीएम कार्ड भी बरामद हुआ है। पुलिस को आशंका है कि नकली नोट छापने के गिरोह में अन्य सदस्य भी शामिल हो सकते है। कुछ समय पहले ही तीनों युवकों ने नकली नोट छापने का काम शुरू किया था। उन्होंने इसका तरीका यू ट्यूब पर देखा था।

# विधायक पुत्र रुद्राक्ष शुक्ला के खिलाफ आखिरकार पुलिस ने किया केस दर्ज

## रुद्राक्ष की कारों का काफिला शहर में सायरन बजाते हुए घुमा



सत्ता सुधार ■ इंदौर

रुद्राक्ष समेत पुलिस ने लोकेश चंदवानी, अमन शुक्ला, जीतू रघुवंशी, मनीष तेजवानी, अनिरुद्ध सिंह और हनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। मंदिर जाने से पहले देवास शहर के प्रमुख मार्गो पर रुद्राक्ष की कारों का काफिला शहर में सायरन बजाते हुए घुमा था। भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के पुत्र रुद्राक्ष शुक्ला द्वारा देवास के माता मंदिर के पुजारी के साथ मारपीट करने का मामला गरमा गया है। दो दिन तक तो पुलिस अफसर विधायक पुत्र को बचाते रहे, लेकिन सरकार और प्रशासन की किरकिरी होते देख आखिरकार देर रात रुद्राक्ष के खिलाफ केस दर्ज करना पड़ा। पुलिस उसकी लाल बत्ती लगी कार भी जब्त करेगी। जिस पर सवार होकर वह टेकरी तक गया था। रुद्राक्ष पर आरोप है कि देर रात देवास की टेकरी पहुंचकर उसने पुजारी से मारपीट की। इसके बाद उनसे मंदिर के पट खुलवाने के लिए दबाव बनाया। रुद्राक्ष के साथ उसके दोस्त भी कारें लेकर गए थे। पुलिस ने उन्हें भी आरोपी बनाया है। इस मामले में रुद्राक्ष समेत पुलिस ने लोकेश चंदवानी, अमन शुक्ला, जीतू रघुवंशी, मनीष तेजवानी, अनिरुद्ध सिंह और हनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले में और भी आरोपी बढ़ सकते है। मंदिर जाने से पहले देवास शहर के प्रमुख मार्गों पर रुद्राक्ष की कारों का काफिला शहर में सायरन बजाते हुए घुमा था और कुछ वाहनों पर युवक गेट के बाहर भी खड़े थ। रुद्राक्ष और उसके समर्थकों ने इसकी रील भी सोशल मीडिया पर वायरल की थी। रील और मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर पुलिस ने साक्ष्य जुटाए और आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

# इंदौर के जिला बार एसोसिएशन में 3253 वकीलों ने किया मतदान



**इंदौर।** दोपहर तीन बजे के बाद फिर मतदान में तेजी नजर आई। मतदान स्थल पर तेज तापमान परेशान न करे, इसके लिए पंखे और कूलर भी लगाए गए थे। पहले बार एसोसिएशन की साधारण सभा हुई। इसके बाद मतदान शुरू हुआ। सभी उम्मीदवारों ने युवा वोटरों को साधने की कोशिश की। इंदौर के जिला बार एसोसिएशन की वोटिंग समाप्त हो गई। अब मतगणना शुरू हो चुकी है। देर रात तक परिणाम आएंगे। सुबह 11 मतदान शुरू हुआ। वकीलों के आने का सिलसिला लगा रहा, वोटिंग पर बढ़ते तापमान का असर भी दिखा। दिन में मतदान ज्यादा नहीं हुआ। दोपहर तीन बजे के बाद फिर मतदान में तेजी नजर आई। मतदान स्थल पर तेज तापमान परेशान न करे, इसके लिए पंखे और कूलर भी लगाए गए थे। पहले बार एसोसिएशन की साधारण सभा हुई।

**जीवनदान** छह साल के मासूम की स्विमिंग पूल में डूबने से हुई थी मौत

# अब अबू धाबी में अंगदान कर चार लोगों को दिया नया जीवन

### अंगदान के बाद इंदौर लाया गया पार्थिव शरीर

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर के छह वर्षीय अयान्वित ने अबू धाबी में चार लोगों को नया जीवन दिया। इंदौर के श्याम छापरवाल परिवार के पुत्र विवेक व बहू पूजा अपने छह और दो वर्षीय बच्चों के साथ शारजाह में रह रहे थे। कुछ दिन पूर्व वह अपने मित्र के यहां अबूधाबी गए थे, जहां अयान्वित स्विमिंग पुल में डूब गया था। उसे शेख खलीफा हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान पांच अप्रैल को डॉक्टर नाउम्मीद हो गए। उन्होंने परिवार को बता दिया कि यदि परिवार ऑर्गन डोनेशन के लिए तैयार हो जाए तो अयान्वित कम से कम चार लोगों को जीवन दे सकता है। अंततः स्वजन ने अंगदान की सहमति दे दी।



**दिल, लिवर और दोनों किडनी का दान:** नौ अप्रैल को सभी सरकारी प्रक्रिया पूरी कर डॉक्टरों ने बच्चे का दिल, लिवर और दोनों किडनी का दान किया। उन्होंने बताया कि इन अंगों से चार लोगों जीवन बचेगा। छापरवाल परिवार के सभी सदस्य इंदौर में रहते हैं, इसलिए बालक अयान्वित का दाह संस्कार इंदौर में करने का निर्णय लिया गया। अयान्वित के माता-पिता और छोटे भाई को लेकर इंडिगो की फ्लाइट 12 अप्रैल रात इंदौर आई। 13 अप्रैल को यहां तिलक नगर मोक्षधाम में उसका दाह संस्कार हुआ। उपस्थित स्वजन के आंसू नहीं थमे, जब उसके दो वर्षीय भाई अतुलित ने अपने बड़े भाई को मुखाग्नि दी।

### स्विमिंग पुल में डूबने से पड़ा दिल का दौरा

अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के मीडिया प्रभारी रामस्वरूप मूंदड़ा ने बताया कि छापरवाल दंपती शारजाह में रहते थे और अपने मित्र के यहां अबूधाबी गए थे। अबूधाबी में स्विमिंग पुल में डूबने से बालक को हृदयाघात हुआ था। अबूधाबी में आर्गन डोनेशन के लिए सरकारी अनुमति तुरंत मिल गई। अबूधाबी सरकार ने अयान्वित के पूरे इलाज से लेकर अबूधाबी से इंदौर उसके घर तक एंबुलेंस से भेजने का पूरा खर्च उठाया है। अबूधाबी सरकार द्वारा अयान्वित के माता-पिता का विशेष सम्मान भी किया जाएगा। इसके लिए माता-पिता 24 अप्रैल को पुनः अबूधाबी पहुंचेंगे। माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा ने माता-पिता एवं परिवार के साहसिक निर्णय की सराहना की है।


# दबंगों ने दलित दूल्हे को मंदिर में जाने से रोका

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर में सोमवार को दबंगों ने दूल्हे और बारात को मंदिर में प्रवेश करने से रोक दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बारात का विरोध होते देख वापस भेज दिया गया। आज सारा देश बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती मना रहा था। लेकिन इंदौर के समीप बेटमा में कुछ दबंगों ने दलितों का अपमान करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। उन्होंने बारात को मंदिर में जाने से रोका। विवाद की खबर पुलिस तक पहुंची तो मौके पर अफसर पहुंचे और मामला शांत कराया। बता दें कि बेटमा में रहने वाले अंकित बलाई की सोमवार को बारात निकली। परंपरा के अनुसार, दूल्हा और कुछ बाराती मंदिर में जाकर भगवान राम के दर्शन करते हैं। बारात जब मंदिर के पास गई, तब वहां कुछ दबंग भी मौजूद थे। विरोध होता देख बाराती मंदिर से लौटने लगे। इस घटनाक्रम की सूचना जब पुलिस को मिली तो थाना प्रभारी मंदिर पहुंचे और दूल्हे के चाचा को मंदिर में ले जाकर दर्शन कराए और माथा टेकवाया। पुलिस अफसरों ने दबंगों को भी समझाया तो वे भी मान गए। दूसरे बारातियों ने भी दर्शन किए।

# संविधान निर्माता की जयंती के दिन दलित युवक की गोली मारकर हत्या, दूसरा गंभीर रूप से घायल, 10 आरोपियों पर मामला दर्ज





सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले में दलितों पर लगातार हमले हो रहे हैं, इसी कड़ी में विगत 14 अप्रैल सोमवार की रात संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मना रहे दो दलित युवकों पर गुर्जरों का पुरा हिगोनाखुर्द गांव में गुर्जर समुदाय के लोगों द्वारा गोली चला दी गई, जिसमें एक दलित युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई तो वहीं दूसरा हाथ में गोली फंस जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही देर रात्रि को ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और इस पूरे प्रकरण में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया जा रहा है। सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा हत्या एवं हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस द्वारा दर्ज की गई पित में फरियादी सुमित जाटव पुत्र चिम्मन सिंह उम्र 30 साल निवासी दौजीराम का पुरा हिगोनाखुर्द ने बताया कि 14 अप्रैल सोमवार को मै तथा मेरा छोटा भाई संजय जाटव उम्र 27 साल, रानू जाटव तथा गाँव के अन्य लोग बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में रैली निकालते हुए अम्बेडकर पार्क हिगोनाखुर्द पर जा रहे थे। जैसे ही हम लोग गुर्जरों का पुरा हिंगोना खुर्द पर पहुँचे, समय करीवन रात 08:30 बजे, तभी गुर्जरों का पुरा के गिर्राज गुर्जर, धर्मवीर गुर्जर, महेन्द्र गुर्जर, भोलू गुर्जर, छिंग्गा गुर्जर, श्यामू गुर्जर, तहसीला गुर्जर, गब्बर गुर्जर, दीवान गुर्जर, बॉबी गुर्जर आये और सभी लोग माँ बहिन की गंदी-गंदी एवं जाति सूचक गालिया देकर बोले हमारे यहाँ से रैली नहीं निकलेगी। गिर्राज गुर्जर, धर्मवीर गुर्जर, श्यामू गुर्जर, महेन्द्र गुर्जर के पास अवैध हथियार थे। फरियादी ने विरोध करते हुए कहा कि रैली से तुम्हें क्या आपत्ति है, इसी बात पर गिर्राज गुर्जर ने हाथ में लिये अवैध हथियार से गोली मारी जो मेरे भाई संजय के सिर में पीछे लगी, मेरा भाई वहीं गिर पड़ा और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई, तभी एक गोली गब्बर गुर्जर ने मारी जो रानू जाटव के दाहिने हाथ मे लगी और वह भी घायल हो गया तथा धर्मवीर व महेन्द्र ने हवाई फायर किये। आरोपियों ने धमकी दी कि थाने रिपोर्ट को गये तो जान से खत्म कर देंगे। घायल युवक रानू को परिवार के लोग स्कूटी पर डालकर अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे ग्वालियर के लिये रैफर कर दिया।

**संवेदनशील मामला देख पुलिस हुई अलर्ट, पीएम हाउस पर लगा रहा जमावड़ाः**
अंबेडकर जयंती के दिन दलित युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद पुलिस अधिकारियों के चेहरे पर चिंता की लकीरें दिखाई देने लगी थी और रात में ही पूरा पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंचा दिया गया तथा तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस रात भर अलर्ट रही। अधिकारी आसंकित थे, सुबह बड़ा बवाल हो सकता है। इसलिए मृतक का शव पीएम हाउस पर पहुंचा दिया गया, जहां सुबह होते ही दलित समाज के नेता एवं अन्य लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए, वहीं बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस के नेता भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान भारी पुलिस बल पीएम हाउस पर तैनात किया गया था।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री ट्विटर पर लिखा कृषि मंत्री के समर्थकों ने की दलित की हत्या

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री को ट्विटर पर लिखा कि भाजपा नेताओं की दलितों के प्रति नफरत क्यों फितरत बन गई है। देश में कहीं भी दलित की हत्या या अन्य कोई वारदात होती है उसमें भाजपा नेता ही क्यों होते हैं। कहीं दलित दूल्हे को मंदिर में जाने से रोका जा रहा है तो कहीं दलित का सरेआम अपमान किया जा रहा है और फिर संविधान की बात करते हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने ट्विटर एक्स पर प्रधानमंत्री को लिखा है कि मुरैना में कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना के समर्थको ने दलित संजय सेमिल की हत्या कर दी और दूसरा युवक रानू घायल हो गया।

### जनप्रतिनिधियों ने मृतक के परिजनों को परिवार पालन के लिए दी राशि

बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर जी जयंती के दौरान हुई घटना में मृत परिवार के साथ पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे पूर्व लोकसभा प्रत्याशी पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार ने कलेक्टर एवं प्रशासन से मांग की है कि मृतक के परिजनों को परिवार पालन के लिए उचित राशि दी जाए। इस अवसर सत्यपाल सिंह सिकरवार ने मानवता की पहल करते हुए अपनी तरफसे एक लाख रुपए की घोषणा की। फिर बाद में कुलदीप सिंह सिकरवार ने भी एक लाख रुपए की घोषणा की और जौरा विधायक पंकज उपाध्याय ने भी एक लाख रुपए की घोषणा की, वहीं मुरैना महापौर ने भी एक लाख रुपए की घोषणा की। इस अवसर बीस-बीस हजार रुपए की घोषणा अन्य लोगों ने की। इन रुपयों से परिवार के सदस्य की कमी पूरी नहीं हो सकती है लेकिन परिवार का लालन-पालन सरल हो सकता है। इस अवसर मुरैना प्रशासन से आगृह किया है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### बड़ी आसानी से मांग पत्र स्वीकार कर आंदोलन को टलवाया

प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी यह समझ चुके थे कि मामला गंभीर है और जबरदस्त आंदोलन हो सकता है, इसके चलते सभी अधिकारी पीएम हाउस पर पहुंच गए और वहां पर पीड़ित परिवार द्वारा दिए गए मांग पत्र को तत्काल स्वीकार भी कर लिया गया। इस पत्र में पीड़ित परिवार की सुरक्षा के लिए 10 लोगों को बंदूक के लाइसेंस दिए जाने, पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक मदद दिए जाने, पीड़ित परिवार के एक व्यक्ति को शासकीय सेवा में लिए जाने, अपराधियों के भवन शासकीय भूमि अतिक्रमण में बने हैं, उन पर बुलडोजर चलाऐ जाने एवं आरोपियों के बंदूक लाइसेंस निरस्त किए जाने की मांग शामिल थी, जिसको प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों ने मान लिया और पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

---

## ब्रीफ न्यूज

### जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का अधिकारी त्वरित निराकरण करें: जिला सीईओ

**मुरैना।** शासन के निर्देशानुसार जनसुनवाई प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 से दोपहर 01 बजे तक करने के निर्देश हैं। निर्देशों के तहत कलेक्टर अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव ने 15 अप्रैल को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान कुल 77 आवेदन प्राप्त हुये, उनमें से 1 आवेदन ऐसा पाया, जिसका निराकरण टीएल बैठक में संभव था। उसे उत्तरा पोर्टल पर ई-गवर्नेंस द्वारा अपलोड किया गया। जनसुनवाई के दौरान डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी, श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा, नायब तहसीलदार सुश्री दीप्ती खरे सहित समस्त विभागों के जिलाधिकारी एवं अधीनस्थ कर्मचारी उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान सबलगढ़ विकासखंड के ग्राम बेरई गिर्द निवासी श्रीमती प्रीति ने आवेदन प्रस्तुत किया कि मेरे पति स्वर्गीय सुरेन्द्र जाटव मजदूरी कार्य के लिये चेन्नई में गये हुये थे, वहां एक्सीडेंट होने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। मेरे पास तीन बच्चे हैं। उनका पालन-पोषण करना मेरे लिये कठिन हो गया है। पारिवारिक स्थिति खराब है। मेरे ससुर साहब पर मात्र 1 बीघा भूमि है, जिसके सहारे बच्चों का पालन पोषण मेरे लिये कठिन बनता जा रहा है। जिला सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने आवेदन पर विचार किया और तत्काल जनपद सीईओ सबलगढ़ को निर्देश दिये कि श्रीमती प्रीति का बीपीएल कार्ड बनवायें एवं विधवा पेंशन और संबल योजना में नियमानुसार कार्यवाही करें। इसके अलावा उनके तीनों बच्चों को पढ़ने के लिये स्कूल में निःशुल्क दाखिला कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, नगरनिगम, पेयजल, राशन, बीपीएल, अनुग्रह सहायता सहित अन्य संचालित कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों ने भी जनसुनवाई में आवेदन दिये। जनसुनवाई के दौरान जिला सीईओ ने सभी को बारी-बारी से सुना और उनकी समस्याओं का समाधान त्वरित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

### बाबा साहेब की तस्वीरे भेंट कर मनाई 134वीं जयंती



**जौरा।** प्रांताध्यक्ष अजाक्स जे.एन. कांसोटिया के मार्गदर्शन मे अजाक्स के आजीवन सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रणबीर गोयल ने 14 अप्रैल बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की 134वीं जयंती के अवसर पर जौरा के वार्ड क्रमांक 3 रेमजा पुरा, पहाड़गाढ़ के अनुसुचित जाति बाहुल्य मौहल्ला में घर-घर अंबेडकर जी की तस्वीर वितरित कर अम्बेडकर जयंती की शुभकामनाएँ दी। इस पुनीत कार्य में जौरा के सोनू मौर्य, अमित मौर्य ने एवं पहाडगढ के संत रविदास युवा मंडल के सदस्यो ने सहयोग प्रदान किया।

---

## आपदा प्रबंधन के संबंध में
# अधिकारियों को कलेक्टर ने सौंपे दायित्व

सत्ता सुधार ■ मुरैना

मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में राज्यपालिक समिति की बैठक में लिये गये निर्णय, मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग के आदेशानुसार कलेक्टर अंकित अस्थाना ने मुरैना जिले की समस्त तहसीलों में आईआरटी का गठन किया है। इसके तहत प्राकृतिक एवं मानव जनहित आपदाओं के दौरान विभिन्न विभागों, एजेन्सियों के संसाधनों का प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत राहत खोज एवं बचाव कार्यो संपन्न करने हेतु जिला एवं तहसील स्तर पर आईआरटी का गठन कर दायित्वों का निर्धारण किया है। जिनमें कलेक्टर स्वयं सैना, वायु, सहायता तथा राष्ट्रीय एजेन्सियों से सहायता प्राप्त करने हेतु राज्य सरकार के साथ समन्वय, पुलिस अधीक्षक को सभी सेक्सशन प्रमुखों से समन्वय एवं आगामी ऑपरेशन हेतु संसाधनों की आवश्यकता से अवगत कराना। सीईओ जिला पंचायत को घटना प्रबंधन, तात्कालिक उद्देश्यों का निर्धारण, अपर कलेक्टर को इंसिडेंट कमांडर की अनुपस्थिति में कमांडर के कार्यो को संपादित करना, सभी विभागों से कॉर्डिनेशन रखना, बैठकों का संचालन, सुश्री मेघा तिवारी को एयर रेस्क्यू हेतु एजेंसियों से समन्वय, सहायक संचालक जनसम्पर्क को मीडिया में प्रकाशित न्यूज आदि, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा और कानून व्यवस्था, प्लांटून कमांडर को घटना स्थल के समीप संसाधनों को हमेशा तैयारी की स्थिति में रखना, जिला कमांडेड होमगार्ड को राहत एवं बचाव कार्यो में संलग्न कार्य दलों को नेतृत्व एवं मार्गदर्शन देना, जिला चिकित्सा अधिकारी को स्वास्थ्य जैविक संबंधित आपदाओं के दौरान आईसी, ओएससी के समन्वय तथा राहत कार्यो एवं संपर्क करना, स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम को राहत एवं बचाव संबंधी समस्त दायित्व, उप संचालक पशु चिकित्सा को राहत एवं बचाव कार्य, जिला वन अधिकारी को विभागीय राहत एवं बचाव कार्य, जिला परिवहन अधिकारी को परिवहन संबंधी दायित्व, आयुक्त नगर निगम को इंसीडेंट कमांडर के निर्देश एवं ऑपरेशन सेक्सशन प्रमुख के समन्वय में यूनिट को दिशा-निर्देश देना, भू-अभिलेख अधीक्षक को मौसम तथा आपदा की जानकारी अपडेट, जिला योजना अधिकारी को प्रलेखन एवं रिकॉर्ड रखना, जिला खाद्य अधिकारी को इंसीडेंट कमांडर के निर्देश पर ऑपरेशन सेक्सशन के अवसर पर राहत कर्मियों को भोजन, कैम्प, बिजली, शौचालय सुविधा उपलब्ध कराना, डीएसपी मुख्यालय को संचार सुविधाओं को स्थापित करना, सिविल सर्जन को राहत कर्मियों एवं घटना प्रबंधन में लगे कार्य दल को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी को हेलीपेड, राहत कैम्प आदि व्यवस्था के दायित्व सौंपे है। इसी प्रकार संबंधित एसडीएम भी अपने-अपने क्षेत्र में अपनी टीम के साथ व्यवस्थायें बनायेंगे।

### जल गंगा अभियान के तहत साफसफाई का कार्य किया

**मुरैना।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत अम्बाह शाखा नहर की आर.डी. 4880 मी. पर जंगल सफाई का कार्य किया गया। जल संसाधन संभाग मुरैना के अधीन जल संसाधन ए.बी.सी. उपसंभाग क्र. 1 सबलगढ़ के विभागीय मैदानी कर्मचारियों के द्वारा 15 अप्रैल 2025 को जल गंगा संवर्धन अभियान-2025 के अंतर्गत अम्बाह शाखा नहर की आर.डी. 4880 मी. पर जंगल सफाई का कार्य जन भागीदारी/जन सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में उनके साथ विभागीय श्रमिक एवं गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया।

# अग्रवाल समाज ने मंदिर, धर्मशाला, भवन बहुत बना लिए अब अपनी शक्ति का अहसास कराना होगा: सतीश

सत्ता सुधार ■ मुरैना



अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश अग्रवाल ने जारी एक बयान में अग्रवाल समाज को आह्वान किया है कि आज भारत में सबसे ज्यादा मंदिर, धर्मशालाओं के, भवन अग्रवाल समाज के है। हर क्षेत्र में सबसे ज्यादा योगदान अग्रवाल समाज देता है, इस सबके बाद भी अग्रवाल समाज की दिशा और दशा सबके सामने है। इस विषय पर चिंतन मनन किया गया है कि जब तक अग्रवाल समाज अपनी शक्ति का अहसास नहीं करायेगा, हमें वह स्थान कभी नहीं मिल सकता है, जिसके हम हकदार हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि संगठन संस्थायें लाखों बनाओ, लेकिन सभी का उद्देश्य समाज के हित में होना चाहिए। आपस में लडो झगडो, लेकिन जरूरत पडने पर एक हो जायें। आज हर राजनैतिक दल अग्रवाल समाज को प्रतिनिधित्व नहीं दे रहा है, इसके लिए कही ना कहीं हम सब दोषी हैं।

हर इंसान दूसरों में बुराई देखता है, हम क्या कर रहे हैं, इससे कोई मतलब नहीं है। हम जैसे कुछ संगठन अपने स्वार्थ के लिए बना लेते हैं, कुछ बडे संगठन है, उनको पर्सनल कुछ राजनैतिक लाभ मिल जाता है फिर समाज से कोई लेना देना नहीं होता है। हम जैसे लोग कुछ करने की भी सोचते हैं, लोग कहते हैं कुछ मिल जायेगा, फिर पता भी नहीं पडेगा, यह सोच आम होती जा रहीं है। सबसे पहले इस सोच को बदलना पड़ेगा, जो कुछ करना चाहते हैं, उनका समर्थन नहीं कर सकते हैं तो विरोध भी मत करो। जो समाज सर्वश्रेष्ठ समाज है, उसकी यह दशा है, यह बुद्धिजीवीयों को सोचने का विषय है। एक समय था, हर राज्य, केन्द्र में हमारा उचित प्रतिनिधित्व राजनीति में होता था, लेकिन आज हम बहुत पीछे हैं। उन्होंने अग्रवाल समाज को आवाहन किया है कि अब भी समय ,है अग्रवाल समाज एकजुट होकर अपनी शक्ति का अहसास कराये।

# शासकीय पौधशाला मुरैना पर फलबहार की नीलामी 25 अप्रैल को

सत्ता सुधार ■ मुरैना



शासकीय पौधशाला के उद्यान अधीक्षक ने बताया है कि शासकीय पौधशाला मुरैना पर आम फलबहार की नीलामी वर्ष 2025-26 हेतु रोपणी पर 25 अप्रैल, 2025 को अमानती राशि सहित दोपहर 02 बजे नियत की गई है। उद्यान अधीक्षक ने बताया कि संबंधित नीलामी क्रेता रोपणी में आम फलबहार का अवलोकन कर सकते है। नीलामी की शर्ते शासकीय पौधशाला कार्यालय एवं सहायक संचालक उद्यान मुरैना में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है। उद्यान अधीक्षक ने बताया कि नीलामी में पूर्व बोलीकर्ता को अमानती राशि जमा करनी होगी। बोली 100 के गुणांको में लगानी होगी, सफल बोलीकर्ता को एक मुश्त राशि उसी समय जमा करनी होगी। सफल बोलीकर्ता नर्सरी पर पालतू पशु आदि नहीं रखेगा। असफल नीलामी क्रेताओं को अमानती राशि उसी दिन वापस कर दी जायेगी। क्रेता द्वारा फल तोड़ते समय किसी अन्य फल पौध एवं अन्य सामग्री का नुकसान होता है तो क्रेता को भरपाई करनी होगी। नीलामी मान्य एवं अमान्य करने का पूर्ण अधिकार नीलामी के लिये गठित समिति का होगा। बोली के बाद प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान के लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। आम फलबहार का अवलोकन कार्यालयीन समय में किया जा सकता है। बोली लगने के बाद फलबहार की रक्षा करने की जबावदारी क्रेता की होगी। आवश्यकतानुसार प्रादर्श हेतु आम फल उद्यान विकास अधिकारी शासकीय पौधशाला मुरैना विकासखण्ड को प्रदाय करने होंगे। फल तोड़ने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 होगी।

---

**ज्ञापन** करोड़ों रूपए का किसानों का नुकसान हो गया है। बार-बार मांग करने के बाद भी बिजली चालू नहीं हो रही है

# किसानों ने बिजली घर का घेराव कर दिया ज्ञापन, अधिकारियों ने बिजली चालू कराने का दिया आश्वासन

सत्ता सुधार ■ सबलगढ़



ग्राम माधौगढ़, खेड़ा कलां, आसनपुर की बिजली सप्लाई गत 8 दिनों से बंद है। पीने के लिए पानी के लिए भी ग्रामीण जन मोहताज है। लूशन की फसल पूरी तरह सूख रही है, करोड़ों रूपए का किसानों का नुकसान हो गया है। बार-बार मांग करने के बाद भी बिजली चालू नहीं हो रही है। यहां तक कि ग्राम वासियों ने खुद पेड़ की डालियां काटकर बिजली के लिए रास्ता बनाया है। फिर भी बिजली चालू नहीं हुई है। जिसके चलते आक्रोषित किसान सैकड़ो की संख्या में जनसुनवाई के दिन कार्यपालन यंत्री कार्यालय पर एकत्रित हुए। उन्होंने अधिकारियों का घेराव करते हुए नारेबाजी की और ज्ञापन दिया। अधिकारियों ने शीघ्रातिशीघ्र लाइट चालू करने और अन्य समस्याओं का निदान करने का लिखित में किसानों को आश्वासन दिया है। इस मौके पर किसानों के बीच में बोलते हुए मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा है कि बिजली की सप्लाई नहीं होने से किसानों की फसल तबाह हो रही है। स्थित अत्यंत खराब है पीने के लिए पानी उपलब्ध नहीं है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

उन्होंने आगामी दिनों में आंदोलन तेज करने की किसानों से अपील की है। इस मौके पर किसान सभा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष गयाराम सिंह धाकड़ ने किसानों से एकजुट होकर संघर्ष आगे बढ़ाने सब स्टेशन खुलवाने बिजली की लाइन बदलबाने के संघर्ष के लिए आगामी दिनों में डेरा डालो घेरा डालो आंदोलन की तैयारी करने की अपील की। इस मौके पर किसान नेता पूर्व जनपद सदस्य जगन्नाथ सिंह धाकड़ ने भी किसानों को संबोधित किया। किसानों ने 02 घंटे तक कार्यालय के दरवाजे पर धरना दिया। जब कनिष्ठ यंत्री द्वारा शीघ्र बिजली चालू करने एवं अन्य समस्याओं का निराकरण करने का लिखित में आश्वासन दिया, तब जाकर धरना और आंदोलन की कार्यवाही समाप्त की गई। इस आंदोलन का नेतृत्व भौरूलाल धाकड़, मातादीन धाकड़, दाताराम, मांगी लाल, नरेश शाक्य, रघुपति, माधो शाक्य, रवि धाकड़, हेमराज धाकड़, आदि ने किया। किसान नेताओं ने यह संकल्प लिया है कि यदि समस्याओं का यथोचित समाधान नहीं हुआ तो आगामी दिनों में 'डेरा डालो-घेरा डालो' आंदोलन किया जाएगा।

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अक्षय शिवहरे पुत्र श्री ओमप्रकाश शिवहरे निवासी सुभाष रोड़ जौरा जो कि उसकी आदत पूर्ण रुप से खराब हो गई है। उसका लोगों से कर्जा लेना तथा शराब पीना तथा अन्य बुरे कार्य करना, उसकी आदत में है। उससे मेरा एवं मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं है। अगर वह किसी से कर्जा लेता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उससे मेरा कोई संबंध नहीं है। मेरे द्वारा पूर्व में भी उसका कर्जा भरा गया है, उसकी आदत पूर्ण रुप से खराब है। सूचना प्रकाशन के बाद कोई भी व्यक्ति मेरे पुत्र अक्षय शिवहरे से कोई भी लेन देन करता है तो वह उसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचनाकर्ता
ओमप्रकाश शिवहरे
पुत्र स्व. श्री बालमुकुंद शिवहरे
निवासी सुभाष रोड़ जौरा जिला मुरैना(म.प्र.)
मोबा.7566149080

## ब्रीफ न्यूज

### नवागत कलेक्टर श्री जैन ने पदभार ग्रहण किया



**हरदा ।** नवागत कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को हरदा कलेक्ट्रेट में पदभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2016 बैच के अधिकारी श्री जैन इससे पूर्व अपर कलेक्टर भोपाल के पद पर पदस्थ थे। पदभार ग्रहण अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं सुश्री रजनी वर्मा,संजीव नागू, एसडीएम हरदा कुमार शानु देवड़िया व टिमरनी एसडीएम महेश बड़ोले ने नवागत कलेक्टर श्री जैन का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

### जिला प्रशासन के निर्देश पर लिये खाद्य सैंपल



**हरदा।** 15 अप्रेल मंगलवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती ज्योति बंसल एवं आर. के. कांबले एफ. एस. ओ. की उपस्थिति में मां नर्मदा चाट चाइनीज से पास्ता और मंचूरियन बाल के सैंपल लिये गये। हरे फूड, हट से बैक समोसा, चांवल, पास्ता और नुडल्स के सैंपल और चामुंडा नाश्ता सेंटर से लस्सी और गन्ने का जूस आदि सैंपल लिए गये। श्री कमले ने बताया कि इस दौरान संबंधित दुकानदारों को अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर विशेष साफ-सफाई और खाद्य सामग्री को ढककर रखने के निर्देश दिये । श्री कांबले ने बताया कि उक्त सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजी जायेगी । जांच उपरांत रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

### अंतर्राज्यीय मोबाइल चोर में छह आरोपियों को गिरफ्तार

**हरदा।** रविवार को हरदा कोतवाली पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय मोबाइल चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के निवासी हैं, जो लंबे समय से ट्रेन, बस, जुलूस और भीड़भाड़ वाले इलाकों में मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। कोतवाली थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह मर्सकोले ने जानकारी देते हुए बताया कि पपिंजन ग्राउंड फाइल वार्ड में चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने घेराबंदी कर छह संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने मोबाइल चोरी कर उन्हें पश्चिम बंगाल निवासी साथी को बेचने की बात कबूल की। गिरोह का मास्टरमाइंड रवि पिता तस्तगिर सिलारे निवासी ग्राम झिरी गुठानिया, रहटगांव है, जो अन्य साथियों के साथ मिलकर महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में चोरी की वारदातें करता था। गिरफ्तार आरोपियों में रवि सिलारे, दीपक चौहान, धर्मवीर उर्फ पिल्ला सोलंकी, विराट उर्फ हीरासिंह सोलंकी, मर्ट शिंदे और रविउल शेख शामिल हैं।

# विधायक द्वारा वर्ष भर में किया विकास कार्य, 254 करोड़ की राशि कराई स्वीकृत

सत्ता सुधार ■ हरदा





हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा 01 वर्ष के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों का विवरण बताया गया। मोरंड गंजाल सिंचाई परियोजना जिससे नर्मदापुरम जिले के सिवनी तहसील के 08 ग्रामों की 2000 हैक्टेयर जिसमें हरदा जिले की 04 तहसील के 142 ग्रामों की 42,000 हैक्टेयर। जिसकी कुल लागत 3500 करोड़ रुपये है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा 14 महिने की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान स्वीकृत किया गया था। म.प्र. में भा.ज.पा. सरकार बन गई और मोरंड गंजाल सिंचाई परियोजना का कार्य स्वीकृत होने के पश्चात भी आज तक सिर्फ पर्यावरण विभाग से एन.ओ.सी. नही मिलने के कारण रूका हुआ है। मोरंड गंजाल योजना का 97 प्रतिशत कमांड क्षेत्र हरदा व हरसूद का है। इस योजना से सबसे अधिक फायदा हरदा जिले को होगा।

**254 करोड़ की राशि कराई स्वीकृत –** शीत कालीन सत्र 2024-25 के दौरान मोरंड गंजाल परियोजना में वृहद निर्माण कार्य मदांतर्गत 10 करोड की अतिरिक्त राशि व हाल ही में समाप्त हुए म.प्र. विधानसभा के बजट सत्र 2025-26 के दौरान सरकार से मोरंड गंजाल परियोजना से संबंधित स्थापना व्यय हेतु 254 करोड़ की राशि स्वीकृत कराई गई है। शहीद इलाप सिंह माईक्रो उदवहन सिंचाई परियोजना अंतर्गत जिले के 118 ग्रामों की 26,897.816 हैक्टेयर भूमि सिंचित होगी। विधानसभा के बजट के दौरान सरकार से 100 करोड़ एवं हंडिया बैराज परियोजना हेतु भी 100 करोड की राशि स्वीकृत कराई गई है।04 फरवरी को ग्राम चिचोटकुटी में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में 316.20 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यो का लोकपर्ण व भूमिपूजन किया गया।

**विकास कार्यों का लोकार्पण –** जिले की 52 ग्रामों में नल-जल योजना, हरदा-मगरधा सड़क मार्ग, खिरकिया से छीपाबड़-कुडावा सड़क मार्ग, सन्यासा पहुँच मार्ग, सालाबैड़ी से पांचातलाई, गोला मांगरूल चौकी, कायागांव से बैड़ी सड़क मार्ग, जिजगांव से हरदा छीपानेर, खिरकिया से पोखरनी, हंडिया से नर्मदा नदी तक टू.लेन, हरदा मगरधा मार्ग से नकवाड़ा नहर-नहर होते हुए सिंधखेड़ा मार्ग, नकवाड़ा से जिजगांव बजरंग मंदिर के सामने तक, सिरकम्बा से झुण्डगाँव, सन्यासा से देवलाल जाट, भुवनखेड़ी टप्पर से हरदा छीपानेर मार्ग,हेमापुर से अबगाँवकलां मार्ग, बून्दड़ा से धुरगाड़ा,सोनखड़ा छीपानेर रोड से टांडाजी के टप्पर से बड़ी नहर, मसनगाँव - साल्याखेड़ी, डगावांनीमा अबगाँव रोड़ से धानी टप्पर तक मार्ग, मसनगाँव से गांगला मार्ग, धनगांव से जलेबी चौक मार्ग, सन्यासा पुलिया नहर से घोडाकुंड से रून्दलाय गोगिया से इकडालिया, हंडिया सिगोन मेन रोड से छोटी मेदा गाँव, एसडीएम कार्यालय भवन हरदा, गहाल पेयजल योजना, मगरधा में नवीन आंगनवाडी भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंडिया में ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण कार्य, ग्राम अजनास रैयत बालागाँव में नवीन आंगनवाडी भवन, पीपल्या खुदिया भवन, शासकीय आदर्श महाविद्यालय, आदमपुर में नवीन 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र, चारुवा में शासकीय आवास गृहों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकापर्ण कार्य शामिल है।

**विकास कार्यों का भूमि-पूजन**

नयापुरा में निर्मित होने वाले उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन, ग्राम जोगा, झाड़पा व मगरधा में नवीन आंगनवाड़ी भवन, डोमनमउ अजनास मार्ग, बावड़िया से सारसूद से सिराली चारूवा मार्ग, खिरकिया वार्डों में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य, हरदा में अमृत 2.0 जल प्रदाय योजना कार्य, शासकीय विधि महाविद्यालय, अहलवाड़ा एवं भीमपुर में नवीन नवीन 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र भूमि पूजन भी किया गया। हरदा विधानसभा क्षेत्र में होने वाले व हो चुके समस्त विकास कार्यों के पत्थर पर मेरा नाम भी अंकित है। रेलवां में 132/33 के.व्ही. विद्युत सबस्टेशन स्वीकृत किया गया है। जिसकी अनुमानित लागत 70 से 80 करोड़ है। खामापड़वा, खेड़ीमाल में नवीन उपकेन्द्र 11 के.व्ही. लाईन कार्य अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि एवं नवीन उपकेंद्र के कार्य स्वीकृत कराये गए है।

## ब्यौहारी पुलिस की बड़ी सफलता
# ग्राम बेडरा में राजेश साकेत की हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



सत्ता सुधार ■ शहडोल

राजेश उर्फ पप्पू साकेत पिता झुरहा साकेत, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम बेडरा शाम करीबन 06.00 बजे अपने घर से गाँव मे जाने को कहकर निकला था जो रात्रि में वापस नहीं आया था। दिनाँक 31.03.2025 को राजेश उर्फ पप्पू साकेत घायल अवस्था मे ग्राम बेडरा मे मिला था। संजय गाँधी मेडिकल अस्पताल रीवा जहाँ उपचार के दौरान दिनाँक 31.03.2025 को राजेश की मृत्यु हो गयी थी।

सूचना पर थाना ब्यौहारी मे मर्ग कायम कर जाँच की गयी। मर्ग की जाँच पर मृतक राजेश साकेत निवासी बेडरा की हत्या आरोपी नन्हेलाल सिंह गोड़ निवासी बेडरा द्वारा किया जाना पाये जाने से थाना ब्यौहारी मे अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण का आरोपी नन्हेलाल सिंह गोड़ निवासी बेडरा का घटना के बाद फरार हो गया था जिसे तलाश कर ग्राम जोरा से पकड़कर पुलिस अभिरक्षा मे लिया जाकर पूछताछ की गई जिस पर आरोपी द्वारा घटना घटित किया जाना कबूल किया गया था।

घटना में प्रयुक्त डण्डे को जप्त किया गया है तथा आरोपी नन्हेलाल सिंह गोड़ को गिरफ्तार किया गया है। उक्त कार्यवाही एस.डी.ओ.पी. व्यौहारी रवि प्रकाश कोल के दिशा निर्देशन मे ब्यौहारी थाना प्रभारी निरी. अरूण पाण्डेय के नेतृत्व में उप निरी. वीरेन्द्र तिवारी, उप निरी. कपिलकान्त तिवारी, प्र.आर. नरेन्द्र उपाध्याय, आर. संजय द्विवेदी, आर. राजीव सिंह, आर. पुष्पेन्द्र सिंह, आर. अमृतलाल यादव, आर. गंगा सागर गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# सहयाद्रि परिसर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती धूमधाम से मनाई

**जन्मोत्सव कार्यक्रम में विधायक भगवानदास सबनानी ,नगम निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, पार्षद जगदीश यादव एवं सम्मानितगण, सहयाद्रि परिसर के वरिष्ठ सदस्य मौजूद हुए**





सत्ता सुधार ■ भोपाल

सहयादि परिसर में डॉ भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम एवं आतिशबाजी के साथ बनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भगवानदास सबनानी ,नगम निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, पार्षद जगदीश यादव एवं सम्मानितगण सहयाद्रि परिसर के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित हुए। जिसमें सम्मानित सदस्यों द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। बाबा साहब के जीवन संघर्ष, तथा उनकी शिक्षा और संविधान निर्माण में उनके महत्व को बताया। डॉ. अंबेडकर की पहचान विश्व में सिम्बोल ऑफ नॉलेज के रूप में की जाती है तथा वर्तमान भारत सरकार द्वारा 5 तीर्थ स्थलों का निर्माण किया गया। सभी सहयाद्रि परिसर के सदस्यो द्वारा जो मेहनत की गई उनका धन्यवाद किया गया । कार्यक्रम में श्री विनोद मेहरा जी की तरफ से 14 अप्रैल 2026 को बाबा साहब के जन्मोत्सव के लिए 14 हजार रुपए देने की घोषणा मंच से की गई।

# खरमास खत्म : अब मांगलिक कार्य होंगे शुरू

### रहेगी धूम एक माह रुके हुए मांगलिक कार्य होंगे फिर से शुरू


सत्ता सुधार ■ हरदा

खरमास के समाप्त हो जाने के साथ ही अब शादी-विवाह का शुभ मुहूर्त शुरू हो गया है। अन्य तरह के मांगलिक कार्यो की शुरूआत होगी। माह रुके हुए सभी मांगीलक कार्य शादी-विवाह, गृह प्रवेश, गृह आरंभ, यज्ञोपवीत संस्कार, मुंडन संस्कार और देव प्रतिष्ठा आदि सभी कार्य 14 अप्रैल से प्रारंभ हो गए हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित नागेन्द्र तिवारी-श्री वेंकटेश देवस्थान मिनी तिरुपति बालाजी मंदिर रामेश्वरी नगर बल्लारी कर्नाटक ने बताया कि 13 अप्रैल से सूर्य मीन राशि सेअपनी उच्च राशि मेष राशि में राशि परिवर्तन करेंगे। सूर्य के राशि परिवर्तन होने के बाद सभी मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं ज्योतिष की दृष्टि से देखा जाए तो सूर्य 13अप्रैल रात्रि में 3ः14 मीन राशि से अपनी उच्थ राशि मेष राशि में अपनी चाल बदली है। वहीं देवगुरु बृहस्पति गुरु 14 मई को रात्रि में 9ः21 से वृषभ राशि से मिथुन राशि में अपनी चाल बदल रहे हैं। पंचांगों में भिन्नता होने के कारण कुछ पंचांग देवगुरु बृहस्पति का राशि परिवर्तन 9 मई बता रहे हैं 10 जून को देवगुरु वृहस्पति अस्त हो जाएंगे इस कारण 10 जून के बाद सभी मांगलिक कार्य रुक जाएंगे । वैसे तो लोग शादी-विवाह के लिए तैयारियों को लेकर पहले से ही आवश्यक व्यवस्था बनाने का कार्य शुरू कर दिए थे और खरमास समाप्त होने का इंतजार कर रहे थे। देवगुरु बृहस्पति के अस्त होने के कारण जुलाई माह में मांगलिक कार्य नहीं हो सकेंगे। हिन्दू धर्म में खरमास लगने के दौरान 14 अप्रैल से 10 जून के बीच शादी-विवाह हो सकेंगे। गुरूदेव ने बताया कि अप्रैल में 9 मई में 17 जून में 7 शादियों के मुहूर्त हैं। जिनमें अप्रैल माह में 14, 15, 16, 18, 20, 21, 25, 29 और 30 तारीख को शुभ मुहूर्त है। जबकि मई माह में 1,5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 13,14, 15 16, 17, 18, 22, 23 और 28 को विवाह के मुहूर्त हैं। इसी प्रकार जून माह में 1, 2, 4, 5, 6, 7 और 8 तारीख को विवाह के लिए शुभ मुहूर्त है। जिन वर-कन्याओं के विवाह 4, 8, 12 सूर्य और बृहस्पति चल रहे थे। उनके लिए सूर्य एवं बृहस्पति का राशि परिवर्तन होने से उनके रुके हुए शादी विवाह हो सकेंगे।

**अक्षय तृतीया में खूब बजेगी शहनाई**

अप्रैल माह के अंत में 30 अप्रैल को अक्षय तृतीय पड़ रही हैं, इस दिन अपने आप में अबूझ मुहूर्त होता है यानी इस दिन बिना विचार किए कोई भी शुभ कार्य किया जाता है, जिसका प्रभाव शुभ होता है। यही कारण है कि आगामी 30 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन सबसे अधिक शादियां होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह उत्सव की धूम मची रहती है। हर कोई इस अबूझ मुहूर्त में विवाह करना अधिक पसंद करते हैं। इस वर्ष 10 जून से देवगुरु बृहस्पति अस्त हो रहे हैं । देवगुरु बृहस्पति अस्त होते ही शादी विवाह, गृह प्रवेश, गृह आरंभ, मुंडन संस्कार, यज्ञोपवीत संस्कार आदि पर रोक लग जायेगी।

# गर्मी की दस्तक के साथ ही मटके, सुराही की बढ़ी मांग



सत्ता सुधार ■ हरदा

गर्मी की दस्तक के साथ ही शहर में मटकी और सुराहियों की दुकानें सजने लगी है। इसके साथ मिट्टी की बोतलें भी बेची जा रही है जो कि सहज ही अपनी और लोगों का ध्यान खींच रही है। विक्रेताओं ने बताया कि इसकी कीमत ज्यादा है, पर लोग इसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। गर्मी के मौसम आते ही जिले के अनेक स्थानों में मिट्टी से तैयार मटके, सुराही की बिक्री होने लगती है। इस बार पहली बार राजस्थानी मिट्टी शिल्पकारों को सामग्री बाजार में पहुंच चुकी है। इसमे मिट्टी से बनी बोतल भी शामिल है। परंपरागत आकार से हटकर इस बार सुराही आकर्षक सुराहियां नजर आ रही है। इसमें नल और बिना नल वालों सुराहियां दोनों मिल रही है। वहीं बीते बरस की अपेक्षा सुराही की भी मांग बराबर बनी हुई है। इसका कारण यह है कि कई लोग मटके का पानी पीना पसंद करते है। साथ ही अक्षय तृतीया के दिन दान पुण्य करने से इसकी खरीददारी होती है।

**ज्यादा मांग होने की संभावना –** मटके विक्रेताओं का कहना है कि माह मई, जून में गर्मी की तपिस बढ़ने के साथ ही मटकी, सुराही की मांग बढ़ने की संभावना है। तेज धूप के पूर्वानुमान को देखते हुए मटके निर्माण के साथ ही भंडारण पर भी ध्यान दिया जा रहा है ।

### गतिअवरोधक बनाये जाने एवं संकेतक लगवाने की मांग

**हरदा।** नगर के वार्ड 6 पार्षद सुनील दुबे द्वारा टिमरनी–सोडलपुर मार्ग पर गतिअवरोधक बनाये जाने एवं संकेतक लगवाने के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी महेश कुमार बडोले को आवेदन सौंपा। जिसने कहा गया कि टिमरनी–सोडलपुर मार्ग पर गतिअवरोधक बनाने जाए क्योंकि उक्त मार्ग पर तीन विद्यालय एवं एक महाविद्यालय एवं न्यायालय सहित अन्य पाँच विभाग भी संचालित हो रहे है। इस मार्ग पर छात्र–छात्राओं का आवागमन भी अधिक रहता है इसलिए मार्ग अवरोधक बनाने हेतु संबंधित ऐजेंसी को अवगत कराते हुए गतिअवरोधक बनाने के निर्देश कर सुलभ कांप्लेक्स के सामने ,तहसील परिसर के सामने, बारजा चौराहा के दोनो तरफ, राधाबाई की पुलिया, महाविद्यालय के सामने गतिअवरोधक बनाने की मांग की गई । श्री दुबे ने बताया मेरे द्वारा विभिन्न स्थानों पर गति अपरोधक बनाने की मांग की गई थी जिस पर अनुभागीय अधिकारी द्वारा जनहित को देखते हुए तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित एजेंसी को आदेशित किया गया विभिन्न स्थानों पर गति अवरोधक बनाने का कार्य किया जा रहा है ।

# कलेक्टर ने जिले के क्षेत्रों से आए लोगों की सुनी समस्याएं

### कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

सत्ता सुधार ■ शहडोल



कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में सोहागपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत पिपरिया के सरपंच, उपसरपंच सहित अन्य लोगों ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि उनके ग्राम पंचायत पिपरिया के वार्ड क्रमांक 12,13, 14, एवं 15 में लगभग 100 से अधिक घर की बस्ती है। जिसमें बिजली सप्लाई हेतु केवल एक ट्रान्सफर्मर लगा हुआ है एवं सभी घरों में बिजली का कनेक्शन एक ही ट्रांसफर्मर से दिया गया। उन्होनें बताया कि एक ट्रांसफार्मर से उनकी बस्ती के सभी घरों के लिए पर्याप्त मात्रा में बिजली की सप्लाई नहीं कर पा रहा हैं जिस कारण से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं। उनका कहना था कि उनकी बस्ती में एक और ट्रांसफार्मर लगा दिया जाए। जिस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई में राहुल प्रजापति, आकाश वर्मन, शनि चौधरी एवं सत्यम वर्मन ने संयुक्त रूप से कलेक्टर को आवेदन हेते हुए बताया कि वे लगभग 18 महीने से जिला जेल के सामने अलग-अलग प्रकार के फूड स्टॉल लगाते आ रहे हैं एवं उनकी आय का एक मात्र साधन फूड स्टॉल ही है, जिससे उनके परिवार का पालन पोषण हो रहा है। उन्होनें बताया कि 09 अप्रैल 2025 को नगरपलिका द्वारा फूड स्टॉल हटाने का निर्देश दिया गया था। जिसके बाद अभी तक हमारा फूड स्टॉल नहीं लगा है। जिस कारण से हमारी आय का साधन ही समाप्त हो गया है एवं परिवार का पालन पोषण करने में काफी समस्याओं का समना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि उन्हें पुनः स्टाल लगाने की अनुमति प्रदान की जाए। जिस पर कलेक्टर ने नगरपालिका अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने जन सुनवाई में अन्य आवेदनों की भी सुनवाई की तथा संबंधित अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए।

**प्रेरणा** शहर के अभिलाषी एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को दिशा निर्देश प्रदान किए गए

# शहडोल पुलिस ने भरा छात्रों में जोश, NDA टॉपर की कहानी बनी प्रेरणा


सत्ता सुधार ■ शहडोल



दिशा सेल्फ लर्निंग लाईब्रेरी, पुलिस लाईन, शहडोल में एक प्रेरणादायक करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन शाहडोल पुलिस द्वारा किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में शहर के अभिलाषी एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को दिशा निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम के केन्द्रबिंदु रहे सउनि. रामराज पाण्डेय के पुत्र अभिनव पाण्डेय, जिन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA) की परीक्षा में अपने पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त कर जिले का एवं समस्त पुलिस परिवार नाम रोशन किया है। उनकी उपलब्धि न केवल जिले के लिए गौरव की बात है, बल्कि सभी युवा छात्रों के लिए एक प्रेरणा भी है। कार्यक्रम में उपस्थित निरीक्षक राघवेन्द्र तिवारी (थाना प्रभारी कोतवाली) ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हर बड़ी सफलता के पीछे परिवार का सहयोग और स्वयं का निरंतर परिश्रम ही मूल मंत्र होता है। अभिनव की सफलता में उनके परिजनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जो सभी छात्रों के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश दीक्षित द्वारा छात्रों को यह संदेश दिया कि लक्ष्य कितना भी बड़ा हो, अगर संकल्प मजबूत हो और दिशा सही हो तो कोई भी सफलता दूर नहीं। उन्होंने उपस्थित युवाओं से नियमित अध्ययन, आत्म अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ तैयारी करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री मुकेश दीक्षित, निरी. रविन्द्र तिवारी (थाना प्रभारी कोतवाली) एवं बृजलाल रोकडे (सूबे.) प्रभारी रक्षित निरी. एवं सउनि. पाण्डेय एवं परिवार के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपने करियर से जुड़े विभिन्न सवालों के उत्तर प्राप्त किए।

# अध्यक्ष, म.प्र. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने बालक छात्रावास का किया निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ शहडोल



मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने संभागीय मुख्यालय शहडोल के सोहागपुर थाना के पास स्थित बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने छात्रावासी बालको से संवाद किया तथा समस्याएं जानी। छात्रावासी बालको की मांग पर अध्यक्ष ने बालक छात्रावास तक आने जाने के लिए सड़क मार्ग का निर्माण एवं छात्रावास में बालको की पढाई की सुविधा बढाने हेतु वाई फाई सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देष संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देष दिए कि गर्मी के मौसम में कूलर, शीतल पेयजल सहित अन्य आवष्यक व्यवस्था सुनिष्चित करें। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों की सूची भी अपडेट करें। साथ ही मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने छात्रावास के रहवासी कक्षों तथा निर्माणाधीन कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा आवष्यक निर्देष दिए। इस अवसर सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग श्रीमती आषा द्विवेदी, छात्रावास अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

## ब्रीफ न्यूज

### अमृत वाणी में शांति पाठ का हुआ आयोजन



**देवरी/सागर।** ग्राम पिपरिया जेतपुर में वरिष्ठ समाज सेवी गुमान मंडल के परिनिर्माण पर अमृत बाणी एबं शांति पाठ का आयोजन किया गया।इस दौरान अखिल भारतीय रविदसिया धर्म संगठन के प्रदेश धर्माचार्य रामदयाल शास्त्री जबलपुर अपना आशीर्वाद देने पहुँचे।इस दौरान रामदयाल शास्त्री ने पूज्य गुरुदेव रविदास जी महाराज की आरती का वाचन किया, साथ ही उपस्थित गुरु प्रेमियों को महान संत रविदास जी महाराज के बताये हुए मार्ग पर चलने का संदेश दिया उपस्थित गुरु प्रेमियों ने रविदास जी महाराज के बताये हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। एबं रामदयाल शास्त्री जी के मुखरविन्द से निकली अमृतवाणी का धर्म लाभ लिया।इस अवसर पर पुत्र ब्रन्दावन मंडल, कमलेश मंडल हेमंत मंडल, रामकुमार मंडल, देवेश मंडल, शिवदयाल मंडल ज्वालाप्रसाद, बालचंद माते,शंकर पचौरी ,नंदराम बड़कुर,मनोज जगदीश पुसउ दादा, रतन अहिरवार बरकोटी वाले सहित अनेकों गुरु प्रेमी उपस्थित रहे।

### स्टूडेंट बोले-फर्जी कॉलेज से वापस दिलाएं फीस

**सागर।** राधा रमण और चैतन्य पैरा मेडिकल कॉलेज के खिलाफ मंगलवार को स्टूडेंटों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि हम लोगों को एक फोन आया था। जिसमें कहा गया कि आपको एडमिशन के लिए चैतन्य पैरा मेडिकल कॉलेज में गर्वमेंट द्वारा चुना गया है। यदि 2 दिन में एडमिशन ले लिया तो आप अपना स्वयं का अस्पताल खोल सकते हैं। आप लोग इस सर्टिफिकेट पर सरकारी अस्पताल में भी नौकरी कर सकते हैं। बातों में आकर चैतन्य कॉलेज में पहुंचकर फीस जमा कर एडमिशन लिया। इसके बाद कुछ समय तक कॉलेज ने पढ़ाई कराई गई। जिसके बाद सिविल लाइन के ऑफिस में बुलाकर पढ़ाया गया। पढ़ाई पूरी होने पर नौकरी के लिए आवेदन किया। लेकिन हमारे सर्टिफिकेट को स्वीकार नहीं किया गया। हालही में पता चला कि राधा रमण संस्थान फर्जी था।

# डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती का भव्य आयोजन

सत्ता सुधार ■ बीना/सागर



अहिरवार समाज संघ भारत की शाखा बीना द्वारा भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं एवं महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 198वीं जयंती संघ के प्रदेश अध्यक्ष एमएल वर्मा की अध्यक्षता में भव्य रैली का आयोजन संपन्न हुआ,जिसमें सर्वप्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर चौराहा पर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली का शुभारंभ एमएल वर्मा एडवोकेट राजाराम अहिरवार, शिवकेश संचान द्वारा हरी झंडी दिखा कर दिया गया।जो मुख्य मार्गो सर्वोदय चौराहा, गांधी तिराहा होते हुए कच्चा रोड से पुनः सर्वोदय चौराहा होते हुऐ सागर रोड ओवर ब्रिज से होकर ग्राम हिरनछिपा अहिरवार सामुदायिक भवन पर महात्मा ज्योतिबा फुले एवं बाबा साहेब के छायाचित्र के समक्ष मोमबत्ती जलाकर पुष्प अर्पित कर समापन हुआ तत्पश्चात प्रसार वितरण किया गया।आज के कार्यक्रम का आभार वीरेंद्र राजोरिया द्वारा व्यक्त किया गया।आज के जयंती कार्यक्रम में संभागीय उपाध्यक्ष दशरथ अहिरवार संभागीय सचिव आर.पी.रोहित, ब्लॉक अध्यक्ष सुखलाल बाबू, नगर अध्यक्ष दयाराम मेशन,कार्यवाहक नगर अध्यक्ष रोशन अहिरवार,संत रविदास समिति अध्यक्ष मुकुंदी बाबू, गणपत बाबू,धर्मेंद्र अहिरवार,शिखर चंद अहिरवार, एडवोकेट राजाराम अहिरवार, नंदकिशोर चौधरी,नरेश जाटव,उधम ड्राइवर,अशोक अहिरवार,खन्ना सर, नगर सचिव आर.के. राज,ग्राम अध्यक्ष रामसेवक अहिरवार,संगठन मंत्री हेमराज अहिरवार,ओबीसी समाज से शिवकेश सचान,अरविंद पटेल,ग्राम अध्यक्ष आसाराम अहिरवार, सचिव सीताराम अहिरवार, सदस्य राजेंद्र अहिरवार,अर्चना अहिरवार सहित एससी एसटी ओबीसी समाज से बच्चे बुजुर्ग हजारों की संख्या में उपस्थित हुए।

# 25 वर्षीय दिव्यांग युवक ने फांसी लगाई पत्नी एक दिन पहले ही गई थी मायके

### लगातार बढ़ रही है आत्महत्या की घटनाएं

सत्ता सुधार ■ बीना/सागर



बीना में नई बस्ती पुलिस चौकी के पास एक और आत्महत्या का मामला सामने आया है। पेट्रोल पंप कर्मचारी 25 वर्षीय शुभम कुशवाहा ने अपने घर में फांसी लगा ली। शुभम एक पैर से दिव्यांग थे। सुबह 8 बजे शुभम के पिता चंदन कुशवाहा ने उन्हें फंदे पर लटका हुआ पाया। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। मृतक के भाई बलराम ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार, शुभम की पत्नी अपनी बच्ची के साथ एक दिन पहले ही मायके गई थी। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।यह क्षेत्र में पिछले 5 दिनों में हुई तीसरी आत्महत्या है। 11 अप्रैल को बसाहरी के उपसरपंच और युवा व्यवसायी हर्षित जैन ने जहर खाकर जान दी। 13 अप्रैल को वीर सावरकर वार्ड की 15 वर्षीय आस्था कुशवाहा ने फांसी लगा ली। लगातार हो रही इन आत्महत्याओं से क्षेत्र के लोगों में चिंता का माहौल है।

# हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई संविधान निर्माता की जयंती, निकला चल समारोह

## बाबा साहव को किसी एक जाति में बांधना उचित नही- विधायक बृजबिहारी पटेरिया

सत्ता सुधार ■ देवरी/सागर

भारतीय संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वा जयंती पुरानी कचहरी मैदान में समारोह पूर्वक मनाई गई। इस दौरान गाँव गाँव एवं नगर के वार्डो से बाबा साहब की झंकियों के माध्यम से अम्बेडकर अनुयायी कौशल किशोर वार्ड पहुँचे।जहाँ से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमे बड़ी संख्या में माताएँ बहनें, बुजुर्ग, युवा, एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर के अनुयायी सम्मलित हुए।शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई पुरानी कचहरी मैदान स्थित जयंती समारोह स्थल पर पहुंची।इस दौरान पूज्य संत रविदास जी महाराज एबं बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।इस अवसर पर एक विचार सभा का आयोजन किया गया जहाँ पर उपस्थित विद्वान बक्ताओ के द्वारा बाबा साहव के द्वारा देश के लिए किये गये महान कार्यो का वर्णन किया। बाबा साहब को किसी एक जाति में नहीं बांधना चाहिए। जयंती समारोह में सम्मलित हुए क्षेत्रीय विधायक बृजबिहारी पटेरिया ने उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा की बाबा साहव को किसी एक जाति में बांधना उचित नही है बाबा साहव के बारे में जितना कहा जाये उतना कम है उनके द्वारा शोषित बंचित बर्ग के लोगों के जीवन स्तर को बदलने के लिए अनेकों महान कार्य किये। इतना ही नही आज जो हम स्वतंत्रत भारत में हम सांस ले रहे यह भी बाबा साहव की देन है उन्होंने हमें स्वतंत्र लोकतंत्र दिया ऐसे महान शिक्षाविद, न्यायविद के चरणों में नमन करते है।



### हमें नशे को त्यागना पड़ेगा तभी हमारा विकास संभवः जिला अध्यक्ष

अखिल भारतीय रविदसिया धर्म संघठन के जिला अध्यक्ष मुन्ना ठेकेदार ने कहा की हमें नशे को त्यागना पड़ेगा तभी हमारा विकास संभव है उन्होंने वर्तमान सरकार के प्रतिनिधियों से भी अपील की की हमारी बस्तियों में बिकने बाले मादक पदार्थो की दुकानों को बंद करवाइये नही तो हम आजाद भारत में फिर से गुलाम हो जायेंगे। और फिर हमें कोई दूसरे बाबा साहव अम्बेडकर बचाने भी नही आएंगे। वरिष्ठ कार्यकर्त्ता परसराम अहिरवार ने कहा की बाबा साहव ने अपने सम्पूर्ण जीवन में इतना त्याग और बलिदान दिया है की जब हम पुस्तकों में पड़ते है तो आँखों में आँशु आ जाते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खेमचंद अहिरवार ने कहा की इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उन सभी साथियो का महत्वपूर्ण योगदान है जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने दिन रात मेहनत की में ऐसे समस्त साथियो का ह्रदय से धन्यवाद देता हूँ साथ ही कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करता हूँ। जयंती के उपलक्षय में निकाली गई शोभायात्रा में नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन, समाज सेवी संदीप जैन बबलू सिनेमा, डॉ अबनीश मिश्रा के अलाबा, महिलाये, युवा, बुजुर्ग, एबं हजारों की संख्या में बाबा साहव के अनुयायी शामिल हुए।

### इनका हुआ सम्मान-

बाबा साहव की जयंती समारोह को सफल बनाने में जो साथी निरंतर लगे रहे उनका मंच पर फूल मलाओ से सम्मान किया गया। जिन को सम्मानित किया गया उनमें हरिशंकर जाटव, संतोष जाटव, नन्हेलाल अहिरवार, किशोर कुमार, एड हरपाल सिंह, एड, मुकेश जिजोतिया, परसराम अहिरवार, रोहित जाटव, विनोद ठेकेदार, गुलाव जाटव, लोकेश जाटव, सहित अनेकों कार्यकर्त्ता शामिल रहे। मंच का संचालन बलराम जाटव ने किया।

### बाबा साहव ने भारत देश के विकास के लिए अनेकों महान कार्य किए: डॉ अवनीश मिश्रा

बाबा साहव की जयंती समारोह के दौरान आयोजित विचार सभा में उपस्थित विद्वान बक्ताओ के द्वारा बाबा साहव के जीवन संघर्ष को बताते हुए अपने विचार रखे। बीकेपी कालेज के संचालक डॉ अवनीश मिश्रा ने कहा की बाबा साहव ने भारत देश के विकास के लिए अनेकों महान कार्य किये है उनके त्याग एवं उनके द्वारा देश विकास में किये गये कार्यो को हम सब आने बाली पीड़ी भी सदा याद करेगी। बरिष्ठ समाज सेवी अनिल ढिमोले ने कहा की आज के आयोजन में सम्मलित अपार जन समुदाय को देखकर मन प्रसन्न हो गया बाबा साहव के बारे में हम जितना भी कहे उतना कम होगा अगर हमें बाकई में बाबा साहव के मिशन को पूरा करना है तो हमें हमारे बच्चों को पढ़ाना होगा हमें बुराइयों को छोड़ना होगा तभी बाबा साहव का मिशन पूरा होगा। युवा साथी किशोर कुमार ने कहा की बाबा साहव ने हिन्दू कोड बिल लाकर देश की सम्पूर्ण नारियो के साथ न्याय किया इसी वजह से आज देश की महिलाओ को अपने विकास के रास्ते खुले।

# हत्या करने वाले आरोपियो को थाना भानगढ पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर किया गिरफ्तार



सत्ता सुधार ■ बीना/सागर

थाना भानगढ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवराजी मे दिनाँक 13/04/25 को एक युबक रूपसिह लोधी को उसके ही गांव मे रहने वाले कुछ व्यक्तियो ने पुराने केश के राजीनामा की बुराई के चलते फरसा, कुल्हाडी, राड, डण्डो से मारपीट कर रूपसिह लोधी की हत्या कर दी थी तथा ब्रजभान लोधी को गंभीर रूप से घायल किया एवं घटना को अंजाम देने के वाद सभी आरोपी फरार हो गये थे भानगढ थाना पुलिस ने घटना गंभीर होने से त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपियो के विरूध्द हत्या का मामला पंजीबध्द किया। पुलिस अधीक्षक सागर विकाश सहवाल के कुशल निर्देशन एवंअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना सागर डॉ. संजीव उइके, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बीना नीतेश पटेल के मार्ग दर्शन मे थाना भानगढ पुलिस की टीम द्वारा अलग अलग स्थानो पर दबिश देते हुये 24 घण्टे के भीतर घटना को अंजाम देने वालो मे से चार आरोपी देवीसिह लोधी, चन्द्रभान लोधी, तिलक लोधी, ब्रजभान लोधी को दिनाँक 15/04/25 को गिरफ्तार किया और आरोपियो से घटना में प्रयुक्त हथियार फरसा, कुल्हाडी, लोहे की राड जप्त कर आरोपियो को दिनाँक 15/04/25 को माननीय न्यायालय पेश किया गया। इस कार्यवाही मे महत्वपूर्ण भूमिका थाना भानगढ पुलिस टीम थाना प्रभारी उप निरी0 सतेन्द्र सिह भदौरिया, उप निरी0हरिसिह तोमर, सउनि जमना प्रसाद रजक, प्र.आर. मो0 इरफान खांन, प्र.आर. कृष्णकांत वर्मा, प्र. आर. हेमन्त तिवारी, प्र. आर. हेतराम कुलदीप, आर. अजय रघुवंशी,दीपक यादव, आर.योगेश शर्मा, आर.जगदीश कोली, आर.प्रवीण भदौरिया की रही है।

### ठेकेदारों के बीच विवाद, वाहनों में की भारी तोड़फोड़

**सागर।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र की एमआईजी कॉलोनी में दो ठेकेदारों के लोगों के बीच विवाद हो गया। एक पक्ष ने मौके पर जमकर उत्पात मचाया। जेसीबी से गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। सूचना मिलते ही दूसरे पक्ष के लोग जमा हो गए। विवाद की जानकारी पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और भीड़ को खदेड़ा। क्षतिग्रस्त वाहनों को थाने में लाकर खड़ा किया गया है। पुलिस मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर कार्रवाई कर रही है।

# संतों के दर्शन और धर्म लाभ की कामना लिए विधायक लारिया तपोवन पंच कल्याणक प्रतिष्ठा गजरथ महोत्सव में शामिल हुऐ



सत्ता सुधार ■ सागर

तपोवन दिगंबर जैन तीर्थ बहेरिया फोरलेन में 12 अप्रैल से पांच दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा गजरथ महोत्सव का विश्व शांति की सद्भावना को लेकर आयोजन किया जा रहा है।धर्म लाभ की कामना,संतों के दर्शन की अभिलाषा लिए नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने तपोवन तीर्थ क्षेत्र में चल रहे पंचकल्याणक महोत्सव में सम्मिलित हुए। उन्होंने सर्वप्रथम संत शिरोमणि 108 आचार्य विद्यासागर जी महाराज के दिव्य चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किये।तपोवन में विराजमान आचार्य श्री 108 निर्भय सागर जी एवं मुनि संत के श्रीचरणों में वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष पवन जैन धबोली, सुखमल जैन नैनधरा, सुरेश जैन बीज निगम, प्रेमचंद पटवारी, प्रसन्न जैन, अशोक जैन चितौरा,संतोष जैन स्टील, वीरेंद्र जैन पूर्व सरपंच, संपत जैन, नपा अध्यक्ष मिहिलाल, कपिल कुशवाहा, बलवंत ठाकुर, विवेक सक्सेना, नरू ठाकुर, राजा रिछारिया, गोकुल ठाकुर, मधुकर जाटव,मनोज जैन,आलोक जैन बरायठा सहित बड़ी संख्या में गणमान्मजन उपस्थित थे।

# पक्का मकान पाने से कोई न छूटे: विधायक लारिया



**सागर।** मंगलवार को विधायक कार्यालय,रजाखेड़ी में नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया की विशेष उपस्थिति में आवास योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएमओ मनीष परते, पार्षदगण, उपयंत्री, पटवारी सहित संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के सर्वे की तिथि आगामी 30 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दी गई है। कोई भी पात्रता रखने वाला हितग्राही छूट नहीं पाऐ। हर हाल में पात्रता रखने वाले हितकारी का नाम सूची में रहना चाहिए। पहले सर्वे की तिथि गत 31 मार्च 2025 तक थी जो बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। उन्होंने वर्ष 2024-25 के लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सर्वे के प्रति लोगों में जागरूकता लाने तथा प्रचार-प्रसार कर योजना के क्रियान्वन में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## आयोजन

### शहर कांग्रेस कमेटी, ने सुबह पहुंचकर सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए

# अम्बेडकर एक ऐसे युग पुरुष थे जिनका जीवन देशहित को समर्पित था: ठाकुर

सत्ता सुधार ■ बीना/सागर



महान समाज सुधारक व भारतीय संविधान के शिल्पी, भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर विशेष रूप से ब्लॉक, शहर कांग्रेस कमेटी, ने सुबह पहुंचकर सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस पर कोटि-कोटि नमन। डॉ. भीमराव अम्बेडकर एक ऐसे युग पुरुष थे जिनका जीवन देशहित को समर्पित था। सामाजिक एकता हेतु उनकी सकारात्मक सोच, राष्ट्रीय स्तर पर दूरदर्शी दृष्टिकोण और व्यक्तिगत जीवन में उनकी योग्यताएं अतुलनीय थीं।आइये, उनके जन्म दिवस पर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलने के प्रण को दोहराएं एवं उनके जीवन से प्रेरित होकर देशहित में अपनी भागीदारी निभाएं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के इंदर यादव ने कहा कि संविधान के रचयिता भीमराव अंबेडकर कि यह बात कागज और कलम की ताकत दुनिया की हर ताकत से बड़ी है, एक रोटी कम खाओ पर बच्चों को जरूर पढ़ाओ।शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र का स्वरूप और उद्देश्य समय के साथ बदलती रहती हैं और आधुनिक लोकतंत्र का उद्देश्य लोगों का कल्याण करना है।इस मौके पर विशेष रूप शशि मोहन तिवारी, मनोज केथोरिया, भाव सिंह, सुरेश तिवारी नाही,अशोक परिहार, मोतीलाल अहिरवार, चंद्रशेखर राज, उमा, महेंद्र नवैया, प्रमोद राय, ममता अहिरवार, एडवोकेट कृष्णा केथोरिया, शिवानी बौद्ध, ओम प्रकाश पासु, राजेंद्र आठिया, हरि शंकर दीक्षित, जतिन झा, सुरेश तिवारी नाही, शकील खान, पीयूष तिवारी, लल्लू अहिरवार, सुभाष सिंधई, समाजवादी नेता सुरेश तिवारी, खुशी लाल अहिरवार जिला पंचायत सदस्य, आदि उपस्थित थे।

### ठेकेदार की लापरवाही हादसे का कारण

# 10 फीट ऊपर उछले तीनों बाइक सवार, तीनों की हालत गंभीर



**बीना/सागर।** सागर-मालथौन नेशनल हाइवे 44 पर मंगलवार सुबह सड़क हादसे में तीन युवक घायल हो गए। तीनों को इुचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।जानकारी के अनुसार मालथौन थाना क्षेत्र के डबडेरा फाटक के पास सड़क का निर्माण चल रहा है। नई सड़क बनाने के लिए पुरानी सड़क के गिट्टी-डामर को निकालकर सड़क किनारे ही पटक दिया गया है। इसी गिट्टी-डामर से युवकों की बाइक टकरा गई।हादसे में रोंडा निवासी विजय अहिरवार, सौरभअहिरवार और लक्की पटेल घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार करीब 10 फीट ऊपर उछले। बाइक के परखच्चे उड़ गए।

## ब्रीफ न्यूज

### जम्पा चोटिल होने के कारण आईपीएल से बाहर हुए

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे हुए सत्र से बाहर हो गये हैं। जम्पा के कंधे में खिंचाव आया है। इसी कारण राजस्थान रॉयल्स के साथ खेले गए मैच में उन्हें गेंदबाजी के दौरान परेशानी आई। इसके बाद वह स्वदेश लौट गये हैं। जम्पा ने इस टूर्नामेंट के पहले दो मैचों में इम्पैक्ट सब के रूप में खेलते हुए 48 और 46 रन देकर एक-एक विकेट लिया था। जंपा जैसे अनुभवी स्पिनर का बाहर होना खिलाड़ियों के खराब फार्म से जूझ रही सनराइजर्स के लिए भी करारा झटका है। पहले माना जा रहा था कि जम्पा थोड़े आराम के बाद आईपीएल में वापसी करेंगे पर अब इसकी संभावना समाप्त हो गये है क्योंकि सनराइजर्स ने उनकी जगह कर्नाटक के बल्लेबाज आर स्मरण को टीम में शामिल कर लिया है। जम्पा अब अगले कुछ माह नहीं खेल पायेंगे। इसी कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज से भी बाहर रहेंगे।
गिरजा/ईएमएस 15 अप्रैल 2025

### प्रशंसक ने नीता अंबानी से रोहित को कप्तान बनाने मांग की

**मुम्बई।** रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने पांच बार आईपीएल खिताब जीता है। ऐसे में मुम्बई के प्रशंसक चाहते हैं कि एक बार फिर टीम की कप्तानी उन्हें दी जाये। आईपीएल के पिछले सत्र में रोहित की जगह पर हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया गया था जिससे प्रशंसकों में नाराजगी भी रही। वहीं अब एक प्रशंसक ने शिरड़ी मंदिर के बाहर टीम की मालिक नीता अंबानी से रोहित को फिर से कप्तान बनाने का अनुरोध किया। प्रशंसक ने नीता अंबानी से हाथ जोड़कर अनुरोध किया, रोहित को कप्तान बनाओ। इस पर अंबानी ने जवाब दिया, बाबा की मर्जी भगवान पर छोड़ दो। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। मुंबई इंडियंस की आईपीएल के इस सत्र में शुरुआत अच्छी नहीं रही ओर उसे केवल दो मैचों में ही जीत मिली है। टीम इस समय 4 अंक के साथ अंक तालिका में 7वें स्थान पर है। वहीं रोहित का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा है और उन्होंने 5 मैचों में 11.20 की औसत से केवल 56 रन बनाए हैं।

### श्रेयस बने आईसीसी के मार्च महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को मार्च महीने के आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड मिला है। श्रेयस ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की दौड़ में न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रविंद्र को पीछे छोड़ा। अय्यर ने चैम्पियंस ट्रॉफी में आक्रामकम बल्लेबाजी करते हुए टूर्नामेंट में सबसे अधिक 243 रन बनाये थे और भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। अय्यर ने ये प्ररस्कार मिलने पर खुशी जतायी है। उन्होंने कहा, मैं मार्च महीने के लिए आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चयनित किये जाने पर सम्मानित अनुभव कर रहा हूं।



नेपल्स में सीरीज ए फुटबॉल मैच में खेलते हुए नेपोली और इमपोली के खिलाड़ी।

# ऋषभ के बिश्नोई को अंतिम ओवरों में गेंदबाजी नहीं देने पर उठे सवाल

एजेंसी ■ लखनऊ

लखनऊ सुपर जाएंट्स को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले में अपने घरेल मैदान पर ही हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत के अंतिम ओवरों में अपने स्पिनर रवि बिश्नोई का इस्तेमाल नहीं करने पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस मैच में जब सीएसके को जब अंतिम 4 ओवरों में 44 रनों की जरूरत थी तो सुपर जाएंट्स के कप्तान के पास बिश्नोई का एक ओवर था पर उन्हें नहीं दिया गया जबकि इस स्पिनर ने अपने पहले 3 ओवर में ही केवल 18 रन देकर दो विकेट लिए थे। इसके बाद भी कप्तान ने उनकी जगह पर तेज गेंदबाजों -शार्दुल ठाकुर और आवेश खान को गेंदबाजी के लिए



बुलाया और यही फैसला उन्हें भारी पड़ गया। मैच के बाद कप्तान ने कहा कि उन्होंने बिश्नोई के इस्तेमाल के लिए कई खिलाड़ियों से चर्चा की थी पर ऐसा हो नहीं पाया। पावरप्ले में हम अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पायेहै हालांकि हम चीजों को वापस ला सकते हैं। एक टीम के तौर पर हम हर मैच से सकारात्मक चीजें लेना चाहते हैं और सुधार करने के प्रयास कर रहे हैं। इस मैच में ऋषभ ने 63 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली थी पर उनका मानना है कि टीम ने 10-15 रन कम बनाए थे जिससे नुकसान हुआ। लखनऊ के कप्तान ने कहा, हमने 10 से 15 रन कम बनाये जबकि हमें साझेदारी बनाये रखनी थी। अगर हम 10 से 15 रन बनाने तो हालात अलग होते। मैं हर मैच के साथ बेहतर महसूस कर रहा हूं, लेकिन कभी-कभी यह काम नहीं आता।

# इंडियन प्रीमियर लीगः दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स में मुकाबला आज

## अक्षर पटेल की कप्तानी में उतरी दिल्ली के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज

एजेंसी ■ नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। दिल्ली इस सत्र में अब तक एक ही मैच हारी है। पिछले मैच में उसे अच्छे प्रदर्शन के बाद भी मुम्बई इंडियंस से मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं अब घरेल मैदान पर होने वाले इस मैच में कैपिटल्स जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। अक्षर पटेल की कप्तानी में उतरी दिल्ली के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज है जिससे वह राजस्थान पर भारी पड़ेगी। पिछले मैच में टीम की ओर से स्पिनर कुलदीप यादव और युवा विपराज निगम ने अच्छा प्रदर्शन किया था जिसे वह इस सत्र में भी बनाये रखना चाहेंगे। अक्षर पिछले मैच में विकेट नहीं ले ये थे और वह ये कमी इस मैच में पूरी करना चाहेंगे। इसके अलावा वह बल्लेबाजी में भी विफल रहे थे। युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क लय को भी अगर बने रहना तो रन बनाने होंगे। अब तक वह 50 रन भी नहीं बना पाये हैं। पिछले मैच में करुण नायर ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर 82 न बनाये थे। अब इस मैच में भी उनका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। मध्यक्रम में केएल राहुल ,ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा पिछले मैच में विफल रहे थे पर इस मैच में इनको रन बनाने होंगे। वहीं दूसरी ओर संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स की राह आसन नहीं है। वह



छह में से केवल दो मैच ही जीती है, इससे उसका मनोबल कमजोर हुआ है। इस प्रकार वह आठवें स्थान पर फिसल गयी है। रॉयल्स के बल्लेबाज और गेंदबाज अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं। यशस्वी जायसवाल केवल एक मैच में ही अर्धशतक बना पाये हैं। कप्तान सैमसन और रियान पराग व ध्रुव जुरेल भी बल्लेबाजी में असफल रहे हैं। गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। संदीप शर्मा के अलावा कोई भी गेंदबाज प्रभावित नहीं कर पाया है। दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं ॒ दिल्ली कैपिटल्स अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक फ्रेजर-मैकगुर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसी, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव। राजस्थान रॉयल्स ॒ संजू सैमसन (कप्तान), रियान पराग, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, कुणाल राठौड़, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, नितीश राणा, युद्धवीर सिंह, जोफ्रा आर्चर, महेश थीक्षाना, वानिंदु हसरंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय सिंह, तुषार देशपांडे, फजलहक फारूकी, क्वेना मफाका, अशोक शर्मा, संदीप शर्मा।

### धोनी से बात करते दिखे गोयनका

**लखनऊ।** यहां लखनऊ सुपर जॉइंट्स और चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के बीच हुए मैच के बाद सुपर जॉइंट्स के मालिक संजीव गोयनका सीएसके टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से बात करते हुए दिखे। धोनी ने इस मैच में अच्छी बल्लेबाज करते हुए अपनी टीम को जीत दिलायी थी। गोयनका को धोनी से बात करते हुए देखकर सभी हैरान हो गये क्योंकि एक समय उन्होंने धोनी को अपनी राइजिंग पुणे सुपर जॉइंट्स टीम से हटा दिया था। इस बार दोनों की मुलाकात और बातचीत की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किये जा रहे हैं। इस दौरान लखनऊ सुपर जॉइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत भी वहां मौजूद थे।राइजिंग पुणे सुपर जॉइंट्स टीम सिर्फ दो सत्र ही खेली और भंग हो गई। 2016 के आईपीएल में पहली बार यह टीम दिखी थी जिसके कप्तान महेंद्र सिंह धोनी थे। वहीं 2017 के सीजन से पहले ही गोयनका ने अचानक ही धोनी को टीम और उसकी कप्तानी से बाहर कर दिया था। वहीं अगर बात सुपर जॉइंट्स से मैच की करें तो धोनी ने इस मैच में एक बार फिर दिखाया है वह फिनिशिर के तौर पर अब भी बेहतरीन हैं। धोनी ने इस मैच में तेजी से 26 रन बनाये थे। उन्हें नियमित कप्तान रितुराज गायकवाड़ के चोटिल होकर बाहर होने के कारण कप्तान बनाया गया था।

# धोनी ने बताया पिछले मैचों में सीएसके की हार का कारण



एजेंसी ■ लखनऊ

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पांच मैच में मिली हार के बाद चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को जीत मिली है। इस मैच में जीत के बाद कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने बताया है कि सीएसके किन कारणों से पिछले मैचों में हारी थी। लखनऊ ने इस मैच में सीएसके को जीत के लिए 167 रनों का लक्ष्य दिया था जिसे सीएसके ने 20 वें ओवर में हासिल कर लिया। इस सत्र की शुरुआत में सीएसके की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ के पास थी पर वह कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गये। इसके बाद एक बार फिर धोनी को कप्तानी संभालनी पड़ी है। धोनी ने मैच के बाद कहा, ÷अगर आप पिछले मैचों को देखें तो पावरप्ले हो या वह टीम संयोजन हो या हालत में हम गेंद से संघर्ष कर रहे थे। इसी कारण हम बल्लेबाजी इकाई के रूप में वह शुरुआत नहीं कर पाए जो हम चाहते थे। साथ ही विकेटों का गिरना भी लगातार जारी था। हम कुछ हद तक गलत समय पर विकेट गंवाते रहे। इसका एक कारण यह हो सकता है कि हमारा घरेल विकेट थोड़ा धीमा हो। वहीं इस बार हम घर से बाहर खेल रहे थे। ऐसे में बल्लेबाजी इकाई ने थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया है। शायद हमें ऐसे विकेट पर खेलने की जरूरत है जो अधिक बेहतर हों जिससे बल्लेबाजों को अपने शॉट खेलने में आसानी हो। आप डर कर नहीं खेल सकते उन्होंने आगे कहा, ÷ तब हम अनुभवी स्पिनर आर अश्विन पर बहुत ज्यादा दबाव डाल रहे थे। वह पहले छह ओवर में दो ओवर गेंदबाजी कर रहा था। हमने बदलाव किए और वह बेहतर गेंदबाजी करने लगे। एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में, हम बेहतर कर सकते हैं। अगर आप अच्छी शुरुआत करते हैं, और आप ऐसे खिलाड़ी हैं जो पारी के अंत तक खेल सकते हैं, तो क्यों नहीं। मुझे लगता है कि शेख रशीद ने आज अच्छी बल्लेबाजी की। वह काफी साल से हमारे साथ है। इस साल वह नेट्स में तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों के खिलाफ वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। यह तो बस शुरुआत है।

# मुझे आईपीएल में पुराने अनुभवों का लाभ मिलाः नायर

एजेंसी ■ मुम्बई

आईपीएल के इस सत्र में शानदार पारी खेलकर वापसी करने वाले करुण नायर ने कहा है कि उन्हें अपने पुराने अनुभवों का लाभ मिला। इसलिए उन्हें सत्र के पहले मैच में कोई परेशानी नहीं आई। इसका कारण है कि वह मानसिक रुप से खेलने के लिये पूरी तरह से तैयार थे और उन्हें पता था कि कैसे खेलना है । करुण तीन साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे थे, ऐसे उनके प्रदर्शन को लेकर आशंकाएं जाहिर की जा रहीं थी। करुण ने 2022 में अंतिम बार आईपीएल



खेला था। उसके बाद उन्हें अवसर नहीं मिला था हालांकि घरेलू क्रिकेट में इस बची उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। वापसी के अपने पहले ही मैच में करण ने अपनी 89 रनों की पारी से सभी को प्रभावित किया। इस दौरान उन्होंने जसप्रीत बुमराह जैसो गेंदबाज पर भी जमकर शॉट लगाये। एक ओवर में बुमराह पर दो छक्के लगाने की क्षमा सभी में नहीं होती पर करूण ने यह कर दिखाया। उनके इस प्रदर्शन का कारण घरेलू क्रिकेट का शानदार प्रदर्शन भी है जिसमें उन्होंने विदर्भ के लिए विभिन्न प्रारूपों में पिछले सत्र में 1870 रन बनाए। इस कारण उनका मनोबल बढ़ा हुआ था। करूण ने कहा, 'मुझे आईपीएल में पहले खेलने का लाभ मिला। इससे मुझे पता था कि कैसे खेलना है। मेरे लिए कुछ भी नया नहीं था। मेरे दिमाग में तैयारी पूरी थी। बस मौके का इंतजार था। कुछ गेंद खेलकर फिर लय में आने की बात थी।



ओसाका में 2026 विंटर व पैरालंपिक खेलों के लिए मशाल थामे हुए इटली के फिगर स्केटर केरोलिना कोस्टर व पैरालंपिक एथलीट मार्टिना कैरोनी।

## महिला हॉकी

### इस दौरे से नये खिलाड़ियों को भी अपने को साबित करने का अवसर मिलेगा

# सलीमा की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी भारतीय महिला हॉकी टीम

एजेंसी ■ नई दिल्ली

मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 26 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी इंडिया इसी माह पांच मैच खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी। हॉकी इंडिया ने इस दौरे के लिए पांच नये खिलाड़ियों को भी शामिल किया है। भारतीय टीम इस दौरे में 26 अप्रैल से चार मई तक ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में खेलेगी। इस दौरे से नये खिलाड़ियों को भी अपने को साबित करने का अवसर मिलेगा। भारतीय टीम भारत इस दौरे में पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए से खेलेगी और उसके बाद तीन मैच ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से खेलेगी। सभी पांच मैच पर्थ स्टेडियम में ही खेले जाएंगे।

इस दौरे से टीम को जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के टीम के यूरोपीय चरण की तैयारी के लिए भी अवसर मिलेगा। इस बार टीम में पांच खिलाड़ियों ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे को पहली बार



शामिल किया गया है। इस प्रकार टीम में अनुभवी और नए खिलाड़ी दोनो ही शामिल हैं। टीम की कप्तानी जहां सलीमा टेटे के पास रहेगी। वहीं अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगी।

अनुभवी सविता और युवा बिचू देवी खारीबाम गोलकीपर रहेंगी जबकि रक्षा पंक्ति में ज्योति सिंह, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, सुजाता कुजूर, सुमन देवी थौदम, ज्योति, अजमीना कुजूर और साक्षी राणा शामिल हैं। मध्य पंक्ति की कमान कप्तान टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, महिमा टेटे, पूजा यादव और लालरेम्सियामी पर होगी।

नवनीत कौर, दीपिका, रुताजा दादासो पिसल, मुमताज खान, बलजीत कौर, दीपिका सोरेंग और ब्यूटी डुंगडुंग अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगी। बंसारी सोलंकी (गोलकीपर), अंजना डुंडुंग और लालथंटलुआंगी (डिफेंडर), साक्षी शुक्ला और खैदेम शिलेमा चानू (मिडफील्डर) तथा मोनिका टोप्पो और सोनम (फॉरवर्ड) को स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में रखा गया है।

टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि इस दौर से टीम को अपनी कमजोरियों को जानकर उन्हें दूर करने का अवसर मिलेगा। साथ ही कहा कि हमने संतुलित टीम का चयन किया है जो अनुभव और युवा खिलाड़ियों से भरी हुई है। इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं और सीनियर शिविर में अपना कौशल दिखाया है।

### बैशाखियों पर होने के बाद भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे द्रविड़

**मुम्बई।** पूर्व क्रिकेटर और रॉजस्थान रॉयलस के कोच राहुल द्रविड़ पैर में चोट के बाद भी आजकल आईपीएल में अपनी जिम्मेदारी निभाते दिख रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच हुए मुकाबले में भी वह बैशाखियों के सहारे मैदान पर पहुंचे और उन्होंने खिलाड़ियों से भी हाथ मिलाया हालांकि इससे पहले विराट कोहली ने उनसे आग्रह किया था कि वे ऐसी हालत में मैदान पर न जाएं पर द्रविड़ ने कोहली की भावुक अपील को मानने के बजाय खेल भावना को ऊपर रखा। वह मैदान पर गए और खिलाड़ियों से मिले। द्रविड़ के इस जज्बे ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया।

दैनिक
सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075

लोर्ड कृष्णा पब्लिक हाई स्कूल
Play group, Nursery, LKG, UKG,
1st to 10th classes.
ADMISSION OPEN
LKPS makes education easier and better.
Code 162167
शिवा नगर, गुलाब शाह दरगाह के पास, छत्री रोड़, शिवपुरी (म.प्र.) Mobile:9425488667,8770753472,7974832538

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने करणी सेना के आगरा में प्रदर्शन और धमकी देने पर कहा कि हम डरने वाले नहीं हैं। हम आगरा जाएंगे। हमें एनएसजी हटने का कोई मलाल नहीं है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था जीरो है। उद्योगपति डरे हुए हैं। वह सरकार से सवाल नहीं कर सकते हैं। वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी सिर्फ एक सपना है।

# जिला कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की मिली धमकी

## पूरे महकमे में मची खलबली, जांच के लिए आनन-फानन में पहुंचा बम निरोधक दस्ता

एजेंसी ■ चंदौली



जिलाधिकारी के अधिकारिक ईमेल पर पर मिली धमकी में कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। पूरे महकमे में खलबली मच गई। बम निरोधक दस्ते ने एक एक चीज की जांच की लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। ईमेल के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर को मंगलवार को मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक हल्के में खलबली मच गई। तत्काल कलेक्ट्रेट पहुंची बम स्क्वाड टीम सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों ने पूरे परिसर को खंगाल डाला। हालांकि कोई भी संदिग्ध वस्तु प्राप्त नहीं हुई। जिलाधिकारी कार्यालय के आधिकारिक ईमेल पर मंगलवार की सुबह एक धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ। इसमें साफ तौर पर कार्यालय को बम से उड़ाने की बात कही गई है। इस मेल के सामने आते ही जिला प्रशासन और पुलिस महकमे में खलबली मच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत अलर्ट जारी कर दिया गया। आनन-फानन में पुलिस फोर्स, बम स्क्वॉड और खुफिया एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं। जिलाधिकारी कार्यालय के कोने-कोने की गहनता से जांच पड़ताल की गई, लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु प्राप्त नहीं हुई। धमकी ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही कि मेल महज शरारत है या किसी बड़ी साजिश की कड़ी।

### तमिलनाडु के रहने वाले ने भेजा मेल

चंदौली।जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि तमिलनाडु के रहने वाले गोपाल स्वामी नामक व्यक्ति ने मेल के माध्यम से सूचित किया कि मंगलवार को कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाया जा सकता है। इस पर सतर्कता बरतते हुए पुलिस अधीक्षक की मदद से बम निरोधक दस्ता ने मौके पर पहुंचकर पूरे कलेक्ट्रेट परिसर की गहनता से जांच की। मेल करने वाले भाषा से लग रहा कि यह परेशान करने की नीयत से किया गया है। उसने तमिलनाडु के राजनीतिक मुद्दे को लेकर इस तरह के मेल करने की बात मेल में लिखी थी। बहरहाल कलेक्ट्रेट की गहनता से जांच कराई गई तो कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

# पीएम सीएसए में करेंगे जनसभा, मेट्रो में करेंगे सफर, कई परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण

एजेंसी ■ कानपुर



प्रधानमंत्री नवनिर्मित पनकी और नेयवेली पावर प्लांट घाटमपुर का लोकार्पण करेंगे। जनसभा स्थल से ऑनलाइन लोकार्पण किया जाएगा। दोनों ही प्लांटों से बिजली उत्पादन शुरू हो चुका है। इससे प्रदेश के साथ ही केंद्रीय ग्रिड को भी सप्लाई की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कानपुर में 24 अप्रैल को दौरा प्रस्तावित है। वह चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय (सीएसए) के मैदान में जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। तैयारियों को परखने के लिए 16 या 17 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर आ सकते हैं। सीएम अधिकारियों संग परियोजनाओं और तैयारियों की समीक्षा बैठक करेंगे। इसकी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। सोमवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने नयागंज स्थित मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री नयागंज से गीतानगर स्टेशन तक मेट्रो में भी सफर कर सकते हैं। प्रधानमंत्री यहां प्रदेश के 250 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसके लिए विभागों की लिस्ट भी तैयार की जा रही है।

### तैयारियां कर दी हैं तेज

डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर परियोजनाओं की जानकारी भी ली है। उधर, पुलिस-प्रशासन के साथ ही भाजपा पदाधिकारियों ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। पहले निरालानगर स्थित रेलवे ग्राउंड पर जनसभा की तैयारी की जा रही थी, लेकिन अब सीएसए में जनसभा की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पंडाल बनाने के लिए सीएसए मैदान में सामान उतर चुका है। देर रात एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार ने मैदान का जायजा लिया।

## ब्रीफ न्यूज

### प्रमोद निगम हत्याकांड मामले में दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

**वाराणसी।** प्रमोद निगम हत्याकांड में कोर्ट ने सजा सुनाई और नंदलाल राय उर्फ बबलू राय एवं शेषनाथ शर्मा को आजीवन कारावास दिया इसके साथ ही 50 पचास हजार का अर्थ दंड भी लगाया। 17 जनवरी 2017 को इंग्लिशिया लाइन में हुई ठेला-पटरी संघ के सचिव प्रमोद निगम की हत्या मामले में कोर्ट ने दो अभ्युक्तों नंद लाल राय उर्फ बबलू राय और शेष नाथ राय को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई इसके साथ ही पचास हजार का अर्थदंड भी लगाया। सुनवाई की अगली तारीख 15 अप्रैल है और दोनों अभ्युक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### वाराणसी में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार, कई मामले दर्ज

**वाराणसी।** वाराणसी पुलिस को वांछित की तलाश काफी दिनों से थी। वह पांच साल से फरार चल रहा था। पता चला कि गैंगेस्टर का आरोपी रामनगर स्थित अपने ससुराल के पास किराए का कमरा लेकर रह रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर लिया। लंका पुलिस ने पांच साल से फरार चले गैंगेस्टर में वांछित 25 हजार के इनामी विशाल चौधरी को मार्डन मैरेज लॉन रामनगर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के ऊपर गैंगेस्टर का मुकदमा 2020 में दर्ज होने के बाद से रायबरेली चला गया था। रायबरेली से वापस आकर रामनगर में अपने ससुराल से कुछ दूरी पर किराए पर कमरा लेकर रहता था। आरोपी का ससुराल रामनगर में है। पत्नी-बच्चे ससुराल में रहते हैं। मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करता था। आरोपी को लंका थाने पर एसीपी भेलूपुर डॉक्टर ईशान सोनी ने पेश करते हुए घटना का खुलासा किया।

### हाईटेंशन लाइन की चिंगारी बनी तबाही, फसल जलकर राख

**लखनऊ।** मलिहाबाद में सोमवार दोपहर हाइटेंशन लाइन की चिंगारी से लगी आग में तीन बीघे गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने बाल्टियों व ट्रैक्टर टैंकर से आग बुझाई। जिससे करीब डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान कई बार फोन पर सूचना देने के बाद भी दमकल टीम मौके पर नहीं पहुंची। घटना रहिमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ससपन की है। बराही देवी मंदिर के पास से गुजरती हाइटेंशन लाइन से निकली चिंगारी सीधे खेतों में गिरी। जिससे गिरीश सिंह, अशोक सिंह समेत कई किसानों की लगभग तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

# योगी बोले- वक्फ कानून से रुकेगी जमीन की लूट

## वापस आई जमीन पर अस्पताल, गरीबों के लिए बनेंगे मकान

### गढ़ी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बलिदानी राजा नरपत सिंह के शौर्य दिवस पर किया श्रद्धासुमन अर्पित

एजेंसी ■ कानपुर




हरदोई पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वक्फ कानून से वापस आई जमीन पर अस्पताल, गरीबों के लिए मकान, स्कूल, विश्वविद्यालय, निवेश लैंड आदि बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को हरदोई जिले के दौरे पर पहुंचे हैं। उन्होंने माधौगंज के रुइया गढ़ी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बलिदानी राजा नरपत सिंह के शौर्य दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके बाद जनता को सौगात देने के साथ जनसभा को संबोधित किया। योगी ने कहा कि वक्फ कानून से जमीन की लूट रुकने वाली है, जिससे विपक्ष को परेशानी है। ऐसा इसलिए हैं कि गुर्गे खाली होकरज्जनता की जगह उन्हें ही न लूटने लग जाएं। विपक्ष जनता को गुमराह कर रहा है, लेकिन हमें संविधान पर विश्वास करना और विकास से जुड़ना है।

### वापस आई जमीन पर होंगे ये कार्य

उन्होंने आगे कहा कि वक्फ संशोधन बिल से वापस आई जमीन पर अस्पताल, गरीबों के लिए मकान, स्कूल, विश्वविद्यालय, निवेश लैंड आदि बनेगा। हरदोई में सीएम आवास योजना के तहत हजारों आवास मिले हैं। जनता को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है।

### आज विकास भी ज़विरासत भी

सीएम योगी ने आगे कहा कि राशन, रोजगार, किसान सम्मान, लखपति दीदी जैसी योजनाओं से जनता लाभान्वित हो रही है। विकसित भारत की परिकल्पना के लिए हमें आत्मनिर्भर होगा होना। नौजवानों की स्किल को रफ्तार देनी है। 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा होगा।

### अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए

उन्होंने आगे कहा कि बंगाल जल रहा है। राज्य की मुख्यमंत्री चुप हैं। वह दंगाइयों को शांतिदूत कहती हैं। लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं? लेकिन धर्मनिरपेक्षता के नाम पर इन लोगों ने दंगाइयों को दंगे करने की पूरी छूट दे रखी है। पिछले एक हफ्ते से पूरा मुर्शिदाबाद जल रहा है, लेकिन सरकार मौन है। ऐसी अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए।

## सीएम योगी बोले- यह समयबद्ध, सहज और सरल भी हो

**लखनऊ।** लखनऊ में आयोजित कैट के एक कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त रूल ऑफ लॉ है। यह समयबद्ध, सहज और सरल हो, ताकि हर सामान्य कर्मचारी भी वहां तक पहुंच बना सके। राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) लखनऊ खंडपीठ के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सुशासन की पहली शर्त है रूल ऑफ लॉ। यह समयबद्ध, सहज और सरल हो। एक सामान्य कर्मचारी भी वहां तक पहुंच बना सके। उसकी समय पर सुनवाई और मेरिट के आधार पर मामलों का निस्तारण हो, यह जरूरी है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। सीएम ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि संविधान शिल्पी डॉ. आंबेडकर की जयंती दलित, वंचित वर्ग को न्याय दिलाने के रूप में मनाई जा रही है। हमारे न्यायालय में बहुत मामले लंबित हैं, इसलिए ट्रिब्यूनल के स्तर पर मामलों की अलग से सुनवाई हो। ट्रिब्यूनल समयबद्ध तरीके से न्याय प्रदान कर सके, यह सरकार की प्राथमिकता में है। कैट की भूमिका भी ऐसी ही है। केंद्रीय सरकार से जुड़े हुए विभिन्न सरकारी उपक्रम और शासकीय व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों और कर्मियों को न्याय देने में कैट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आज यहां पर 16 जिलों के केंद्रीय कर्मियों के लिए कैट की व्यवस्था की गई है। मुझे विश्वास है कि किसी मजबूरी में कर्मियों को यहां आना पड़ा तो उन्हें न्याय मिलेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष कैट नई दिल्ली न्यायमूर्ति रणजीत मोरे, विभागाध्यक्ष कैट लखनऊ न्यायमूर्ति अनिल कुमार ओझा, प्रशासनिक सदस्य कैट लखनऊ संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

**सुशासन की पहली शर्त है रूल ऑफ लॉ...**


# ग्वालियर में मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए छात्रों की पहली पसंद वरदानी क्लासेस

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



**डॉ. करण वर्धानी**
निर्देशक, वर्धानी बायोलॉजी क्लासेज

ग्वालियर के शैक्षणिक परिदृश्य में वर्धानी क्लासेस एक भरोसेमंद और लोकप्रिय नाम बन चुका है। संस्थापक एवं सीईओ डॉ. करण वर्धानी के मार्गदर्शन में यह संस्थान NEET और IIT-JEE जैसी कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रभावशाली तैयारी करवाता है।संस्थान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां सिर्फ पढ़ाई नहीं, बल्कि छात्रों की सोच, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को भी मज़बूत किया जाता है। 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए यह संस्थान फाउंडेशन कोर्स के साथ-साथ बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक समग्र तैयारी कराता है।




# बर्जर पेंट्स ने लॉन्च की गर्मी गॉन, ठंडक ऑन पहल

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड जो देश की दूसरी सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ रही पेंट कंपनी है, ने अपने नए होम कूलिंग पेंट्स लॉन्च किए हैं। इनमें वेदरकोट एंटी डस्ट कूल, रूफ कूल एंड सील और टैंक कूल पेंट्स शामिल हैं। कंपनी ने गर्मी और तापमान में लगातार बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए ये पेंट्स बनाए हैं। लोगों को घर को ठंडा रखने के लिए अच्छे और पर्यावरण के अनुकूल समाधानों की जरूरत है। ये पेंट्स घर को ठंडा रखने में मदद करते हैं और पर्यावरण को नुकसान पहुँचाए बिना आरामदायक माहौल प्रदान करते हैं। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव बेहद गंभीर हो रहे हैं। इससे शहरों में अर्बन हीट आइलैंड की समस्या बढ़ रही है, जहाँ ज्यादा आबादी, कंक्रीट की इमारतें और कम पेड़-पौधों की वजह से तापमान बहुत ज्यादा रहता है। इसके कारण लोग घर को ठंडा रखने के लिए एयर कंडीशनर का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे बिजली की खपत और बिल दोनों ही तेजी से बढ़ रहे हैं। साथ ही, बिजली की ज्यादा माँग से न सिर्फ पॉवर ग्रिड पर दबाव पड़ता है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ता है, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है।

Berger
100 YEARS OF TRUST

बढ़ते तापमान से निपटने के लिए घर को ठंडा रखने वाले ड्यूरेबल प्रोडक्ट्स बहुत जरूरी हो गए हैं, खासकर उन इलाकों में जहां गर्मी ज्यादा पड़ती है और लोग अलग-अलग घरों में रहते हैं। बर्जर पेंट्स ने भारतीय घरों को ठंडा रखने के लिए एक आसान, किफायती और पर्यावरण के अनुकूल तकनीक अपनाई है। अपनी होम कूलिंग पेंट्स रेंज 'वेदरकोट एंटी डस्ट कूल, रूफ कूल एंड सील और टैंक कूल' के जरिए कंपनी ने ऐसे पेंट्स बनाए हैं, जो घर के अंदर का तापमान काफी कम कर सकते हैं। इनके इस्तेमाल से बिजली की खपत अधिक करने वाले कूलिंग साधनों पर निर्भरता कम हो जाती है। ये पेंट्स आसानी से इस्तेमाल किए जा सकते हैं, सस्ते हैं और कम तकनीक की जरूरत रखते हैं। इसलिए, ये उन परिवारों के लिए बहुत उपयोगी हैं, जिनकी आमदनी कम है और जो एयर कूलर जैसे साधन नहीं खरीद सकते। बर्जर पेंट्स के ये होम कूलिंग पेंट्स तापमान को 10 डिग्री सेल्सियस तक कम कर सकते हैं। ये गर्मी को सतहों तक पहुँचने से रोकते हैं, जिससे गर्म शहरों में बिजली की बचत होती है और पर्यावरण के अनुकूल जीवन को बढ़ावा मिलता है। आजकल बिजली की बचत और पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा मिल रहा है। बर्जर पेंट्स के ये कूलिंग प्रोडक्ट्स भारतीय घरों को गर्मी से राहत देते हैं। ये बिजली खाने वाले उपकरणों की जरूरत कम करते हैं और आसान तरीके से सतह को ठंडा रखकर पर्यावरण के अनुकूल रहने में मदद करते हैं।

### डीसीपी वरुणा किए गए डीजीपी ऑफिस अटैच

**वाराणसी।** कमिश्नरेट के वरुणा जोन की 19 वर्षीय युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में त्वरित गति से तरीके कार्रवाई न हो पाने का खामियाजा डीसीपी चंद्रकांत मीना को भुगताना पड़ा। सोमवार की देर रात 2018 बैच के आईपीएस चंद्रकांत मीना को डीजीपी ऑफिस से अटैच कर दिया गया।

# शिक्षा, साहित्य और समाज सेवा में मिसाल बना ग्वालियर का लाल रत्नेश

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

शिक्षा, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले ग्वालियर निवासी रत्नेश गुप्ता ने न सिर्फ अपने जिले, बल्कि समूचे प्रदेश का नाम रौशन किया है। साधारण परिवेश से निकलकर असाधारण उपलब्धियाँ हासिल करने वाले इस व्यक्तित्व की कहानी आज लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। अलमपुर, भिंड और महेश्वर जैसे शहरों में शिक्षा ग्रहण करने वाले इस प्रतिभाशाली छात्र ने 8वीं कक्षा में मेरिट स्कॉलर बनकर अपनी मेधा का परिचय दिया। इसके बाद खरगोन जिले में हाई स्कूल की परीक्षा में टॉप कर उन्होंने शैक्षिक उत्कृष्टता की मिसाल पेश की। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं में उनका प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा– 1000 का नकद पुरस्कार और इंदौर डिवीजन में ओवरऑल फर्स्ट प्राइज उनकी उपलब्धियों में शामिल हैं। सिर्फ शिक्षा ही नहीं, साहित्य के क्षेत्र में भी इनकी पहचान किसी परिचय की मोहताज नहीं है। उनकी पुस्तक ऐसा देश है मेरा को इंडियन लिटरेचर आर्ट्स सोसाइटी, बैंगलोर द्वारा भारतीय साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्हें भारत काव्य रत्न सम्मान भी प्राप्त हुआ, जो उनकी गहन साहित्यिक सोच और संवेदनशील लेखनी का प्रमाण है। सामाजिक क्षेत्र में भी उनकी भूमिका सराहनीय रही है। उन्हें बेस्ट टीचर एजुकेटर और मोस्ट इंस्पायरिंग सोशल वर्कर ऑफ द ईयर 2025 जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया है। शिक्षा और समाज सेवा के लिए उनका समर्पण अनगिनत लोगों के जीवन को दिशा और प्रेरणा दे रहा है। इसके अलावा, कविता के क्षेत्र में भी वे पीछे नहीं रहे– बेस्ट पोएट ऑफ द ईयर 2025 का सम्मान उनकी रचनात्मकता और भावनात्मक गहराई का प्रतीक है। उनकी यह यात्रा इस बात का प्रमाण है कि यदि संकल्प मजबूत हो और मेहनत निरंतर हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। यह प्रेरणादायक व्यक्तित्व आज के युवाओं के लिए एक आदर्श है, जो दर्शाता है कि सीमित संसाधनों के बावजूद भी महानता प्राप्त की जा सकती है।







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक गोपाल श्रीवास्तव, द्वारा मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड प्लॉट नं.36 इंडस्ट्रियल एरिया चनाटोरिया सागर (म.प्र.) से मुद्रित एवं तिरुपतिपुरम, अशोक विहार कॉलोनी के पीछे तीली वार्ड सागर, से प्रकाशित। स्थानीय संपादक-संजय कुमार गुप्ता*, मोबाईल न. 9424880832
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, ई मेल- sattasudharbpl@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। 0755-4002626, 4939910